इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मनोऽनुविधीयते ।
तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसि ६७

तस्माद्यस्य महाबाहो निगृहीतानि सर्वशः ।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता

जो मन दौड़ती हुई इन्द्रियों का अनुयायी बना दिया जाता है वह मन इस (प्राणी) की बुद्धि को हर लेता है, जैसे जल में नौका को वायु ॥ ६७ ॥ इस लिये हे महाबाहु ! जिस की इन्द्रियां सब विषयों से रुकी हुई हैं, उस की बुद्धि स्थिर होती है ॥ ६८ ॥

या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः

आपूर्यमाणमचलप्रतिष्ठं समुद्रमापः प्रवि-
शन्ति यद्वत् । तद्वत्कामा यं प्रविशन्ति सर्वे
स शान्तिमाप्नोति न कामकामी ॥ ७० ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जो सब प्राणियों की रात्री है उस में संयमी पुरुष जागता है। जिस (दशा) में प्राणी जागते हैं वह समाखे मितभाषी की रात्री है ॥ ६९ ॥ जिस प्रकार नदी आदि के जल सब ओर से भरे हुए अचल स्थिर समुद्र में प्रविष्ट हो जाते हैं, इसी प्रकार जिस (स्थिर योगी) में कामनाएं प्रविष्ट हो जाती हैं वह शान्ति को प्राप्त होता है, न कि कामों की कामना करने वाला ७०

विहाय कामान् यः सर्वान्पुमांश्चरति निस्पृहः
निर्ममो निरहङ्कारः स शान्तिमधिगच्छति ७१
एषा ब्राह्मी स्थितिः पार्थ! नैनां प्राप्य विमुह्यति
स्थित्वाऽस्यामन्तकालेपि ब्रह्मनिर्वाणमृच्छति

जो पुरुष इच्छारहित हुवा सब कामों को त्याग कर ममतारहित, अहङ्काररहित विचरता है वह शान्ति को प्राप्त होता है ॥ ७१ ॥ हे पार्थ! यह ब्रह्मसम्बन्धिनी स्थिति (अवस्था) है, इस को पाकर मोह नहीं रहता, इस में ठहर कर अन्तकाल में भी ब्रह्म केसी स्थिति (मुक्ति) को प्राप्त हो जाता है ॥ ७२ ॥

ओं तत्सदिति
श्रीमद्भगवद्गीतायां ब्रह्मविद्यायां
श्रीकृष्णार्जुनसंवादे सांख्ययोगो नाम
द्वितीयोऽध्यायः

॥ २ ॥

यह श्रीमद्भगवद्गीता में सांख्य योग नाम का
द्वितीय अध्याय समाप्त हुवा ॥ २ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओ३म्

अथ तृतीयाध्यायः

अर्जुनउवाच-

ज्यायसीचेत्कर्मणस्ते मता बुद्धिर्जनार्दन ! ।
तत् किं कर्मणि घोरे मां नियोजयसि केशव ! ॥
व्यामिश्रेणेव वाक्येन बुद्धिं मोहयसीव मे ।
तदेकं वद निश्चित्य येन श्रेयोऽहमाप्नुयाम् २

अर्जुन ने कहा कि हे जनार्दन ! यदि आप के मत में कर्म से ज्ञान श्रेष्ठ है तो हे केशव ! मुझ को घोरकर्म (युद्ध) में क्यों लगाते हो ? ॥ १ ॥ रिले मिले से वाक्य से तो मेरी बुद्धि को मोह से में डालते हो । निश्चय करके वह एक (बात) कहो, जिस से मैं कल्याण को प्राप्त होऊं ॥ २ ॥

श्रीभगवानुवाच

लोकेऽस्मिन् द्विविधा निष्ठा पुराप्रोक्ता मयाऽनघ
ज्ञानयोगेन सांख्यानां कर्मयोगेन योगिनाम् ३
न कर्मणामनारम्भान्नैष्कर्म्यं पुरुषोऽश्नुते ।
न च संन्यसनादेव सिद्धिं समधिगच्छति ४

श्रीकृष्ण ने कहा कि हे निष्पाप ! इस संसार में दो प्रकार की श्रद्धा है, जो मैंने तुम से पहले वर्णन

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

की। १-सांख्याचार्यों की ज्ञानयोग से, २-योगियों की कर्मयोग से ॥ ३ ॥ न तो कर्मों के न करने से मनुष्य नैष्कर्म्य के फल को पाता है और न त्याग से ही सिद्धि को प्राप्त होता है (किन्तु स्वधर्मानुसार विहित कर्म को करना और समयानुसार उस का त्याग ही सिद्धि दायक है) ॥ ४ ॥

न हि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः ५
कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन्
इन्द्रियार्थान् विमूढात्मा मिथ्याचारः सउच्यते

क्योंकि कभी कोई क्षण भर भी कर्म न करता हुवा नहीं रह सकता, प्रकृति के गुणों (सत्त्व, रज, तम) से विवश होकर सब को कर्म करना पड़ता है (जब तक प्राकृत शरीर है तब तक कुछ न कुछ कर्म अवश्य होना है) ॥ ५ ॥ जो मूढचित्त कर्मेन्द्रियों को रोककर मन से इन्द्रियों के विषयों का ध्यान करता रहता है वह मिथ्या आचार वाला कहाता है ॥ ६ ॥

यस्त्विन्द्रियाणि मनसा नियम्यारभतेऽर्जुन!
कर्मेन्द्रियैः कर्मयोगमसक्तः स विशिष्यते ७
नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः।
शरीरयात्राऽपि च ते न प्रसिद्ध्येदकर्मणः ८

परन्तु हे अर्जुन! जो आसक्तिरहित मन से इन्द्रियों को वश करके कर्मेन्द्रियों से कर्मयोग का अनुष्ठान करता है वह विशेष कहा जाता है ॥ ७ ॥ अकर्म से कर्म श्रेष्ठ

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

है, इस लिये नियत कर्म कर (क्योंकि) विना कर्म तेरी देहयात्रा भी सिद्ध न होगी ॥ ८ ॥

यज्ञार्थात्कर्मणोऽन्यत्र लोकोऽयं कर्मबन्धनः
तदर्थं कर्म कौन्तेय मुक्तसङ्गः समाचर ॥ ९ ॥
सहयज्ञाः प्रजाः सृष्ट्वा पुरोवाच प्रजापतिः ।
अनेन प्रसविष्यध्वमेष वोऽस्त्विष्टकामधुक् १०

हे कुन्ती के पुत्र! यज्ञनिमित्तक कर्म से अन्य (कर्मों) में यह लोक कर्मबन्धन वाला है, (इस लिये तू) आसक्ति से मुक्त रहता हुवा उस (यज्ञ) के लिये अच्छे प्रकार कर्म कर (धर्मानुकूल युद्ध क्षत्रिय का यज्ञ है) ॥ ९ ॥ प्रजापति ने पूर्व (सृष्ट्युत्पत्तिकाल) में यज्ञों सहित प्रजाओं को उत्पन्न करके (वेद द्वारा) कहा कि इस (यज्ञ) से (तुम) सब कुछ उत्पन्न करलो, यह (यज्ञ) तुम्हारी मनोवाञ्छित कामनाओं का पूर्ण करने वाला होवेगा ॥ १० ॥

देवान् भावयताऽनेन ते देवा भावयन्तु वः ।
परस्परं भावयन्तः श्रेयः परमवाप्स्यथ ११
इष्टान्भोगान्हि वो देवा दास्यन्ते यज्ञभाविताः
तैर्दत्तानप्रदायैभ्यो यो भुङ्क्ते स्तेन एव सः १२

(तुम) इस (यज्ञ) से देवतों को प्रसन्न करो, वे देवता तुम को प्रसन्न करें, (ऐसे) एक दूसरे को प्रसन्न करते हुए परम कल्याण को पाओगे ॥ ११ ॥ यज्ञ से प्रसन्न हुए देवता तुम को मनोवाञ्छित भोग देवेंगे । उनके दिये (भोगों) को जो पुरुष उन (देवतों) को

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

न देकर भोगता है वह अवश्य चोर है (मनुष्यों के सब भोग्य पदार्थ यज्ञतुष्ट देवतों की सहायता से उत्पन्न होते हैं इस लिये जो मनुष्य देवनिमित्तक यज्ञ वैश्वदेवादि विना किये भोजन करता है वह चोर हुवा) ॥ १२ ॥

यज्ञशिष्टाशिनः सन्तो मुच्यन्ते सर्वकिल्बिषैः
भुञ्जते ते त्वघं पापा ये पचन्त्यात्मकारणात्
अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसंभवः ।
यज्ञाद्भवति पर्जन्योयज्ञः कर्मसमुद्भवः ॥१४॥

यज्ञशेष का भोजन करते हुए सब पापों से मुक्त हो जाते हैं परन्तु वे पापी जो केवल अपने लिये पाक करते हैं, पाप को खाते हैं ॥१३॥ अन्न से प्राणी होते हैं, अन्न की उत्पत्ति मेघ से, मेघ यज्ञ से होता है, यज्ञ कर्म से उत्पन्न होता है ॥ १४ ॥

कर्म ब्रह्मोद्भवं विद्धि ब्रह्माक्षरसमुद्भवम् ।
तस्मात्सर्वगतं ब्रह्म नित्यं यज्ञे प्रतिष्ठितम् १५
एवं प्रवर्तितं चक्रं नानुवर्तयतीह यः ।
अघायुरिन्द्रियारामो मोघं पार्थ स जीवति ॥

कर्म को वेद से उत्पन्न हुवा जान, वेद अविनाशी (ईश्वर) से उत्पन्न हुवा है इस लिये नित्य सर्वगत ब्रह्मयज्ञ में प्रतिष्ठित है ॥ १५ ॥ हे पार्थ ! जो पुरुष इस प्रकार (ईश्वर के) चलाये हुए चक्र के अनुकूल वर्ताव नहीं करता है वह पापजीवन, इन्द्रियाराम व्यर्थ जीता है ॥ १६ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यस्त्वात्मरतिरेव स्यादात्मतृप्तश्च मानवः ।
आत्मन्येव च सन्तुष्टस्तस्य कार्यं न विद्यते १७
नैव तस्य कृतेनार्थो नाकृतेनेह कश्चन ।
न चास्य सर्वभूतेषु कश्चिदर्थव्यपाश्रयः १८

परन्तु जो मनुष्य आत्मा ही में रति रखने वाला और आत्मा से ही तृप्त तथा आत्मा में ही सन्तुष्ट हो, उस को (कुछ) कर्तव्य नहीं है ॥ १७ ॥ (क्योंकि) इस संसार में उस का न तो किये से कोई प्रयोजन है, न विना किये से और न उस का सब प्राणियों में कोई परस्पर अर्थसम्बन्ध है ॥ १८ ॥

तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर ।
असक्तोह्याचरन्कर्म परमाप्नोति पूरुषः १९
कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः ।
लोकसंग्रहमेवापि संपश्यन्कर्तुमर्हसि ॥२०॥

इस लिये तू सङ्गरहित हुवा निरन्तर भले प्रकार कर्म कर, क्योंकि निःसङ्ग पुरुष कर्म करता हुवा परमेश्वर को प्राप्त हो जाता है ॥ १९ ॥ क्योंकि कर्म से ही जनकादि (ज्ञानी) सिद्धि को पागये । लोकसंग्रह पर ध्यान देते हुए भी (तुझ को) कर्म करना चाहिये ॥२०॥

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरोजनः ।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्त्तते ॥२१॥
न मे पार्थास्ति कर्त्तव्यं त्रिषु लोकेषु किञ्चन ।
नानवाप्तमवाप्तव्यं वर्त्तएव च कर्मणि ॥२२॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(लोकसंग्रह को अगले श्लोक में समझाते हैं)
उत्तम पुरुष जो २ आचरण करता है वही (आचरण)
अन्य पुरुष करता है। वह जिस बात का प्रमाण करता
है, संसार उस के अनुकूल वर्तता है ॥ २१ ॥ हे अर्जुन !
मुझ को तीनों लोक में कुछ कर्तव्य नहीं है, न कुछ
अप्राप्त है जो प्राप्त करना हो, तौ भी कर्मकाण्ड में ही
वर्तता हूं ॥ २२ ॥

यदि ह्यहं न वर्तेय जातु कर्मण्यतन्द्रितः ।
मम वर्त्मानुवर्त्तन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः॥२३॥
उत्सीदेयुरिमे लोका न कुर्यां कर्म चेदहम् ।
सङ्करस्य च कर्त्ता स्यामुपहन्यामिमाः प्रजाः२४

क्योंकि यदि कदाचित मैं निरालस्य होकर कर्म में
प्रवृत्त न होऊं (तो) हे अर्जुन ! सब मनुष्य मेरे मार्ग
के पीछे चलते हैं ॥ २३ ॥ यदि मैं कर्म न करूं तो ये
लोग उखड़ जावें और मैं वर्णसङ्कर का कर्ता हो जाऊं,
(और) इन प्रजाओं को नष्ट करने लगूं ॥ २४ ॥

सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत ।
कुर्याद्विद्वांस्तथाऽसक्तश्चिकीर्षुर्लोकसंग्रहम्२५
न बुद्धिभेदं जनयेदज्ञानां कर्मसङ्गिनाम् ।
जोषयेत् सर्वकर्माणि विद्वान्युक्तःसमाचरेत्२६

हे भारत ! विद्वान् को चाहिये कि जिस प्रकार
अविद्वान् लोग कर्म में फंसे हुए (कर्म) करते हैं, उसी
प्रकार संसार की भलाई करना चाहता हुवा विना फंसा
(कर्म) करता रहे ॥ २५ ॥ विद्वान् को चाहिये कि

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

भले प्रकार से सब कर्मों को करता हुवा मन लगाये रहे, कर्मों में आसक्त (ज्ञानकाण्ड से) अनभिज्ञों की बुद्धि में भेद (फ़र्क़) न उत्पन्न करे (बल्कि) कर्मों का सेवन करने दे ॥ २६ ॥

प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः ।
अहङ्कारविमूढात्मा कर्ताऽहमिति मन्यते ॥२७॥
तत्त्ववित्तु महाबाहो गुणकर्मविभागयोः ।
गुणा गुणेषु वर्तन्त इति मत्वा न सज्जते ॥२८॥

अहङ्कार से आत्मा को भूला हुवा समझता है कि मैं (केवल आत्मा) कर्ता हूं । (वास्तव में) सब कर्म प्रकृति के गुणों से किये जाते हैं ॥ २७ ॥ हे महाबाहु ! गुणों और कर्मों के भेदों का तत्त्व जानने वाला ऐसा समझ कर नहीं आसक्त होता कि गुण गुणों में प्रवृत्त हो रहे हैं ॥ २८ ॥

प्रकृतेर्गुणसंमूढाः सज्जन्ते गुणकर्मसु ।
तानकृत्स्नविदो मन्दान् कृत्स्नविन्न विचालयेत् ॥
मयि सर्वाणि कर्माणि संन्यस्याध्यात्मचेतसा ।
निराशीर्निर्ममो भूत्वा युद्धस्व विगतज्वरः ३०

प्रकृति के गुणों से पूर्णतया मुग्ध हुए लोग गुणों के कर्मों में फंसे रहते हैं, पूर्ण ज्ञानी को चाहिये कि उन अपूर्ण ज्ञानी मन्द अधिकारियों को बिचालें नहीं ॥२९॥ तू अध्यात्मचित्त से मेरे ऊपर सब कर्मों को डाल कर आशा और ममता से रहित होकर निश्चिन्त हो युद्ध में प्रवृत्त होजा ॥ ३० ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ये मे मतमिदं नित्यमनुतिष्ठन्ति मानवाः ।
श्रद्धावन्तोऽनसूयन्तोमुच्यन्ते तेपि कर्मभिः ३१
ये त्वेतदऽभ्यसूयन्तोनानुतिष्ठन्ति मे मतम् ।
सर्वज्ञानविमूढांस्तान् विद्धि नष्टानऽचेतसः ३२

जो मनुष्य ईर्ष्या न करते हुए, श्रद्धा रखते हुए मेरी इस सम्मति पर सदा अनुष्ठान (अमल) करते हैं वे भी कर्मों से मुक्त हो जाते हैं ॥ ३१ ॥ परन्तु जो ईर्ष्या करने वाले मेरी इस सम्मति पर अनुष्ठान नहीं करते, उन को समस्त ज्ञानकाण्ड से अनभिज्ञ, अचेत और नष्ट जानो ॥ ३२ ॥

सदृशं चेष्टते स्वस्याः प्रकृतेर्ज्ञानवानपि ।
प्रकृतिं यान्ति भूतानि निग्रहः किं करिष्यति
इन्द्रियस्येन्द्रियस्यार्थे रागद्वेषौ व्यवस्थितौ ।
तयोर्न वशमागच्छेत्तौ ह्यस्य परिपन्थिनौ ३४

(जब कि) ज्ञानवान् भी अपनी प्रकृति के अनुसार चेष्टा करता है, सब प्राणी प्रकृति के अनुकूल चलते हैं तब निग्रह वशीकरण क्या करेगा ॥३३॥ इन्द्रिय इन्द्रियके विषय में राग और द्वेष उपस्थित हैं उन के वश में न आना चाहिये क्योंकि वे इसके मार्ग रोकने वाले=शत्रु हैं॥

श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात् ।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः ॥३५॥

अर्जुन उवाच—

अथ केन प्रयुक्तोऽयं पापं चरति पूरुषः ।
अनिच्छन्नपि वार्ष्णेय बलादिव नियोजितः

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

* अच्छे प्रकार अनुष्ठान किये हुए भी पराये कर्तव्य से अपना कर्तव्य चाहे गुणरहित हो, उत्तम है। अपने कर्तव्य में मर जाना अच्छा है, पराया कर्तव्य भय से भरपूर है ॥ ३५ ॥ अर्जुन ने कहा कि हे वृष्णिवंशी! (श्री कृष्ण !) तो फिर यह मनुष्य न चाहता हुवा भी बलात्कार से जुटाया हुवा सा, किस से प्रेरित हुवा पाप करने लगता है ॥ ३६ ॥

श्रीभगवानुवाच—

काम एष क्रोध एष रजोगुणसमुद्भवः।
महाशनोमहापाप्मा विद्धयेनमिह वैरिणम्३७
धूमेनाव्रियते वन्हिर्यथाऽऽदर्शोमलेन च।
यथोल्बेनावृतोगर्भस्तथा तेनेदमावृतम् ३८

श्रीकृष्ण ने कहा कि यह काम यह क्रोध रजोगुण से उत्पन्न होने वाला बड़ा भक्षक बड़ा पापी है, इस संसार में इस को वैरी जान ॥ ३७ ॥ जिस प्रकार धुयें से अग्नि और मैल से दर्पण ढकजाता है, जैसे झिल्ली से गर्भ ढका होता है, ऐसे ही उस (काम क्रोध) से यह (संसार) दबा हुवा है ॥ ३८ ॥

आवृतं ज्ञानमेतेन ज्ञानिनो नित्यवैरिणा।
कामरूपेण कौन्तेय दुष्पूरेणानलेन च ॥३९॥
इन्द्रियाणि मनो बुद्धिरस्याधिष्ठानमुच्यते।
एतैर्विमोहयत्येष ज्ञानमावृत्य देहिनम् ॥४०॥

इस पूरा न पड़ने वाले, ज्ञानी के नित्य वैरी, काम रूप अग्नि से, हे अर्जुन ! ज्ञान दबा हुवा है ॥ ३९ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इन्द्रियां, मन, बुद्धि इस (काम) के रहने के स्थान कहे जाते हैं, इन (इन्द्रिय, मन और बुद्धि) से ज्ञान को ढककर यह (काम) प्राणी को मोहित कर लेता है

तस्मात्त्वमिन्द्रियाण्यादौ नियम्य भरतर्षभ।
पाप्मानं प्रजहि ह्येनं ज्ञानविज्ञाननाशनम् ४१
इन्द्रियाणि पराण्याहुरिन्द्रियेभ्यः परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धेः परतस्तु सः ॥४२॥

इस लिये हे भरतकुलश्रेष्ठ ! तू प्रथम इन्द्रियों को निग्रह करके इस ज्ञानविज्ञाननाशक पापी (काम) को मार कर गिरा ॥ ४१ ॥ कहते हैं कि इन्द्रियां सूक्ष्म हैं, मन इन्द्रियों से सूक्ष्म है; परन्तु बुद्धि मन से सूक्ष्म है, जो बुद्धि से भी सूक्ष्म है वह यह (आत्मा) है ४२

एवं बुद्धेः परं बुद्ध्वा संस्तभ्यात्मानमात्मना
जहि शत्रुं महाबाहो कामरूपं दुरासदम् ॥४३॥

हे महाबाहो ! इस प्रकार बुद्धि से परे मान कर, मन से आत्मा को थांभ कर, जिस के समीप जाना बुरा है, उस कामरूपी शत्रु को मार ॥ ४३ ॥

ओं तत्सदिति

श्रीमद्भगवद्गीतायां ब्रह्मविद्यायां
श्रीकृष्णार्जुनसंवादे कर्मयोगो नाम
तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

यह श्रीमद्भगवद्गीता में कर्मयोग नाम का
तृतीय अध्याय समाप्त हुआ ॥ ३ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओ३म्

अथ चतुर्थाध्यायः

श्रीभगवानुवाच-

इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययम् ।
विवस्वान्मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽब्रवीत् १
एवं परम्पराप्राप्तमिमं राजर्षयोविदुः ।
स कालेनेह महता योगोनष्टः परन्तप ॥ २॥

श्रीकृष्ण बोले कि मैंने इस योग (युक्ति) का विवस्वान् को उपदेश किया था । विवस्वान् ने मनु से कहा, मनु ने इक्ष्वाकु से कहा था ॥ १ ॥ हे शत्रुतापी ! इस प्रकार परम्परा से चले आते हुए इस (योग) को राजर्षि लोक जानते रहे, वह योग बहुत समय से इस संसार में नष्ट हो गया ॥ २ ॥

स एवायं मया तेऽद्य योगः प्रोक्तः पुरातनः ।
भक्तोऽसि मे सखा चेति रहस्यं ह्येतदुत्तमम् ३

अर्जुनउवाच-

अपरं भवतो जन्म परं जन्म विवस्वतः ।
कथमेतद्विजानीयां त्वमादौ प्रोक्तवानिति ४

तू मेरा भक्त और मित्र है, इस कारण वही प्राचीन योग आज यह मैंने तुझ से कह दिया है, यह तो उत्तम रहस्य=हर किसी से छिपाने योग्य है ॥३॥ अर्जुन

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ने कहा कि आप का जन्म वरला है और विवस्वान् का पहले हो चुका, (तब) मैं यह कैसे जानूं कि आप ने आदि में (विवस्वान् को) उपदेश किया था ॥४॥

श्रीभगवानुवाच-

बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन ।
तान्यहं वेद सर्वाणि न त्वं वेत्थ परन्तप ॥५॥
अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय संभवाम्यात्ममायया ६

श्रीकृष्ण बोले कि हे अर्जुन ! मेरे और तेरे बहुत से जन्म व्यतीत हो चुके हैं; (परन्तु) हे शत्रुतापी ! उन सब (जन्मों) को मैं (योगबल से) जानता हूं, तू नहीं जानता ॥ ५॥ यद्यपि (मैं) अजन्मा, अविनाशी और भूतों (पञ्चतत्त्वात्मक देहों) का ईश्वर=स्वामी हूं (तो भी) अपनी प्रकृति का अधिष्ठाता हो कर अपनी माया (प्रकृति) से जन्म लेता हूं (योगीश्वर होने से कृष्ण कहते हैं कि अन्य जीव तो यद्यपि स्वभाव से अजर और अमर तथा जड़तत्त्वों पर सामर्थ्य रखने वाले हैं तो भी प्रकृति के आधीन हो जाते हैं, परन्तु मैं स्वरूप से अन्य जीवों के समान ही हूं तो भी योग बल अर्थात् अपनी माया=विचार शक्ति से इतना बल रखता हूं कि प्रकृति का अधिष्ठाता हो कर जन्म लेता हूं, न कि अन्यों के समान प्रकृति का दास होकर) ॥६॥

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्
धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे ॥८॥

* हे भरतकुलोत्पन्न ! जब जब भी धर्म की ग्लानि=अवनति, अधर्म की उन्नति होती है तब तब मैं आपे को उत्पन्न करता हूं (जन्म लेता हूं) ॥७॥ * मैं साधुओं की रक्षा के लिये और कुकर्मियों का नाश करने के लिये, धर्म को अच्छे प्रकार स्थापन करने के लिये युग २ में जन्म लेता हूं ॥ ८ ॥

जन्म कर्म च मे दिव्यमेवं योवेत्ति तत्त्वतः
त्यक्त्वा देहं पुनर्जन्म नैति मामेति सोऽर्जुन ९
वीतरागभयक्रोधा मन्मया मामुपाश्रिताः ।
बहवोज्ञानतपसा पूता मद्भावमागताः ॥१०॥

* हे अर्जुन ! जो कोई इस प्रकार से मेरे दिव्य जन्म और कर्म को वास्तव में समझ लेता है वह देह को त्याग कर पुनर्जन्म को नहीं पाता (बल्कि) मुझको प्राप्त हो जाता=मेरे समान मुझसा हो जाता है ॥ ९ ॥ * (तो क्या श्रीकृष्ण के समान और भी बहुत से जीव ऐसी अवस्था को प्राप्त हो गये हैं कि अपनी इच्छा से जब चाहें जन्म लें । उत्तर-हां, श्रीकृष्ण कहते हैं कि) जिन का राग, भय और क्रोध दूर हो गया, मुझ में तत्पर, मेरा (मुक्त जीव का) आश्रय लेने वाले बहुत से पवित्र पुरुष ज्ञान तप के बल से मेरी अवस्था को प्राप्त होगये हैं ॥ १० ॥

ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः ११
काङ्क्षन्तः कर्मणां सिद्धिं यजन्तइह देवताः।
क्षिप्रं हि मानुषे लोके सिद्धिर्भवति कर्मजा १२

* जो मनुष्य जिस प्रकार मेरा शरण लेते हैं और सब प्रकार मेरे मार्ग के अनुयायी हो कर चलते हैं, हे कुन्तिपुत्र! मैं भी उन की वैसी ही सेवा करता हूं ॥ ११ ॥ कर्मों की सिद्धि के चाहने वाले इस लोक में देवतों का पूजन करते हैं (यज्ञ करते हैं) क्योंकि मनुष्य-लोक में कर्म से उत्पन्न होने वाली सिद्धि शीघ्र होती है १२

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।
तस्य कर्तारमपि मां विद्ध्यकर्तारमव्ययम् १३
न मां कर्माणि लिम्पन्ति न मे कर्मफले स्पृहा
इति मां योऽभिजानाति कर्मभिर्न स बध्यते

* मैंने गुण और कर्मों के विभागानुसार चारों वर्णों को उत्पन्न किया (अर्थात् मैं गुण, कर्म, स्वभावानुसार कभी ब्राह्मणवर्ण को, कभी क्षत्रिय, कभी वैश्य और कभी शूद्रवर्ण को प्राप्त हुवा हूं) मुझ अविनाशी को उस (जन्म) के अकर्त्ता को भी कर्त्ता समझो ॥१३॥
* कर्म मुझ को लिप्त नहीं होते, (बन्धन में नहीं डालते, क्योंकि) मेरी कर्मफल में लालसा नहीं है, जो मुझ को इस प्रकार पहचान लेता है, वह कर्मों से बन्धन को नहीं प्राप्त होता ॥ १४ ॥

एवं ज्ञात्वा कृतं कर्म पूर्वैरपि मुमुक्षुभिः।
कुरु कर्मैव तस्मात्त्वं पूर्वैः पूर्वतरं कृतम् १५

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

किं कर्म किमकर्मेति कवयोऽप्यत्र मोहिताः
तत्ते कर्म प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यसेऽशुभात्

ऐसा समझ कर पूर्वज मुमुक्षुओं ने भी कर्म किया है, इस लिये तू भी कर्म को कर, पहलों ने बहुत पहले किया है ॥ १५ ॥ इस विषय में बहुत से विद्वान् भी भूले हैं कि कर्म क्या है और अकर्म क्या है ? उस कर्म को तुझे बतलाऊंगा जिस को जान कर तू पाप से बच जावेगा ॥ १६ ॥

कर्मणो ह्यपि बोद्धव्यं बोद्धव्यं च विकर्मणः ।
अकर्मणश्च बोद्धव्यं गहना कर्मणो गतिः ॥१७॥
कर्मण्यकर्म यः पश्येदकर्मणि च कर्म यः ।
स बुद्धिमान् मनुष्येषु स युक्तः कृत्स्नकर्मकृत् १८

कर्म की गति गम्भीर है इस लिये कर्म को भी समझना चाहिये और विकर्म को भी समझना चाहिये और अकर्म को भी समझना चाहिये ॥ १७ ॥ * जो कोई कर्म में अकर्म को और जो अकर्म में कर्म को देख सकता है, मनुष्यों में वह बुद्धिमान् है, वह योगयुक्त हुवा सब कर्मों को करता है ॥ १८ ॥

यस्य सर्वे समारम्भाः कामसङ्कल्पवर्जिताः ।
ज्ञानाग्निदग्धकर्माणं तमाहुः पण्डितं बुधाः
त्यक्त्वा कर्मफलासङ्गं नित्यतृप्तो निराश्रयः ।
कर्मण्यभिप्रवृत्तोऽपि नैव किञ्चित्करोति सः २०

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

* जिस के सब कर्मारम्भ कामना और सङ्कल्प से रहित हैं, उस ज्ञानाग्नि से दग्धकर्मा को विद्वान् लोग पण्डित कहते हैं ॥ १९ ॥ * जो कोई कर्मफलासक्ति को त्याग कर नित्य तृप्त रहने वाला, किसी का सहारा न तकने वाला है वह कर्म में सब ओर से प्रवृत्त होता हुवा भी (मानो) कुछ नहीं करता ॥ २० ॥

निराशीर्यतचित्तात्मा त्यक्तसर्वपरिग्रहः ।
शारीरं केवलं कर्म कुर्वन्नाप्नोति किल्बिषम्
यदृच्छालाभसन्तुष्टो द्वन्द्वातीतोविमत्सरः ।
समःसिद्धावसिद्धौ च कृत्वाऽपि न निबद्ध्यते२२

इच्छाओं से रहित, चित्त और बुद्धि का वश में रखने वाला, सब बखेड़ों का त्याग चुकने वाला केवल शरीरयात्रा मात्र कर्म करता हुआ पाप को नहीं प्राप्त होता (वास्तव में पाप तो उन्हीं को लगते हैं जो नित्य नई इच्छाएं करते, बुद्धि और मन को वश में नहीं रखते और अनेक धन्धों में फंसे रहते हैं, परन्तु जो केवल शरीर के निर्वाहमात्र धर्मपूर्वक कर्म करते हैं उन को पाप कैसे लग सकता है ?) ॥ २१ ॥ अकस्मात लाभ से सन्तुष्ट रहने वाला, शीतोष्णादि द्वन्द्वों को पार कर जाने वाला, मत्सरतारहित, सिद्धि और असिद्धि में एकसा रहने वाला; (कर्म) करके भी बन्धन में नहीं पड़ता ॥ २२

गतसङ्गस्य मुक्तस्य ज्ञानावस्थितचेतसः ।
यज्ञायाचरतः कर्म समग्रं प्रविलीयते ॥२३॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ब्रह्मार्पणं ब्रह्म हविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्।
ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्मसमाधिना ॥२४॥

सङ्गरहित ज्ञान से स्थिरचित्त वाले यज्ञ के लिये कर्म का आचरण करते हुए जीवन्मुक्त का सब (कर्म) विलीन होजाता है ॥ २३ ॥ (ज्ञानयज्ञ की विधि बतलाते हैं। ब्रह्मयज्ञ में) ब्रह्म ही हव्य होता है, ब्रह्म ही के अर्पण किया जाता है, ब्रह्म अग्नि में ब्रह्म से होम किया जाता है, उस ब्रह्मकर्म में एकाग्रचित्त करने वाले (ज्ञानी) को ब्रह्म ही प्राप्त करना है (अर्थात ब्रह्मयज्ञ में बाह्य घृतादि हव्य, अग्नि, अग्निकुण्ड और होता आदि ऋत्विज् लोगों की आवश्यकता नहीं है)

दैवमेवापरे यज्ञं योगिनः पर्युपासते।
ब्रह्माग्नावपरे यज्ञं यज्ञेनैवोपजुह्वति ॥ २५ ॥
श्रोत्रादीनीन्द्रियाण्यन्ये संयमाग्निषु जुह्वति।
शब्दादीन्विषयानन्य इन्द्रियाग्निषु जुह्वति २६

दूसरे योगी लोग देवतासम्बन्धी यज्ञ की ही उपासना करते हैं और कोई ब्रह्मयज्ञ से ब्रह्माग्नि में ही यजन करते हैं (अर्थात देवयज्ञ और ब्रह्मयज्ञ दोनों यज्ञ अपनी २ अवस्था, आश्रम, आवश्यकता और अधिकार के अनुसार संसार में किये जाते हैं) ॥ २५ ॥ अन्य कोई श्रोत्रादि इन्द्रियों का संयमरूपी अग्नियों में होम करते हैं और कोई शब्दादिक विषयों को इन्द्रिय रूपी अग्नि में होम करते हैं (अर्थात विषयों को इन्द्रियों में ही समाप्त कर देते हैं, मन तक नहीं पहुंचने

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

देते किन्तु प्रत्येक विषय तन की पांचों ज्ञानेन्द्रियों से स्पर्श करता है परन्तु वे अपने मन पर उस विषय का प्रभाव नहीं होने देते और फिर विषयों की भस्मसहित इन्द्रिय रूपी काष्ठों को संयम के संयम में होम कर देतेहैं और आत्मा तक उसका प्रभाव नहीं होने देते) ॥

सर्वाणीन्द्रियकर्माणि प्राणकर्माणि चापरे ।
आत्मसंयमयोगाग्नौ जुह्वति ज्ञानदीपिते २७
द्रव्ययज्ञास्तपो यज्ञा योगयज्ञास्तथापरे ।
स्वाध्यायज्ञानयज्ञाश्च यतयः संशितव्रताः ॥२८॥

अन्य कोई लोग इन्द्रियों के सब कर्मों और प्राण के कर्मों को ज्ञान से प्रदीप्त हुए, मन के निग्रहरूप योगाग्नि में होम करते हैं (अर्थात् इन्द्रियों की क्रियाओं= श्वास, प्रश्वास आदि, इन सब कामों को रोक कर योगद्वारा जीते हुए मन में भस्म कर देते हैं) ॥ २७ ॥ द्रव्य यज्ञ वाले, तप यज्ञ वाले तथा कोई योग वाले, स्वाध्याय यज्ञ वाले, ज्ञान यज्ञ वाले और कठिन व्रत करने वाले यति यत्न करने वाले होते हैं ॥ २८ ॥

अपाने जुह्वति प्राणं प्राणेऽपानं तथा परे ।
प्राणापानगती रुद्ध्वा प्राणायामपरायणाः
अपरे नियताहाराः प्राणान्प्राणेषु जुह्वति ।
सर्वेऽप्येते यज्ञविदोयज्ञक्षपितकल्मषाः॥३०॥

और कोई अपान में प्राण का होम करते हैं, प्राण में अपान का (अर्थात) प्राण और अपान की गतियों

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

को रोककर प्राणायाम में तत्पर हो जाते हैं ॥ २९ ॥ और कोई लोग नियत आहार करने वाले प्राणों का प्राणों में होम करते हैं (अर्थात् कोई केवल जल, कोई केवल दुग्ध, और कोई केवल वायु वा थोड़ा सा फल मूल भोजन नियत करलेते हैं और इस प्रकार प्राणों को वश में करलेते हैं) ये सब ही यज्ञ के जानने वाले हैं तथा यज्ञ से पापों को दूर करने वाले हैं ॥ ३० ॥

यज्ञशिष्टामृतभुजो यान्ति ब्रह्म सनातनम् ।
नायं लोकोऽस्त्ययज्ञस्य कुतोऽन्यः कुरुसत्तम ॥
एवं बहुविधा यज्ञा वितता ब्रह्मणोमुखे ।
कर्मजान्विद्धि तान्सर्वानेवं ज्ञात्वा विमोक्ष्यसे

हे कुरुकुलश्रेष्ठ ! यज्ञ से शेष बचे अमृत का भोजन करने वाले, सनातन ब्रह्म को प्राप्त होजाते हैं किन्तु यज्ञरहित का यह लोक भी नहीं (सधता) फिर परलोक कैसे (सध सकता है) ॥ ३१ ॥ वेद के समक्ष ऐसे बहुत से यज्ञ विस्तृत हैं, उन सब को कर्म से उत्पन्न होने वाला जान, ऐसा जान कर मुक्त होजावेगा ॥३२॥

श्रेयान्द्रव्यमयाद्यज्ञाज्ज्ञानयज्ञः परन्तप ।
सर्वं कर्माखिलं पार्थ ज्ञाने परि समाप्यते ॥३३॥
तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया ।
उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः

हे शत्रुतापिन् ! द्रव्यों (घृतादि) के यज्ञ से ज्ञान का यज्ञ श्रेष्ठ है । हे पृथा के पुत्र ! निःशेष समस्त कर्म ज्ञान में सब प्रकार समाप्त होजाता है ॥३३॥ उक्त ज्ञान,

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यज्ञ को तू दण्डवत् प्रणाम करके, बूझ गछ करके, सेवा करके, जानेगा । तत्त्वदर्शी ज्ञानी लोग तुझ को उपदेश करेंगे ॥ ३४ ॥

यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव।
येन भूतान्यशेषेण द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि॥३५॥
अपि चेदसि पापेभ्यः सर्वेभ्यः पापकृत्तमः।
सर्वं ज्ञानप्लवेनैव वृजिनं संतरिष्यसि ॥३६॥

हे पाण्डव ! जिस को जानकर तू फिर ऐसे अज्ञान को न प्राप्त होगा । जिस (ज्ञान) से सम्पूर्ण चराचरों को तू अपने आत्मा में और मेरे आत्मा में देखेगा (अर्थात्) जैसे मुझे अपने आत्मा में चराचर दीखते हैं, तुझे भी अपने आत्मा में दीखेंगे, क्योंकि ज्ञानी को सब चराचर का साक्षात्कार आत्मा में होजाता है) ॥ ३५ ॥ चाहे तू सब पापियों से अधिक पापकारी भी हो (परन्तु) ज्ञान की नौका से ही सब पाप के पार होजायगा ॥ ३६ ॥

यथैधांसि समिद्धोऽग्निर्भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन ।
ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते तथा
न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते ।
तत्स्वयं योगसंसिद्धः कालेनात्मनि विन्दति

हे अर्जुन ! जैसे दहकता हुवा अग्नि इन्धनों को पूर्णतया भस्म कर देता है, ऐसे ही ज्ञान रूप अग्नि सब कर्मों को पूर्णतया भस्म करदेता है (यहां भी जैसे अग्नि

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

काष्ठों को भस्म करदेने पर भी अभाव को प्राप्त नहीं कराता, किन्तु जो काम काष्ठ से हो सकता था वह काम भस्म से नहीं हो सकता। इसी प्रकार ज्ञानाग्नि से कर्म भस्म हो जाते हैं अर्थात् फल देने में असमर्थ होजाते हैं; किन्तु अभाव को प्राप्त नहीं होजाते। यही तात्पर्य है) ॥३७॥ इस संसार में ज्ञान के सदृश पवित्र (अन्य) नहीं है। उस (ज्ञान) को योग से सिद्धि को प्राप्त होनेवाला समय पाकर स्वयं अपने आपे में ही पालेता है ॥ ३८ ॥

श्रद्धावान् लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः।
ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति
अज्ञश्चाऽश्रद्दधानश्च संशयात्मा विनश्यति।
नाऽयं लोकोऽस्ति न परो न सुखं संशयात्मनः

जितेन्द्रिय, श्रद्धालु, (ज्ञान में) लग जाने वाला, ज्ञान को पाता है, ज्ञान को पाकर शीघ्र ही परम शान्ति को प्राप्त कर लेता है ॥ ३९ ॥ परन्तु जो, स्वयं तो जानता नहीं और (दूसरे पर) श्रद्धा नहीं रखता वह संशयात्मा नष्ट होजाता है। संशयात्मा को न यह लोक है, न परलोक है, न सुख है ॥ ४० ॥

योगसंन्यस्तकर्माणं ज्ञानसंछिन्नसंशयम्।
आत्मवन्तं न कर्माणि निबध्नन्ति धनञ्जय ४१
तस्मादज्ञानसंभूतं हृत्स्थं ज्ञानासिनात्मनः।
छित्वैनं संशयं योगमातिष्ठोत्तिष्ठ भारत॥४२॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

हे अर्जुन ! योग द्वारा कर्म का संन्यास (त्याग) करने वाले, ज्ञान से संशय को काट चुकने वाले, आत्म बल से बलिष्ठ को कर्म नहीं बांध सकते ॥ ४१ ॥ इस लिये हे भरतकुलोत्पन्न ! अज्ञान से उत्पन्न हुए अपने इस हृदयस्थ संशय को ज्ञान की तलवार से छेदन करके योग का आश्रय ले, खड़ा होजा ॥४२॥

ओं तत्सदिति

श्रीमद्भगवद्गीतायां ब्रह्मविद्यायां

श्रीकृष्णार्जुनसंवादे ज्ञानविभागयोगो नाम

चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

यह श्रीमद्भगवद्गीता में ज्ञानविभाग योग

नाम का चतुर्थ अध्याय

समाप्त हुआ

॥ ४ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओ३म्

अथ पञ्चमाध्यायः

अर्जुनउवाच-

संन्यासं कर्मणां कृष्ण पुनर्योगं च शंससि ।
यच्छ्रेय एतयोरेकं तन्मे ब्रूहि सुनिश्चितम् १

श्रीभगवानुवाच-

संन्यासः कर्मयोगश्च निःश्रेयसकरावुभौ ।
तयोस्तु कर्मसंन्यासात्कर्मयोगोविशिष्यते २

अर्जुन ने कहा कि-हे कृष्ण ! तुम कर्मों के संन्यास को और योग को भी बतलाते हो । इन दोनों में से एक जो उत्तम हो वह मुझ को अच्छे प्रकार निश्चय पूर्वक बतलाओ ॥१॥ श्री कृष्णने (उत्तर में) कहा कि संन्यास (कर्मों का त्याग) और कर्मयोग (कर्मों का अनुष्ठान) दोनों कल्याण करने वाले हैं, परन्तु उन दोनों में कर्म के त्याग से कर्म का अनुष्ठान विशेष है ॥२॥

ज्ञेयःस नित्यसंन्यासी यो न द्वेष्टि न काङ्क्षति।
निर्द्वन्द्वोहि महाबाहोसुखं बन्धात्प्रमुच्यते।
सांख्ययोगौ पृथग्बालाःप्रवदन्ति नपण्डिताः
एकमप्यास्थितः सम्यगुभयोर्विन्दते फलम् ॥

जो न तो द्वेष करता है और न इच्छा करता है,

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(शीतोष्णादि) द्वन्द्वों से रहित है, उस को सदा संन्यासी ही समझना चाहिये। हे महाबाहु! (वह) सुखपूर्वक बन्धन से छूट जाता है॥३॥ मूर्ख लोग सांख्य और योग को भिन्न २ कहते हैं, पण्डित लोग नहीं (कहते)। भले प्रकार से एक का भी पूरा अनुष्ठान करने वाला दोनों के फल को प्राप्त होता है। (सांख्य=ज्ञान, योग=कर्म)॥ ४॥

यत्सांख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते।
एकं सांख्यं च योगं च यः पश्यति स पश्यति॥५

संन्यासस्तु महाबाहो दुःखमाप्तुमयोगतः।
योगयुक्तोमुनिर्ब्रह्मऽनचिरेणाधिगच्छति ६

सांख्य=ज्ञानी लोग जिस स्थान को पाते हैं उसी को योगी भी पहुंचते हैं। जो सांख्य और योगको एक (समान) देखता है वही देखता है॥५॥ हे महाबाहु! विना योग के संन्यास मिलना ही कठिन है। योग से युक्त मुनि(ज्ञानी)विना विलम्ब ब्रह्मको प्राप्त होजाता है

योगयुक्तोविशुद्धात्मा विजितात्मा जितेन्द्रियः
सर्वभूतात्मभूतात्मा कुर्वन्नपि न लिप्यते॥७॥
नैव किंचित्करोमीति युक्तोमन्येत तत्त्ववित्
पश्यन् शृण्वन् स्पृशन् जिघ्रन्नश्नन् गच्छन्
स्वपन् श्वसन्॥ ८॥

योग से युक्त, शुद्धान्तःकरण, मन का जीतने वाला, इन्द्रियों का जीतने वाला, सम्पूर्ण चराचर को अपना

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सा समझने वाला, (कर्म) करता हुवा भी लिप्त नहीं होता ॥७॥ * तत्त्वज्ञानी योगयुक्त होकर देखता, सुनता, छूता, सूंघता, खाता, चलता, सोता और श्वास लेता हुवा भी समझे कि (मैं) कुछ नहीं करता हूं ॥ ८ ॥

प्रलपन् विसृजन् गृह्णन्नुन्मिषन्निमिषन्नपि ।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेषु वर्तन्त इति धारयन् ९
ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः।
लिप्यते न स पापेभ्यः पद्मपत्रमिवाम्भसा१०

* बहुत बोलता, देता, लेता, आंखें खोलता, मींचता भी समझता रहे कि इन्द्रियां इन्द्रियों के विषयों में बर्त रही हैं ॥ ९ ॥ ब्रह्म (की अमानत) में कर्मों को स्थापित करके, आसक्ति को त्याग कर जो (कर्म) करता है वह पापसे लिप्त नहींहोता, जैसे कि कमल का पत्र पानीसे (पानीमें रहताहुवा भी लिप्त नहींहोता)॥

कायेन मनसा बुद्ध्या केवलैरिन्द्रियैरपि ।
योगिनः कर्म कुर्वन्ति संगं त्यक्त्वात्मशुद्धये११
युक्तः कर्मफलं त्यक्त्वा शान्तिमाप्नोति नैष्ठिकीम्
अयुक्तः कामकारेण फले सक्तो निबध्यते १२

योगी लोग आत्मा की शुद्धि के लिये आसक्ति को त्यागकर शरीर, मन, बुद्धि और केवल इन्द्रियों में भी कर्म करते हैं ॥ ११ ॥ युक्त (सावधान) पुरुष कर्मफल को त्यागकर सर्वोत्तम शान्ति को प्राप्त होता है। अयुक्त

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(असावधान) पुरुष कामना से फल में फंसा हुवा बन्धन को प्राप्त होता है ॥ १२ ॥

सर्वकर्माणि मनसा संन्यस्यास्ते सुखं वशी।
नवद्वारे पुरे देही नैव कुर्वन्न कारयन् ॥१३॥
न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः।
न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते ॥१४॥

(मन और इन्द्रियों का वश में करने वाला) वशी देहधारी मन से सब कर्मों को त्यागकर न कुछ करता है, न कराता और नवद्वार वाले नगर में सुखपूर्वक रहता है ॥ १३ ॥ * ईश्वर न तौ लोगों के कर्तृत्व को रचता है, न कर्मों को, न कर्मों के फलसंयोग को, किन्तु स्वभाव प्रवृत्त होरहा है (अर्थात् ईश्वर न तौ किसी से विवश करके कोई कर्म कराता है और इस लिये कर्मफल संयोग को उत्पन्न करता है किन्तु जीवलोक स्वभाव= स्वतन्त्रता से कर्म करते हैं इस लिये स्वयं ही कर्मों के कर्त्ता बनते और उन का फल भोगते हैं) ॥ १४ ॥

नादत्ते कस्यचित्पापं न चैव सुकृतं विभुः।
अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः १५
ज्ञानेन तु तदज्ञानं येषां नाशितमात्मनः।
तेषामादित्यवज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम् १६

ईश्वर सर्वव्यापी न किसी के पाप को लेता है और नाही पुण्य को। अज्ञान से ज्ञान आच्छादित हो रहा है, उसी से जीव लोग मोहित हो रहे हैं (यहां भी श्रीकृष्ण ईश्वर को अपने से भिन्न कहते हैं) ॥ १५ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

परन्तु जिन लोगों ने अपने अज्ञान को ज्ञान से नष्ट कर दिया है उन को ज्ञान, सूर्यके समान उस परमेश्वर का प्रकाश कर देता है ॥ १६ ॥

तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः।
गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः १७
विद्याविनयसंपन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि ।
शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताःसमदर्शिनः१८

उस परमेश्वर में बुद्धि लगाने वाले, उसी में आत्मा को लगाने वाले, उसी में श्रद्धा रखने वाले, ईश्वरपरायण, ज्ञान से पाप को दूर हटाचुकने वाले लोग पुनर्जन्म के अभाव (मोक्ष) को प्राप्त होते हैं (यहां भी श्रीकृष्ण ने कई वार ईश्वर को " तत् "=उस शब्द से सङ्केत किया है और उसी की श्रद्धा शक्ति और तत्परता से मोक्षफल निरूपण किया है) ॥ १७ ॥ विद्या और विनय से भरपूर ब्राह्मण, गो, हस्ती, कुत्ते और श्वपच (भङ्गी) में पण्डित लोग समदर्शी रहते हैं (अर्थात किसीका अपमान वा दुःखदायक कर्म नहीं करते)१८

इहैव तैर्जितः सर्गो येषां साम्ये स्थितं मनः ।
निर्दोषं हि समं ब्रह्म तस्माद्ब्रह्मणि ते स्थिताः१९
न प्रहृष्येत्प्रियं प्राप्य नोद्विजेत्प्राप्य चाप्रियम्
स्थिरबुद्धिरसंमूढो ब्रह्मविद्ब्रह्मणि स्थितः॥२०॥

उन लोगों ने यहीं संसार को जीत लिया, जिन का मन समता में स्थित है; क्योंकि ब्रह्म भी निर्दोष और सर्वत्र (सम) है, इस लिये (जिन का मन समता

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

में स्थित है) वे ब्रह्म में स्थित हैं ॥ १९ ॥ स्थिर बुद्धि वाला, मोहरहित ब्रह्मज्ञानी न तो प्रिय को पाकर हर्ष करे और न अप्रिय को पाकर घबरावे (किन्तु) ब्रह्म में स्थिर रहे ॥ २० ॥

बाह्यस्पर्शेष्वसक्तात्माविन्दत्यात्मनियत्सुखम्
स ब्रह्मयोगयुक्तात्मा सुखमक्षय्यमश्नुते॥२१॥
ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते।
आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः॥२२॥

बाहर के भोगों में मन न फंसाने वाला (जो ज्ञानी) जिस सुख को आत्मा में पाता है, वह ब्रह्म के योग से युक्त आत्मावाला उस अक्षय सुख को भोगता है ॥२१॥ जो कि (इन्द्रियों और विषयों के) स्पर्श से उत्पन्न होने वाले भोगहैं वे तो दुःखोत्पादक और आदि अन्त वालेहैं। हे कुन्तिपुत्र! ज्ञानीपुरुष उनमें नहीं रमता ॥

शक्नोतीहैव यः सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात्।
कामक्रोधोद्भवं वेगं स युक्तः स सुखी नरः २३
योऽन्तःसुखोन्तरारामस्तथान्तर्ज्योतिरेव यः।
स योगी ब्रह्म निर्वाणं ब्रह्मभूतोऽधिगच्छति

जो पुरुष इस संसार में शरीर छूटने से पहिले ही काम और क्रोध से उत्पन्न वेग को सह सक्ता है वह सावधान है और वह सुखी है ॥ २३ ॥ जो भीतर ही सुख मानता है, भीतर ही आराम करता है तथा भीतर ही प्रकाश रखता है, वह योगी ब्रह्म के सी (आनन्द-युक्त) अवस्था को प्राप्त होता हुवा शान्त ब्रह्म को प्राप्त हो जाता है ॥ २४ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

लभन्ते ब्रह्म निर्वाणमृषयः क्षीणकल्मषाः ।
छिन्नद्वैधा यतात्मनः सर्वभूतहिते रताः ॥२५॥
कामक्रोधवियुक्तानां यतीनां यतचेतसाम् ।
अभितोब्रह्म निर्वाणं वर्तते विदितात्मनाम् २६

जिन के पाप क्षीण होगये, जिन्हों ने द्विविधा को छिन्न कर दिया, जिन्हों ने मन का संयम कर लिया, जो सब चराचर के हित में प्रसन्न रहते हैं, वे ऋषि शान्त ब्रह्म को पाते हैं ॥ २५ ॥ काम क्रोध से वियुक्त, मन के जीतने वाले, आत्मज्ञानी यति लोगों के सब ओर शान्त ब्रह्म वर्तमान है ॥ २६ ॥

स्पर्शान् कृत्वा बहिर्बाह्यांश्चक्षुश्चैवान्तरेभ्रुवोः ।
प्राणापानौ समौ कृत्वा नासाभ्यन्तरचारिणौ
यतेन्द्रियमनोबुद्धिर्मुनिर्मोक्षपरायणः ।
विगतेच्छाभयक्रोधोयः सदा मुक्त एव सः ॥२८॥

बाहर के स्पर्शों (विषयों) को बाहर करके और आंख को दोनों भ्रुवों के बीच में लगा कर, प्राण और अपान को एक समान नाक के भीतर चलने वाले करके ॥ २७ ॥ इन्द्रियों, मन और बुद्धि को वश में करने वाला, मोक्ष मार्ग में लगा हुवा, इच्छा, भय और क्रोध से रहित जो मुनि है वह सदा ही मुक्त है ॥ २८ ॥

भोक्तारं यज्ञतपसां सर्वलोकमहेश्वरम् ।
सुहृदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

* (अपने किये) यज्ञों और तपों के फल भोगने वाले, सब लोगों से अधिक ऐश्वर्य वाले, सब प्राणियों के सुहृद् मुझ को जान कर शान्ति को प्राप्त होता है २९

ओं तत्सदिति
श्रीमद्भगवद्गीतायां ब्रह्मविद्यायां
श्रीकृष्णार्जुनसंवादे संन्यासयोगोनाम
पञ्चमोऽध्यायः ॥५॥

यह श्रीमद्भगवद्गीता में संन्यासयोग
नाम का पञ्चम अध्याय
समाप्त हुआ
॥५॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओ३म्

अथ षष्ठाध्यायः

श्रीभगवानुवाच-

अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः।
स संन्यासी च योगी च न निरग्निर्न चाक्रियः॥१
यं संन्यासमिति प्राहुर्योगं तं विद्धि पाण्डव।
न ह्यसंन्यस्तसङ्कल्पो योगी भवति कश्चन॥२

श्रीकृष्ण ने कहा कि जो पुरुष कर्मफल का आसरा छोड़ कर कर्त्तव्य कर्म को करता है, वही संन्यासी और योगी है, न तो अग्नि को त्यागने वाला और न कर्म का त्यागने वाला ॥ १ ॥ हे पाण्डव ! जिस को संन्यास कहते हैं, उसीको तू योग समझ, क्योंकि जिसने सङ्कल्प का त्याग नहीं किया, ऐसा कोई योगी नहीं होसक्ता ॥२॥

आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्म कारणमुच्यते।
योगारूढस्य तस्यैव शमः कारणमुच्यते॥३॥
यदा हि नेन्द्रियार्थेषु न कर्मस्वनुषज्जते।
सर्वसङ्कल्पसंन्यासी योगारूढस्तदोच्यते॥४॥

योग पर आरूढ़ होने की इच्छा करने वाले मुनि को कर्म कारण कहा जाता है और फिर उसी को जो

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

योग पर आरूढ़ होगया है, शम कारण कहा जाता है (मन के वश करने को शम कहते हैं और वेदोक्त विहित कर्मों को कर्म कहते हैं) ॥३॥ जब कि (पुरुष) इन्द्रियों के विषयों में नहीं फंसता और न कर्मों में, तब (वह) सब सङ्कल्पों का त्यागने वाला योगारूढ़ कहाता है ॥ ४ ॥

उद्धरेदात्मनाऽऽत्मानं नात्मानमवसादयेत्।
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मन.५
बन्धुरात्मात्मनस्तस्य येनात्मैवात्मना जित:।
अनात्मनस्तु शत्रुत्वे वर्त्तेतात्मैव शत्रुवत ६

आप ही अपना उद्धार करना चाहिये, अपने को नीचे न गिराना चाहिये; क्योंकि आत्मा ही अपना बन्धु है, आत्मा ही अपना शत्रु है (अर्थात मनुष्य चाहे तो अपने आत्मा से ही अपना उद्धार [उन्नति] करके अपने आत्मा को अपना बन्धु=सहायक बना सकता है तथा यदि अपने आपसे अपनी ही अवनति करे तो आप ही अपने आत्मा को अपना शत्रु बना सकता है) ॥ ५ ॥ जिस ने आत्मा से आत्मा=मन को जीत लिया उस के आत्मा का आत्मा=मन बन्धु है। परन्तु मन को वश में न करने वाले का मन ही शत्रु के समान शत्रुता का वर्त्ताव करने लगेगा ॥ ६ ॥

जितात्मनः प्रशान्तस्य परमात्मा समाहित:।
शीतोष्णसुखदुःखेषु तथा मानापमानयो: ७
ज्ञानविज्ञानतृप्तात्मा कूटस्थो विजितेन्द्रिय:।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

युक्त इत्युच्यते योगी समलोष्टाश्मकाञ्चनः ८

मन को वश में करने वाले शान्तिमान् (पुरुष) का महान् आत्मा शीत, उष्ण,सुख,दुःख में तथा मान और अपमान में सावधान रहता है ॥७॥ ज्ञान विज्ञान से आत्मा को तृप्त रखने वाला, स्थिरचित्त,जितेन्द्रिय योगी " युक्त " कहाता है, जो मिट्टी के ढेले, पत्थर, सुवर्ण को समान समझता है (अर्थात मिट्टी और पत्थर की उपेक्षा वा सुवर्ण का लालच नहीं करता) ॥ ८ ॥

सुहृन्मित्रार्युदासीनमध्यस्थद्वेष्यबन्धुषु ।
साधुष्वपि च पापेषु समबुद्धिर्विशिष्यते॥९॥
योगी युञ्जीत सततमात्मानं रहसि स्थितः।
एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः १०

शुभचिन्तक, मित्रों,शत्रुओं, उदासीनों (जो न मित्र हों न शत्रु हों),मध्यस्थों,द्वेष करने वालों और बन्धुवों तथा धार्मिकों और पापियों में समान बुद्धि रखता है (वह) श्रेष्ठ है ॥ ९ ॥ योगी को चाहिये कि एकान्त में बैठा हुवा निरन्तर मन को योग में लगाया करे। अकेला रहे, चित्त और आत्मा को थांभे रहे, सब प्रकारकी इच्छाओंसे रहित और बहुतसे सामान न रक्खे॥

शुचौ देशे प्रतिष्ठाप्य स्थिरमासनमात्मनः।
नात्युच्छ्रितं नातिनीचं चैलाजिनकुशोत्तरम्
तत्रैकाग्रं मनः कृत्वा यतचित्तेन्द्रियक्रियः।
उपविश्यासने युञ्ज्याद्योगमात्मविशुद्धये १२

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

शुद्ध देश में अपना स्थिर आसन स्थापित करके, जो न बहुत ऊंचा हो, न बहुत नीचा हो, जो कम्बल, मृगचर्म वा कुशा से बिछाया गया हो ॥११॥ उस आसन पर बैठ कर मन को एकाग्र करके आत्मा की शुद्धि के लिये मन और इन्द्रियों की क्रियाओं को रोके हुए योग को साधे ॥ १२ ॥

समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिरः ।
संप्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन्
प्रशान्तात्मा विगतभीर्ब्रह्मचारिव्रते स्थितः।
मनः संयम्य मच्चित्तो युक्त आसीत मत्परः१४

शरीर, शिर और गर्दन को अचल और सीधा ठहराये हुए अपने नाक के अग्रभाग को (ध्यान लगाकर) देखकर और दिशाओं को न देखता हुवा स्थिर होवे ॥ १३ ॥ * शान्त मन वाला, निर्भय, ब्रह्मचारी के नियमों में स्थित हुवा, मन को वश में करके मुझ में मन लगाने वाला, मुझ में तत्पर हुवा योग साध कर बैठ जावे ॥ १४ ॥

युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी नियतमानसः ।
शान्तिं निर्वाणपरमां मत्संस्थामधिगच्छति
नात्यश्नतस्तु योगोऽस्ति न चैकान्तमनश्नतः।
न चातिस्वप्नशीलस्य जाग्रतो नैव चार्जुन१६

एक स्थान में मन का लगाने वाला योगी सदा मन को इस प्रकार साधता हुवा परम मुक्ति स्वरूप मेरी अवस्था के सी शान्ति को पाजाता है ॥१५॥ अति

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

भोजन करने वाले को योग सिद्ध नहीं होता और न एकाएकी भूखा रहने वाले को और न बहुत सोने वाले को, और हे अर्जुन ! न बहुत जागने वाले को ॥ १६ ॥

युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु ।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगोभवति दुःखहा ॥१७॥
यदा विनियतं चित्तमात्मन्येवावतिष्ठते ।
निःस्पृहः सर्वकामेभ्योयुक्तइत्युच्यते तदा ॥

(किन्तु) आहार विहार में ठीक रहने वाले, कर्मों के अनुष्ठान में ठीक २ चेष्टा रखने वाले, सोने और जागने में ठीक वर्त्तने वाले का योग दुःख नष्ट करने वाला होता है ॥ १७ ॥ जब कि वश में किया हुवा चित्त अपने आपे ही में ठहर जाता है, सब कामनाओं में तृष्णारहित होजाताहै तब "युक्त" कहाताहै ॥

यथादीपो निवातस्थो नेङ्गते सोपमास्मृता ।
योगिनोयतचित्तस्य युञ्जतोयोगमात्मनः॥१९॥
यत्रोपरमते चित्तं निरुद्धं योगसेवया ।
यत्र चैवात्मनात्मानं पश्यन्नात्मनि तुष्यति२०

आत्मा का योग साधते हुवे एकाग्रचित योगी की वह उपमा कही गई है जैसे कि वायुरहित स्थान में धरा हुवा दीपक डोलता नहीं है ॥ १९ ॥ जिस दशा में कि योगसेवन से रुका हुवा चित्त उपराम को प्राप्त हो जाता है और जिस अवस्था में आत्मा से आत्मा को देखता हुवा आत्मा में सन्तुष्ट हो जाता है ॥२०॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सुखमात्यन्तिकं यत्तद्बुद्धिग्राह्यमतीन्द्रियम् ।
वेत्ति यत्र न चैवायं स्थितश्चलति तत्त्वतः २१।
यं लब्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः ।
यस्मिन्स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते

और जिस अवस्था में कि यह (पुरुष) उस सुख को, जो कि सदा के लिये है, इन्द्रियों से नहीं ग्रहण किया जा सकता; किन्तु बुद्धि से ग्रहण किया जाता है, अनुभव करता है तथा स्थिर होकर तत्त्व से विचलित नहीं होता ॥ २१ ॥ और जिस लाभ को पाकर उस से अधिक दूसरे लाभ को नहीं मानता । जिस अवस्था में स्थिर हुवा भारी दुःख से भी चलायमान नहीं होता ॥ २२ ॥

तं विद्याद्दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम् ।
स निश्चयेन योक्तव्यो योगोऽनिर्विण्णचेतसा ॥
सङ्कल्पप्रभवान्कामांस्त्यक्त्वा सर्वानशेषतः
मनसैवेन्द्रियग्रामं विनियम्य समन्ततः॥२४॥

उस (श्लोक १८, १९, २०, २१ और २२, में कहे हुवे अवस्था विशेष) को दुःखस्पर्शरहित 'योग' संज्ञक समझना चाहिये । वह योग समाधान युक्त चित्त से निश्चय करके साधना चाहिये ॥ २३ ॥ सङ्कल्प से उत्पन्न होने वाले सब निःशेष कामों को त्यागकर मन से ही इन्द्रियों के समूह को सब ओर से वश में करके—॥२४॥

शनैःशनैरुपरमेद्बुद्ध्या धृतिगृहीतया ।
आत्मसंस्थं मनः कृत्वा न किञ्चिदपि चिन्तयेत्

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यतोयतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम् ।
ततस्ततोनियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत् २६

शनैः शनैः धैर्य से पकड़ी हुई बुद्धि से उपराम को प्राप्त होता जावे, मन को आत्मा में स्थिर करके कुछ भी चिन्ता न करे ॥ २५ ॥ स्थिर न रहने वाला चञ्चल मन जिस २ ओर को दौड़े उस २ ओर से उस को रोककर आत्मा में ही स्ववश करे ॥ २६ ॥

प्रशान्तमनसं ह्येनं योगिनं सुखमुत्तमम् ।
उपैति शान्तरजसं ब्रह्मभूतमकल्मषम् ॥२७॥
युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी विगतकल्मषः ।
सुखेन ब्रह्मसंस्पर्शमत्यन्तं सुखमश्नुते ॥२८॥

क्योंकि प्रशान्त मन वाले, शान्त रजोगुण वाले निर्दोष ब्रह्म के समानधर्मा इस योगी को उत्तम सुख प्राप्त होता है ॥ (ब्रह्म के समान धर्म से सर्वव्यापकत्वादि धर्म विवक्षित नहीं हैं, किन्तु रागद्वेष रहित होना, अपने स्वरूप के आनन्द में ही मग्न रहना ब्रह्म-भूत शब्द का अर्थ है) ॥ २७ ॥ इस प्रकार सदा मन को योगयुक्त करता हुवा निष्पाप योगी सुगमता से ब्रह्म की उपासना वाल अत्यन्त सुख को भोगता है ॥ २८ ॥

सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि ।
ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः ॥२९॥
योमां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति ।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति३०

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

* योग से मनको युक्त करने वाला, सब में सम-दृष्टि रखने वाला (योगी) आत्मा को सर्व भूतों में स्थित देखता है और सर्वभूतों को आत्मा में ॥ २९ ॥ * जो मुझको सर्वत्र देखता है और मुझ में सब को देखता है, उसका मैं नष्ट नहीं होता और न मेरा वह नष्ट होता है ॥

सर्वभूतस्थितं योमां भजत्येकत्वमास्थितः ।
सर्वथा वर्तमानोपि स योगी मयि वर्तते ॥३१॥
आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन ।
सुखं वा यदि वा दुःखं स योगी परमोमतः ३२

* जो कोई एकाग्रता को प्राप्त हुवा सर्वभूतों में स्थित मेरा सेवन करता है, वह सर्वत्र रहता हुवा भी मुझ में ही रहता है ॥ ३१ ॥ हे अर्जुन ! जो कोई अपने समान सब को एकसा देखता है, सुख को अथवा दुःख को, वह योगी सर्वोत्तम माना गया है ॥ ३२ ॥

अर्जुनउवाच-

योऽयं योगस्त्वया प्रोक्तः साम्येन मधुसूदन ।
एतस्याहंनपश्यामिचञ्चलत्वात्स्थितिंस्थिराम्
चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम् ।
तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम् ॥

अर्जुन नें कहा कि हे मधुसूदन ! तुमने जो यह योग समदृष्टि से वर्णन किया, चञ्चल होने से मैं इस

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(योग) की स्थिर स्थिति को नहीं देखता (अर्थात् मैं अत्यन्त चञ्चल हूं। इस लिये मुझे आशा नहीं कि इस योग की स्थिर अवस्था मुझे प्राप्त हो सके) ॥३३॥ क्योंकि हे कृष्ण ! मन अपनी ओर खींच लेजाने वाला, वेग वाला, दृढ़ और चञ्चल है। मैं उसके वश में करने को ऐसा कठिन मानता हूं, जैसा कि वायु का (वश में करना कठिन है) ॥ ३४ ॥

श्रीभगवानुवाच—

असंशयं महाबाहो मनोदुर्निग्रहं चलम् ।
अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते३५
असंयतात्मना योगोदुष्प्राप इति मे मतिः ।
वश्यात्मना तु यतता शक्योवाप्तुमुपायतः ३६

श्री कृष्ण ने कहा कि हे महाबाहु ! निस्सन्देह मन चञ्चल और कठिन से वश करने योग्य है, परन्तु हे कुन्ती के पुत्र ! अभ्यास और वैराग्य से वश में हो जाता है ॥ ३५ ॥ मेरी सम्मति है कि मन को वश में न करने वाले से योग नहीं सध सकता; परन्तु मन को वश करने वाले से यत्न करते हुए साधनों से (योग) प्राप्त किया जा सक्ता है ॥ ३६ ॥

अर्जुनउवाच—

अयतिः श्रद्धयोपेतोयोगाच्चलितमानसः ।
अप्राप्य योगसंसिद्धिं कां गतिं कृष्णं गच्छति
कच्चिन्नोभयविभ्रष्टश्छिन्नाभ्रमिव नश्यतः ।
अप्रतिष्ठोमहाबाहोविमूढोब्रह्मणः पथि॥ ३८

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अर्जुन ने कहा कि हे कृष्ण! मन को वश में न कर सकने वाला श्रद्धा से युक्त (पुरुष यदि) योग से मन को विचलित करले (तौ) योग की सिद्धि को न पाकर किस गति को प्राप्त होता है? ॥३७॥ हे महाबाहु! (श्रीकृष्ण!) ब्रह्म के मार्ग में भूला हुवा, ठिकाना न पाने वाला, उभयभ्रष्ट नष्ट तौ नहीं होजाता? जैसे कि छिन्न भिन्न मेघ ॥ ३८ ॥

एतन्मे संशयं कृष्ण छेत्तुमर्हस्यऽशेषतः।
त्वदन्यः संशयस्यास्य छेत्ता न ह्युपपद्यते ३९

श्रीभगवानुवाच–

पार्थ नैवेह नामुत्र विनाशस्तस्य विद्यते।
न हि कल्याणकृत्कश्चिद्दुर्गतिं तात गच्छति४०

हे कृष्ण! मेरे इस संशय को जड़ मूल से छेदन करना चाहिये, क्योंकि तुम से भिन्न (कोई) इस संशय का छेदन करने वाला नहीं मिल सक्ता ॥३९॥ श्रीकृष्ण ने कहा कि हे तात! कुन्ती के पुत्र! उस (योगभ्रष्ट) का इस लोक में और परलोक में भी नाश नहीं होता क्योंकि अच्छा काम करने वाला कोई दुर्गति को प्राप्त नहीं होता ॥ ४० ॥

प्राप्यपुण्यकृतांल्लोकानुषित्वा शाश्वतीः समाः
शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते।
अथवा योगिनामेव कुले भवति धीमताम्।
एतद्धि दुर्लभतरं लोके जन्म यदीदृशम्॥४२॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

योगभ्रष्ट पुरुष पुण्यात्माओं के लोकों को प्राप्त हो कर (और उन में) बहुत वर्षों तक वास करके (फिर) शुद्ध और श्रीमान् लोगों के घर में जन्म पाता है ॥४१॥ अथवा बुद्धिमान् योगियों ही के कुल में (उत्पन्न) होता है । जोकि ऐसा जन्म है वह संसारमें अति दुर्लभ है ॥

तत्र तं बुद्धिसंयोगं लभते पौर्वदैहिकम् ।
यतते च ततोभूयः संसिद्धौ कुरुनन्दन ॥४३॥
पूर्वाभ्यासेन तेनैव ह्रियते ह्यवशोऽपि सः ।
जिज्ञासुरपि योगस्य शब्दब्रह्मातिवर्तते ४४

हे कुरुनन्दन ! वहां (योगियों के वंश में) उस पूर्व देह के बुद्धिसंयोग को पाता है और सिद्धिके निमित्त फिर यत्न करता है ॥ ४३ ॥ और वह विवश उस ही पूर्वाभ्यास से खिंचता है और योग का जिज्ञासु होता है, शब्द ब्रह्म का उल्लङ्घन कर जाता है (अर्थात् साधारण मनुष्यों के समान केवल ब्रह्म शब्द का उच्चारण करने वाला नहीं रहता, किन्तु ब्रह्म अर्थ को प्राप्त हो जाता है) ॥ ४४ ॥

प्रयत्नाद्यतमानस्तु योगी संशुद्धकिल्बिषः ।
अनेकजन्मसंसिद्धस्ततो याति परां गतिम् ४५
तपस्विभ्योऽधिकोयोगीज्ञानिभ्योपिमतोऽधिकः
कर्मिभ्यश्चाऽधिकोयोगी तस्माद्योगीभवार्जुन

फिर यत्नपूर्वक उद्योग करता हुवा योगी जिस के पाप शोधे गये, अनेक जन्मों में सिद्धि प्राप्त करता हुवा

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

परमगति (मोक्ष) को प्राप्त होजाता है ॥ ४५ ॥ योगी तपस्वियों से अधिक है और ज्ञानियोंसे भी अधिक माना गया है और कर्मानुष्ठानियों से भी योगी अधिक है, इस लिये हे अर्जुन ! योगी होजा ॥ ४६ ॥

योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना ।
श्रद्धावान् भजते योमां स मे युक्ततमोमतः ४७

सब योगियों में भी जो (योगी) मुझ में लगाये हुए अन्तरात्मा से श्रद्धा रखने वाला मेरी सेवा करता है, वह मेरी सम्मति में बढ़ का योगी है ॥ ४७ ॥

ओं तत्सदिति
श्रीमद्भगवद्गीतायां ब्रह्मविद्यायां
श्रीकृष्णार्जुनसंवादे अभ्यासयोगो नाम
षष्ठोऽध्यायः ॥६॥

यह श्रीमद्भगवद्गीता में अभ्यासयोग नाम
का छठा अध्याय समाप्त हुवा ॥

॥ ६ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओ३म्

अथ सप्तमोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच--

मय्यासक्तमनाः पार्थ योगं युञ्जन्मदाश्रयः ।
असंशयं समग्रं मां यथा ज्ञास्यसि तच्छृणु १
ज्ञानं तेऽहं सविज्ञानमिदं वक्ष्याम्यशेषतः ।
यज्ज्ञात्वा नेह भूयोऽन्यज्ज्ञातव्यमवशिष्यते २

भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा कि हे कुन्तिपुत्र ! मुझ में मन फंसाने वाला, मेरा (योगीश्वर का) आश्रय रखने वाला योग साधता हुवा (तू) जिस रीति से मुझे पूर्णतया जान लेगा, सो सुन ॥ १ ॥ मैं तुझ को इस विज्ञानसहित ज्ञान को निःशेष बताऊंगा जिस को जान कर इस संसार में फिर अन्य कुछ जानने को शेष नहीं रहता ॥ २ ॥

मनुष्याणां सहस्रेषु कश्चिद्यतति सिद्धये ।
यततामपि सिद्धानां कश्चिन्मां वेत्ति तत्त्वतः ३
भूमिरापोऽनलोवायुः खं मनोबुद्धिरेव च ।
अहङ्कार इतोऽयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा ॥ ४ ॥

सहस्रों मनुष्यों में कोई एक सिद्धि के लिये यत्न करता है। यत्न करने वाले सिद्धों में भी कोई एक मुझ को ठीक २ समझता है ॥ ३ ॥ पृथिवी, जल, अग्नि, वायु,

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

आकाश, मन, बुद्धि और अहङ्कार; ये आठ प्रकार की मेरी प्रकृति भिन्न है ॥ ४ ॥

अपरेयमितस्त्वन्यां प्रकृतिं विद्धि मे पराम्।
जीवभूतां महाबाहो ययेदं धार्यते जगत्॥५॥
एतद्योनीनि भूतानि सर्वाणीत्युपधारय ।
अहं कृत्स्नस्य जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा॥६॥

हे महाबाहु ! यह अपरा कहाती है, परन्तु इस से अन्य मेरी परा प्रकृति को जानो, जो जीव स्वरूप है, जिस ने इस जङ्गम (शरीर) को धारण किया है ॥५॥ समस्त प्राणी इस ही से उत्पन्न होते हैं, इस को समझ रक्खो । मैं सम्पूर्ण जगत् का (जङ्गम शरीर की) उत्पत्ति और प्रलय का कारण हूं (अर्थात् यदि मैं जीवात्मा न होऊं तो किसी देह का जन्म और मरण नहीं हो) ॥६॥

मत्तः परतरं नान्यत्किञ्चिदस्ति धनञ्जय ।
मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव ॥७॥
रसोऽहमप्सु कौन्तेय प्रभास्मि शशिसूर्ययोः।
प्रणवः सर्ववेदेषु शब्दः खे पौरुषं नृषु ॥८॥

*(इन आठों प्रकृतियों में) मुझ से सूक्ष्म अन्य कोई नहीं है । हे अर्जुन ! यह सब (पृथिव्यादि आठ प्रकार की प्रकृति से बने हुए देह के अवयव) मुझ में पिरोये हुए हैं जैसे कि धागे में मणियें ॥७॥ * हे कुन्ति-पुत्र ! मैं जलों में रसरूप हूं, सूर्य चन्द्रमा में प्रभारूप हूं, सब वेदों में ओंकार रूप हूं, आकाश में शब्दरूप हूं, मनुष्यों में पौरुष रूप हूं, ॥ ८ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पुण्योगन्धः पृथिव्यां च तेजश्चास्मि विभावसौ
जीवनं सर्वभूतेषु तपश्चास्मि तपस्विषु ॥९॥
बीजं मां सर्वभूतानां विद्धि पार्थ सनातनम् ।
बुद्धिर्बुद्धिमतामस्मितेजस्तेजस्विनामहम् ॥१०॥

* और पृथिवी में पवित्र गन्ध रूप (हूं), अग्नि में तेजरूप भी हूं। सब प्राणियों में जीवनरूप और तपस्वियों में तपरूप मैं हूं ॥ ९ ॥ * हे पृथा के पुत्र ! सर्वभूतों का सनातन बीज मुझ को जान ! बुद्धिमानों में बुद्धिरूप मैं हूं, तेजस्वियों में तेजरूप मैं हूं ॥ १० ॥

बलं बलवतां चाहं कामरागविवर्जितम् ।
धर्माविरुद्धोभूतेषु कामोस्मि भरतर्षभ ॥११॥
ये चैव सात्त्विकाभावाराजसास्तामसाश्चये
मत्तएवेति तान्विद्धि न त्वहं तेषु ते मयि ॥१२॥

* और बलवानों में बलरूप मैं (हूं), जो काम और राग से वर्जित हूं। हे भरतकुलश्रेष्ठ ! प्राणियों में धर्म से अविरुद्ध काम (मैं) हूं ॥ ११ ॥ * और जितने सात्त्विकभाव हैं और जो राजस और तामस पदार्थ हैं, उन को समझो कि मेरे ही सहारे हैं, मैं उन के सहारे नहीं (किन्तु) वे मेरे सहारे हैं ॥ १२ ॥

त्रिभिर्गुणमयैर्भावैरेभिः सर्वमिदं जगत् ।
मोहितं नाभिजानाति मामेभ्यः परमव्ययम् १३
दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया ।
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते १४

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

* यह सारा जगत् इन तीन गुणों से बने हुए पदार्थों से मोहित होरहा है (और) इन से परे मुझ अविनाशी को नहीं पहचानता ॥ १३ ॥ * क्योंकि यह मेरी त्रिगुणात्मक दुर्लङ्घ्य दैवी माया है, जो लोग इस माया के पार होजातेहैं वेही मुझको पाजाते हैं ॥१४॥

न मां दुष्कृतिनो मूढाः प्रपद्यन्ते नराधमाः ।
माययाऽपहृतज्ञाना आसुरं भावमाश्रिताः १५
चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन ।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ १६

* कुकर्मी, मूढ, अधम मनुष्य माया से ज्ञान छिनवाये हुए, राक्षसी अवस्था का आश्रय करते हुए मुझ को नहीं पाते ॥ १५ ॥ * (बल्कि) हे अर्जुन ! चार प्रकार के मनुष्य मेरी सेवा करते हैं (मुझे पाते हैं)। १–घबराया हुवा, २-जिज्ञासु, ३–धन चाहने वाला और हे भरतकुलश्रेष्ठ ! ४–ज्ञानी ॥ १६ ॥

तेषां ज्ञानी नित्ययुक्त एकभक्तिर्विशिष्यते ।
प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः१७
उदाराः सर्व एवैते ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम् ।
आस्थितः स हि युक्तात्मा मामेवानुत्तमां गतिम्

* उन चारों में से नित्य योग करने वाला, एक भक्तिवाला ज्ञानी विशेष (श्रेष्ठ) है । मैं ज्ञानी को बहुत प्यारा हूं और वह ज्ञानी मुझे प्यारा है ॥ १७ ॥ * मेरा मत है कि ऐसे तो ये सब ही (चारों ही) उदार हैं, परन्तु ज्ञानी तो मेरा आत्मा ही है; क्योंकि

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वह योगयुक्त होकर सर्वोत्तम स्थिति से मुझ पर श्रद्धा रखता है ॥ १८ ॥

बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान्मां प्रपद्यते ।
वासुदेवःसर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः॥१९॥
कामैस्तैस्तैर्हृतज्ञानाः प्रपद्यन्तेऽन्यदेवताः ।
तं तं नियममास्थाय प्रकृत्या नियताः स्वया

* बहुत से जन्मों के अन्त में ज्ञानवान् मुझ को पाता है कि वसुदेव का पुत्र श्रीकृष्ण सब कुछ है, वह महात्मा है और वह दुर्लभ है ॥१९॥ * उस २ (अनेक प्रकार के) नियम का सहारा पकड़ कर अपने स्वभाव के आधीन होते हुए, (लोग) उन २ (अनेक) कामनाओं से जिन का ज्ञान हर लिया गया वे अन्य देवताओं को (इन्द्रियों को) प्राप्त होते हैं ॥ २० ॥

योयोयां यां तनुं भक्तःश्रद्धयार्चितुमिच्छति ।
तस्य तस्याऽचलां श्रद्धां तामेव विदधाम्यहम्
स तया श्रद्धया युक्तस्तस्याराधनमीहते ।
लभते च ततः कामान्मयैव विहितान् हितान्

* जो २ भक्त (मेरे) जिस २ शरीर को श्रद्धा से पूजना चाहता है, उस २ की उस ही अचल श्रद्धा को मैं पूरी करता हूं ॥ २१ ॥ * वह उस श्रद्धा से युक्त होता हुवा उस (शरीर) की सेवा की चेष्टा करता है और मेरी ही बताई हुई उन कामनाओं को उसी से पाता है ॥

अन्तवत्तु फलं तेषां तद्भवत्यल्पमेधसाम् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

देवान्देवयजोयान्ति मद्भक्ता यान्ति मामपि२३
अव्यक्तं व्यक्तिमापन्नं मन्यन्ते मामबुद्धय:।
परं भावमजानन्तोममाव्ययमनुत्तमम् ॥२४॥

* परन्तु उन अल्पबुद्धियों को वह नाशवान् फल प्राप्त होता है। देवों (इन्द्रियों) के पूजने वाले इन्द्रियों ही को प्राप्त होते हैं, परन्तु मेरे भक्त मुझ को पाते हैं ॥२३॥ * निर्बुद्धि लोग समझते हैं कि मैं अव्यक्त से व्यक्त होगया हूं (वे) मेरे अविनाशी सर्वोत्तम वास्तविक स्वरूप को नहीं जानते ॥ २४ ॥

नाहं प्रकाश: सर्वस्य योगमायासमावृत:।
मूढोऽयं नाभिजानाति लोको मामजमव्ययम्
वेदाहं समतीतानि वर्त्तमानानि चार्जुन।
भविष्याणि च भूतानि मां तु वेद न कश्चन २६

* योगमाया से ढका हुवा मैं सब को प्रकट नहीं हूं। यह मूढ़ संसार मुझ अजन्मा और अविनाशी को पहचानता नहीं है ॥ २५ ॥ * हे अर्जुन! मैं पिछले, अब के और आगे होने वाले सर्वभूतों को जानता हूं, परन्तु मुझको कोई नहीं जानता ॥ २६ ॥

इच्छाद्वेषसमुत्थेन द्वन्द्वमोहेन भारत।
सर्वभूतानि संमोहं सर्गे यान्ति परन्तप २७
येषां त्वन्तगतं पापं जनानां पुण्यकर्मणाम्।
ते द्वन्द्वमोहनिर्मुक्ता भजन्ते मां दृढव्रता:२८

* हे शत्रुघाती भारत! इच्छा द्वेष से उत्पन्न हुए

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(शीतोष्णादि) द्वन्द्वों के मोह से सर्वप्राणी संसार में गाढ़े मोह को प्राप्त होरहे हैं ॥ २७ ॥ * जिन पुण्यात्मा मनुष्यों का पाप नाश को प्राप्त हो चुका है, वे सब द्वन्द्वों के मोह से छूटे हुए अपने कर्म पर दृढ़ आरूढ़ होकर मेरी सेवा करते हैं ॥ २८ ॥

जरामरणमोक्षाय मामाश्रित्य यतन्ति ये ।
ते ब्रह्म तद्विदुः कृत्स्नमध्यात्मं कर्म चाखिलम्
साधिभूताधिदैवं मां साधियज्ञं च ये विदुः ।
प्रयाणकालेऽपि च मां ते विदुर्युक्तचेतसः ३०

* जो लोग बुढ़ापे और मौत से छूटने के लिये मेरा आसरा लेकर यत्न करते हैं वे उस ब्रह्म को जान पाते हैं और समस्त आध्यात्मिक कर्म को भी ॥ २९ ॥ * जो मरते समय भी आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक भावों से युक्त मुझ को समझ लेते हैं, वे समाहितचित्त पुरुष मेरे स्वरूप को समझ लेते हैं ॥३०॥

ओं तत्सदिति
श्रीमद्भगवद्गीतायां ब्रह्मविद्यायां
श्रीकृष्णार्जुनसंवादे ज्ञानविज्ञानयोगो
नाम सप्तमोऽध्यायः
॥ ७ ॥

यह श्रीमद्भगवद्गीता में ज्ञानविज्ञानयोग
नाम का सातवां अध्याय
समाप्त हुवा
॥ ७ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओ३म्

अथाऽष्टमोऽध्यायः

अर्जुनउवाच–

किं तद्ब्रह्म किमध्यात्मं किं कर्म पुरुषोत्तम।
अधिभूतं च किं प्रोक्तमधिदैवं किमुच्यते ॥१॥
अधियज्ञः कथं कोऽत्र देहेऽस्मिन्मधुसूदन।
प्रयाणकाले च कथं ज्ञेयोऽसि नियतात्मभिः२

अर्जुन ने कहा कि हे पुरुषोत्तम! वह ब्रह्म क्या है? अध्यात्म क्या है? कर्म क्या है? अधिभूत क्या है? और अधिदैव क्या कहाता है? (अर्थात् सप्तमाध्याय के अन्तिम और उपान्तिम=तीस और उनत्तीसवें श्लोकों में जिस ब्रह्म, अध्यात्म, कर्म, अधिभूत, अधिदैव और अधियज्ञ शब्द का प्रयोग किया है, उन को व्याख्यान करके बताओ) ॥१॥ यहां इस देह में "अधियज्ञ" किस प्रकार क्या पदार्थ है? और हे मधुसूदन! आत्मा को वश में करने वालोंसे तुम देह छोड़ते समय कैसे जाने जाते हो? ॥ २ ॥

श्रीभगवानुवाच–

अक्षरं ब्रह्म परमं स्वभावोऽध्यात्ममुच्यते।
भूतभावोद्भवकरो विसर्गः कर्म संज्ञितः ॥३॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अधिभूतं क्षरोभावः पुरुषश्चाधिदैवतम् ।
अधियज्ञोऽहमेवात्र देहे देहभृतां वर ॥ ४ ॥

श्रीकृष्ण ने (उत्तर देते हुए) कहा कि अविनाशी परमतत्त्व को 'ब्रह्म' कहा है, स्वभाव को अध्यात्म (कहा है), प्राणियों की सत्ता को उत्पन्न करने वाली विशेष रचना को कर्म नाम से (कहा है) ॥ ३ ॥ नाशवान् सत्ता अधिभूत (कहाती है) और पुरुष अधिदेव (कहाता है)। हे देहधरने वालों में श्रेष्ठ! इस देह में 'अधियज्ञ' मैं (अहङ्कारयुक्त आत्मा=पुरुष) ही है ॥ ४ ॥

अन्तकाले च मामेव स्मरन्मुक्त्वा कलेवरम् ।
यः प्रयाति स मद्भावं याति नास्त्यत्र संशयः ५
यं यं वापि स्मरन् भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम् ।
तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभावितः ॥६॥

और इस में संशय नहीं है कि जो अन्त समय में "मैं" का ही स्मरण करता हुवा देह को त्याग कर प्रस्थान करता है वह "मैं" (अहङ्कारयुक्त आत्मा) की सत्ता को प्राप्त हो जाता है ॥ ५ ॥ हे॰ कौन्तेय=कुन्ती के पुत्र! अथवा (मनुष्य) जिस २ भी पदार्थ को स्मरण करता हुवा अन्त समय देह को त्यागता है, सदा उस पदार्थ की वासना से वसा हुवा उस ही उस (पदार्थ) को प्राप्त होता है ॥ ६ ॥

तस्मात्सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युध्य च ।
मय्यर्पितमनोबुद्धिर्मामेवैष्यस्यसंशयम् ॥७॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अभ्यासयोगयुक्तेन चेतसा नान्यगामिना ।
परमं पुरुषं दिव्यं याति पार्थानुचिन्तयन् ८

इस लिये सब कालों में (तू) ' मैं ' का स्मरण कर और युद्ध कर । निःसन्देह मन और बुद्धि को 'मैं' के अर्पण करने वाला (तू) ' मैं ' को ही प्राप्त हो जायगा ॥ ७ ॥ हे पार्थ=पृथा के पुत्र ! मनुष्य अभ्यास-योग से युक्त अन्य की ओर न जाने वाले मन से अलौकिक परमपुरुष का अनुस्मरण करता हुवा (उसी को) प्राप्त होजाता है ॥ ८ ॥

कविं पुराणमनुशासितारमणोरणीयांसमनु-
स्मरेद्यः । सर्वस्य धातारमऽचिन्त्यरूप-
मादित्यवर्णं तमसः परस्तात् ॥ ९ ॥ प्रया-
णकाले मनसाऽचलेन भक्त्या युक्तोयोग-
बलेन चैव । भ्रुवोर्मध्ये प्राणमावेश्य सम्यक्
स तं परं पुरुषमुपैति दिव्यम् ॥ १० ॥

* कवि=वेदरूप काव्य के प्रकाशक, प्राचीन शासन करने वाले, सूक्ष्म से अति सूक्ष्म, सब के धारण करने वाले, जिस के स्वरूप का चिन्तन नहीं हो सकता, उस सूर्य के समान तेजरूप वाले, अन्धकार से दूर वर्त्त-मान, परमपुरुष को जो अनुगामी होकर स्मरण करेगा वह मरते समय निश्चल मन से भक्ति से युक्त और योगबल से भी (युक्त हुवा) भले प्रकार से प्राण को दोनों भौंवों के मध्य में प्रवेश कराकर उस अलौकिक (पुरुष) के समीप पहुंच जाता है ॥ ९ ॥ १०

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यदक्षरं वेदविदोवदन्ति विशन्ति यद्यतयो वीतरागाः। यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति तत्ते पदं संग्रहेण प्रवक्ष्ये ॥ ११ ॥ सर्वद्वाराणि संयम्य मनोहृदि निरुद्ध्य च। मूर्ध्न्याधायात्मनः प्राणमास्थितो योगधारणाम् १२

* वेद के जानने वाले जिस को अविनाशी कहते हैं, जिनका राग व्यतीत होगया वे यति लोग जिस में प्रवेश करते हैं, जिस को चाहते हुवे ब्रह्मचर्य का आचरण करते हैं, उस पद को तुझ से संक्षेप के साथ वर्णन करूंगा ॥ ११ ॥ समस्त द्वारों (इन्द्रियों) को रोककर और मनको हृदयमें निरोध करके अपने प्राण को मूर्द्धा में स्थापित करके योग की धारणाको स्थान देने वाला-

ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन् मामनुस्मरन्। यः प्रयाति त्यजन् देहं स याति परमां गतिम्

अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरति नित्यशः। तस्याहं सुलभः पार्थ नित्ययुक्तस्य योगिनः १४

" ओ३म् " इस एकाक्षर ब्रह्मका उच्चारण करता हुवा, मेरा अनुस्मरण करता हुवा, जो देह को छोड़ता हुवा देर के लिये जाता है (मरता है), वह परमगति (मोक्ष) को पाता है। (मेरे अनुस्मरण का तात्पर्य यह है कि मेरे पीछे स्मरण करना अर्थात् जैसे मैं ब्रह्म का स्मरण करता हूं वैसे ब्रह्म का स्मरण करना) ॥१३॥ * जो कोई अनन्यचित्त हुवा लगातार नित्य मेरा स्मरण करता है। हे पार्थ ! उस नित्य साधन करने वाले योगी को मैं सुगमता से मिल जाता हूं ॥ १४ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मामुपेत्य पुनर्जन्म दुःखालयमशाश्वतम् ।
नाप्नुवन्ति महात्मानः संसिद्धिं परमां गताः १५
आब्रह्मभुवनाल्लोकाः पुनरावर्तिनोऽर्जुन ।
मामुपेत्य तु कौन्तेय पुनर्जन्म न विद्यते १६

* सर्वोत्तम अच्छी सिद्धि को पहुंचे हुए महात्मा लोग मेरे समीप आकर अनित्य (और) दुःखस्थान पुनर्जन्म को नहीं प्राप्त होते ॥१५॥ * हे अर्जुन! ब्रह्मलोक-पर्यन्त (सब) लोक फिर २ आने जाने वाले हैं, परन्तु हे कुन्तीके पुत्र! मेरे समीप आकर फिर जन्म नहीं होता ॥

सहस्रयुगपर्यन्तमहर्यद्ब्रह्मणो विदुः ।
रात्रिं युगसहस्रान्तां तेऽहोरात्रविदोजनाः १७
अव्यक्ताद्व्यक्तयः सर्वाः प्रभवन्त्यहरागमे ।
रात्र्यागमे प्रलीयन्ते तत्रैवाव्यक्तसंज्ञके १८

(आगे श्रीकृष्ण जी ब्रह्मलोक के नाश का समय बताने के लिये एक कल्प की वर्षसंख्या बतलाते हैं)— एक सहस्र चतुर्युगीपर्यन्त जिस को ब्रह्म का दिन जानते हैं, वे अहोरात्र के जानने वाले विद्वज्जन सहस्र युग-पर्यन्त रात्रि को (, जानते हैं) (अर्थात) दो सहस्र चतुर्युगियों का=ब्रह्म का एक दिन रात होता है ॥१७॥ दिनके आरम्भ में अव्यक्त प्रकृति से सब व्यक्तियें (सारा स्थूल जगत) उत्पन्न होती हैं, (फिर) रात्रि के आगमन पर उस ही अव्यक्त नामक प्रकृति में लीन होजाती हैं॥१८॥

भूतग्रामः स एवायं भूत्वा भूत्वा प्रलीयते ।
रात्र्यागमेऽवशः पार्थ प्रभवत्यहरागमे ॥१९॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

परस्तस्मात्तुभावोऽन्योव्यक्तोऽव्यक्तात्सनातनः
यः स सर्वेषु भूतेषु नश्यत्सु न विनश्यति ।२०।

हे अर्जुन ! वह ही यह भूतमात्र का समूह हो होकर रात्रि के आने पर विवश लय होता रहता है (और) दिन के आने पर उत्पन्न होता रहता है ॥१९॥ परन्तु उस स्थूल से सूक्ष्म अन्य एक सत्ता (Existance) है, जो सनातन है, जो सब भूतों के नष्ट होते हुए भी नष्ट नहीं होती ॥ २० ॥

अव्यक्तोऽक्षर इत्युक्तस्तमाहुः परमां गतिम् ।
यं प्राप्य न निवर्त्तन्ते तद्धाम परमं मम ॥२१॥
पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया ।
यस्यान्तःस्थानि भूतानि येन सर्वमिदं ततम् २२

* उस को अव्यक्त (अत्यन्त सूक्ष्म) अविनाशी कहा गया है, (उस को) सब से बढ़ की गति (दशा) कहते हैं, जिस को पाकर लौटते नहीं हैं, वह सर्वोच्च मेरा (मुझ मुक्तपुरुष कृष्ण का) धाम (मुक्ति) है ॥२१॥ * हे अर्जुन ! यह परमपुरुष (परमात्मा) तुझ को अनन्यभक्ति से मिल सकता है, जिस के भीतर भूत (उत्पन्न मात्र) समाये हुवे हैं, जिसने इस सब (जगत) को फैलाया है ॥ २२ ॥

यत्र काले त्वनावृत्तिमावृत्तिं चैव योगिनः ।
प्रयाता यान्ति तं कालं वक्ष्यामि भरतर्षभ २३
अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम् ।
तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जिस समय में देह त्यागने वाले योगी लोग मोक्ष को और पुनर्जन्म को निस्सन्देह पाते हैं, हे भरत कुलश्रेष्ठ ! उस समय को आगे वर्णन करूंगा ॥ २३ ॥ अग्नि, प्रकाश, दिन, शुक्लपक्ष, उत्तरायण छै महीने; इनमें देह त्याग वाले ब्रह्मज्ञानी जन ब्रह्म को प्राप्त हो जाते हैं ॥

धूमो रात्रिस्तथा कृष्णः षण्मासा दक्षिणायनम्
तत्र चान्द्रमसं ज्योतिर्योगी प्राप्य निवर्त्तते २५
शुक्लकृष्णे गती ह्येते जगतः शाश्वते मते ।
एकया यात्यनावृत्तिमन्ययाऽऽवर्त्तते पुनः ।२६।

धूआं, रात्रि, कृष्णपक्ष तथा छै महीने उत्तरायण इन में (देह त्यागने वाला) योगी चन्द्रमा की ज्योतिः को पाकर लौट आता है ॥२५॥ ये दो शुक्ल और कृष्ण गतियें जगत् को सदा की मानी हुई हैं (जिन में से कि) एक से न लौटने (मोक्ष) को पाता है, दूसरी (गति) से फिर लौट आता है ॥ २६ ॥

नैते सृती पार्थ जानन्योगी मुह्यति कश्चन ।
तस्मात्सर्वेषु कालेषु योगयुक्तो भवार्जुन २७
वेदेषु यज्ञेषु तपःसु चैव दानेषु यत्पुण्यफलं
प्रदिष्टम् । अत्येति तत्सर्वमिदं विदित्वा
योगी परं स्थानमुपैति चाद्यम् ॥ २८ ॥

हे पृथा के पुत्र ! कोई योगी इन दोनों गतियों को जानता हुवा भूलता नहीं है, इस कारण हे अर्जुन ! (तू) सब कालों में योगयुक्त होजा । (यह विषय इसी

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्रकार यजुर्वेद अध्याय १९ मंत्र ४७ तथा ऋग्वेद अष्टक ८ अध्याय ४ वर्ग १२ में सृती=स्रुती पाठभेद से आया है। यथाः—

"द्वे सृती अशृणवं पितॄणामहं देवानामुत मर्त्यानाम्। ताभ्यामिदं विश्वमेजत्समेति यदन्तरा पितरं मातरं च ॥ ६ ॥
य० अ० १९ मं० ४७ ॥"

अर्थ—मैंने मनुष्यों के दो मार्गों को सुना है। १- पितरों का और २-देवतों का। यह सब जगत् जो कि माता और पिता के बीच में (जन्मा) है, इन्हीं दोनों (मार्गों) से जाता है ॥ २७ ॥ वेदों में, यज्ञों में, तपश्चर्याओं में और दानों में जो पुण्यफल बतलाया गया है, योगी इस सब को जानकर लांघ जाता है और आदिम उत्तम स्थान को पाजाता है (आदिम उत्तम स्थान=सनातन ब्रह्म) ॥ २८ ॥

ओं तत्सदिति
श्रीमद्भगवद्गीतायां ब्रह्मविद्यायां
श्रीकृष्णार्जुनसंवादे अक्षरब्रह्मयोगो
नामाऽष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

यह श्रीमद्भगवद्गीता ब्रह्मविद्या कृष्णार्जुनसंवाद में
" अक्षरब्रह्मयोग " नाम
आठवां अध्याय समाप्त हुवा
॥ ८ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओ३म्

अथ नवमोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच-

इदं तु ते गुह्यतमं प्रवक्ष्याम्यनसूयवे ।
ज्ञानं विज्ञानसहितं यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यसेऽशुभात्
राजविद्या राजगुह्यं पवित्रमिदमुत्तमम् ।
प्रत्यक्षावगमं धर्म्यं सुसुखं कर्तुमव्ययम् ॥२॥

श्रीकृष्ण ने कहा कि तुझ निन्दा न करने वाले से (मैं) इस अत्यन्त गोप्य, विज्ञानसहित ज्ञान का वर्णन करूंगा, जिस को जान कर (तू) निश्चय बुराई से छूट जावेगा ॥१॥ यह राजाओं की विद्या, राजाओं का रहस्य, उत्तम, पवित्र, प्रत्यक्ष समझा हुवा, धर्मानुकूल,करने में अत्यन्त सुगम,नाशरहित (ज्ञान) है ॥२॥

अश्रद्दधानाः पुरुषा धर्मस्यास्य परन्तप ।
अप्राप्य मां निवर्त्तन्ते मृत्युसंसारवर्त्मनि ३
मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्तमूर्त्तिना ।
मत्स्थानि सर्वभूतानि न चाहं तेष्ववस्थितः

* हे शत्रुतापी ! इस धर्म पर श्रद्धा न रखने वाले लोग मुझे न पाकर मृत्यु और संसार के मार्ग में लौटते

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

हैं ॥ ३ ॥ * सूक्ष्मस्वरूप मैं (अहङ्कार सहित आत्मा) ने इस सब जगत को व्यापा हुवा है, सब भूत मेरे सहारे ठहरे हैं; परन्तु मैं उन के सहारे नहीं ॥ ४ ॥

न च मत्स्थानि भूतानि पश्य मे योगमैश्वरम्
भूतभृन्न च भूतस्थो ममात्मा भूतभावनः ॥५॥
यथाऽऽकाशस्थितो नित्यं वायुः सर्वत्रगो महान्
तथा सर्वाणि भूतानि मत्स्थानीत्युपधारय ॥६॥

(तू) मेरे (अहंतत्त्व सहित आत्मा के) योग सम्बन्धी ऐश्वर्य को देख, सब भूतमात्र उपादान कारण रूप से मेरे (आत्मा के) स्वरूप में स्थित भी नहीं है। भूतों का बनाने वाला मेरा आत्मा भूतों का धारण पालन पोषण करने वाला है सही; परन्तु भूतों में स्थित नहीं है (अर्थात् आत्मा न तो भूतों का उपादान कारण है, इस लिये न तो भूतरूप से भूतों में स्थित है और न भौतिक है; किन्तु भूतों का रचने वाला और भूतों का धारण पालन पोषण करने वाला है अर्थात् सर्वभूत आत्मा के सहारे से बनते और धारित, पालित और पोषित होते हैं) ॥ ५ ॥ जैसे कि आकाशस्थ वायु सर्वग महान् नित्य है, वैसे ही समझो कि सर्व-भूत आत्मा के सहारे ठहरे हैं (आत्मा के निकल जाने पर सर्वभूत मर जाते हैं) ॥ ६ ॥

सर्वभूतानि कौन्तेय प्रकृतिं यान्ति मामिकाम्
कल्पक्षये पुनस्तानि कल्पादौ विसृजाम्यहम्
प्रकृतिं स्वामवष्टभ्य विसृजामि पुनः पुनः ।
भूतग्राममिमं कृत्स्नमवशं प्रकृतेर्वशात् ॥८॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

हे कुन्ती के पुत्र ! कल्प के नाश (प्रलय काल) में सर्वभूत अहङ्कारसहित आत्मा की प्रकृति में पहुंच जाते (लीन होजाते) हैं, फिर उन को अहङ्कारसहित आत्मा कल्प के आरम्भ (सृष्टि के उत्पत्ति समय) में विविध प्रकार से रचता है ॥ ७ ॥ (मैं) इस सब पर-वश भूतसमुदाय को प्रकृति की अधीनता से अपनी प्रकृति को थांभ कर वारंवार विविध रीति से रचता हूं (अर्थात् अहङ्कारसहित आत्मा अपनी अपनी प्रकृति के अनुसार विवश=मजबूर होता हुवा प्रकृति की अधीनता से अनेक प्रकार के चराचर जगत् को अनेक रीति से अनेके रूपों में रच लेता है) ॥ ८ ॥

न च मां तानि कर्माणि निबध्नन्ति धनञ्जय
उदासीनवदासीनमसक्तं तेषु कर्मसु ॥ ९ ॥
मयाऽध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम् ।
हेतुनाऽनेन कौन्तेय जगद्विपरिवर्त्तते ॥१०॥

परन्तु हे धनञ्जय ! वे कर्म अहङ्कारसहित आत्मा को बन्धन में नहीं डाल सकते (जो कि उन कर्मों में फंसा न हो, उदासीन की नाईं बैठा हो ॥९॥ हे कुन्ती के पुत्र ! चराचरसहित (जगत) को मुझ अध्यक्ष से प्रकृति रचती है, इस हेतु से जगत लौट पौट होता रहता है ॥

अवजानन्ति मां मूढा मानुषीं तनुमाश्रितम्
परं भावमजानन्तो मम भूतमहेश्वरम् ॥११॥
मोघाशा मोघकर्माणोमोघज्ञाना विचेतसः।
राक्षसीमासुरीं चैव प्रकृतिं मोहनीं श्रिताः१२

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मूर्ख लोग, मनुष्यदेह को आश्रय करने वाले अहङ्कारसहित आत्मा की अवज्ञा करते हैं (वे) अहङ्कार सहित आत्मा के भूतों पर महा ऐश्वर्य सूक्ष्मभाव को नहीं जानते (अर्थात् सर्वसाधारण मूर्ख लोग भूतात्मवादी होकर समझते हैं कि आत्मा कोई वस्तु नहीं, केवल प्रकृति ही स्वतन्त्रता से जीवरूप बन जाती है, वे लोग आत्माके सूक्ष्म स्वरूप तक नहीं पहुंचते; किन्तु स्थूल प्राकृत माया मोह में ही फंसे रहते हैं, जैसा कि अर्जुन मायामोह में फंसकर आत्माको न पहचानता हुवा अपने भाई बन्धुओं के मोह में पड़ कर अपने क्षात्र धर्म धर्मयुद्ध से हटा जाता है) ॥ ११ ॥ (वे) निष्फल आशा वाले, व्यर्थ कर्म करने वाले, विफल ज्ञान वाले, नष्टबुद्धि लोग राक्षसों की और असुरों की मोहनी प्रकृति का सहारा ले रहे हैं ॥ १२ ॥

महात्मानस्तु मां पार्थ दैवीं प्रकृतिमाश्रिताः
भजन्त्यनन्यमनसो ज्ञात्वा भूतादिमव्ययम् १३
सततं कीर्तयन्तो मां यतन्तश्च दृढव्रताः ।
नमस्यन्तश्च मां भक्त्या नित्ययुक्ता उपासते

परन्तु हे पृथा के पुत्र ! महात्मा जन तो देवतों की प्रकृति का आश्रय करते हुए अनन्यचित्त वाले मुझ को भूतों का आदि अविनाशी जान कर भजते हैं (अर्थात् जो दैवी प्रकृति के पुरुष हैं वे तो आत्मा को भूतों का बनाने वाला और अविनाशी समझ कर अनन्य मन से आत्मा ही का भजन=सेवन करते हैं) ॥ १३ ॥ निरन्तर मेरा कीर्तन करते हुए, दृढ़ नियम

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वाले और यत्न करते हुए और भक्ति से मुझको नमस्कार करते हुए, नित्य एकाग्रचित्त वाले (मेरे) पास बैठते हैं॥

ज्ञानयज्ञेन चाप्यन्ये यजन्तो मामुपासते।
एकत्वेन पृथक्त्वेन बहुधा विश्वतोमुखम् १५
अहं क्रतुरहं यज्ञः स्वधाहमहमौषधम् ।
मन्त्रोहमहमेवाज्यमहमग्निरहं हुतम् ॥ १६ ॥

और दूसरे लोग ज्ञानयज्ञ से भी सत्कार करते हुए मेरे पास बैठते हैं (जो मैं) एक रूप से (और) पृथक् रूप से बहुत प्रकार से सब ओर मुख वाला (हूं) (अर्थात् पूर्व श्लोकमें कहे अनेक मेरे भक्त लोग साक्षात् मेरे पास आते हैं और भक्तिसे मेरा नाम लेकर मुझको नमस्कार करते हैं और बहुत से लोग दूर रहते हुवे भी केवल मानसिक समीपता से मुझ पर श्रद्धा करते हैं और समझते हैं कि मैं=अहङ्कारसहित आत्मा सर्व-तोमुख हूं तथा एक रस होने से एक, और प्रत्येक व्यक्ति में भिन्न २ होने से पृथक् २ भी हूं । ऐसे लोग दूर रहते हुए भी मेरा ही सत्सङ्ग करते हैं) ॥ १५ ॥ मैं कर्मरूप हूं, मैं यज्ञरूप हूं, मैं स्वधारूप हूं, मैं औषध-रूप हूं, मैं मन्त्ररूप हूं, मैं ही घृतरूप हूं, मैं अग्निरूप हूं, मैं हव्यरूप हूं (अर्थात् संसाररूपी यज्ञ में सब कुछ मैं ही हूं। अहङ्कारसहित आत्मा ही इस संसार में कर्म करने वाला है, देवयज्ञ करने वाला है, पितरों का अन्न देने वाला है, औषधि के समान हित करने वाला है, मन्त्र के समान हितकारक सम्मति देने वाला

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

है, वही घृतके समान साररूप है, वही अग्निके समान इस संसारयज्ञ में प्रयोजनीय पदार्थों का उचित स्थान पर पहुंचाने वाला बल है और वही अनेक अवस्थाओं में स्वयं प्रयोजनीय पदार्थ बन जाता है) ॥ १६ ॥

पिताऽहमस्य जगतो माता धाता पितामहः
वेद्यं पवित्रमोङ्कार ऋक् साम यजुरेव च १७
गतिर्भर्त्ता प्रभुः साक्षी निवासः शरणं सुहृत्
प्रभावः प्रलयः स्थानं विधानं बीजमव्ययम् १८

अहङ्कारसहित आत्मा इस जगत् का पिता माता धाता पितामह जानने योग्य पवित्र ओङ्कार ऋक् साम और यजु भी है (अहङ्कारसहित आत्मा ही पिता के समान इस जगत् का उत्पादक है, वही माता के समान इस का मान्य करने वाला, धारण करने वाला, पिताओं का पिता=पितामह, वह जानने योग्य है, वह पवित्र है=उस में किसी प्रकार की मलिनता नहीं, समस्त वेदों का ज्ञान और ब्रह्म का ज्ञान, जिस का नाम ओङ्कार है, सब कुछ इस अहङ्कारविशिष्ट आत्मा ही से है, यह न हो तो कुछ नहीं) ॥ १७ ॥ मार्ग, भर्ता, प्रभु, साक्षी, निवासस्थान, शरण, मित्र, उत्पत्तिस्थान, प्रलयस्थान, ठिकाना, निधान=ख़ज़ाना, अविनाशी बीज, (सब कुछ अहङ्कारविशिष्ट आत्मा ही है उस के विना कुछ नहीं) ॥ १८ ॥

तपाम्यऽहमहं वर्षं निगृह्णाम्युत्सृजामि च।
अमृतं चैव मृत्युश्च सदसच्चाहमर्जुन ॥ १९॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

त्रैविद्या मां सोमपाः पूतपापा यज्ञैरिष्ट्वा स्वर्गतिं प्रार्थयन्ते। ते पुण्यमासाद्य सुरेन्द्र-लोक मश्नन्ति दिव्यान् दिवि देवभोगान् २०

अहङ्कारविशिष्ट आत्मा तपता है, अहङ्कारविशिष्ट आत्मा वर्षता है, प्रलय करता है और उत्पत्ति करता है। (वही) मोक्ष करता है और मृत्यु भी करता है। हे अर्जुन ! वह प्रतीयमान है और अप्रतीयमान है (अर्थात् विचारने वालों को प्रतीत होता है और विचाररहित मूर्खों को प्रतीत नहीं होता। अहङ्कार विशिष्ट आत्मा सूर्य में रहता हुवा तपता है और मेघ मण्डल में रहता हुवा वर्षा करता है, वही देह को त्याग कर उस का प्रलय करता है तथा अन्य देह को ग्रहण करके उस को उत्पन्न करता है, वही ज्ञान द्वारा मोक्ष को प्राप्त करता है और कर्म द्वारा संसारचक्र में जन्म मरण पाता है)॥ १९॥ तीनों वेदों के जानने वाले, सोमपान करने वाले, पाप से पवित्र=पाक लोग यज्ञों से मेरा पूजन करके स्वर्ग पाना चाहते हैं। वे पवित्र देवेन्द्र लोक में बैठ कर स्वर्ग में देवतों के दिव्य-भोगों को भोगते हैं (अर्थात् जो लोग चाहते हैं कि हम को यज्ञ करने से स्वर्ग मिले, इस अभिप्राय से वेदों को पढ़ते हैं, सोमपान करते हैं, पापों से बचकर पवित्र होजाते हैं, उन को दिव्य पवित्र इन्द्रलोक (राज्य ऐश्वर्य) मिलता है। जहां वे देवतारूप होकर अलौ-किक भोगों को, जो साधारणों को प्राप्त नहीं, भोगते हैं। यह सब फल उन लोगों को होता है जो विधि-

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पूर्वक अग्निष्टोमादि यज्ञ करते हैं और अपने अहङ्कार-विशिष्ट आत्मा की उन्नति करते हैं अर्थात् धार्मिक जीवन व्यतीत करते हैं) ॥ २० ॥

ते तं भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति। एवं त्रयी धर्ममनुप्रपन्ना गतागतं कामकामा लभन्ते ॥ २१ ॥ अनन्याश्चिन्तयन्तोमां ये जनाः पर्युपासते । तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्

वे (याज्ञिक लोग) उस विशाल स्वर्गलोक को भोग कर पुण्य क्षीण होने पर मनुष्यलोक में प्रवेश करते (जन्म लेते) हैं। इस प्रकार काम की इच्छा करने वाले वेदोक्तधर्म के अनुयायी जाने आने (आवागमन) को पाते हैं ॥ २१ ॥ जो लोग अन्य किसी में चित्त न लगाते हुए मेरा चिन्तन करते हुए सब ओर से सत्सङ्ग करते हैं, मैं उन नित्य ठीक साधन में लगे हुओं को योगक्षेम (निर्वाह सामग्री) पहुंचाता हूं २२

येप्यऽन्यदेवताभक्तायजन्तेश्रद्धयाऽन्विताः । तेऽपि मामेव कौन्तेय यजन्त्यऽविधिपूर्वकम्। अहं हि सर्वयज्ञानां भोक्ता च प्रभुरेव च । न तु मामऽभिजानन्ति तत्त्वेनातश्च्यवन्ति ते॥

हे कुन्ती के पुत्र ! जो लोग अन्य देवताओं (विद्वानों) की भक्ति करने वाले भी श्रद्धा से युक्त हुए पूजन करते हैं, वे भी अविधिपूर्वक मेरा ही पूजन करते हैं (अर्थात् अन्य विद्वानों के सत्सङ्ग से भी वही फल होता है जो मेरे सत्सङ्ग से होता है। केवल अन्तर

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इतना है कि साक्षात मेरे भक्त विधिपूर्वक काम करते हैं परन्तु अन्य विद्वानों के भक्त भी वही काम करते हैं और उसी सिद्धि को पाते हैं, केवल विधि का भेद है) २३ क्योंकि मैं सब यज्ञों का भोक्ता और स्वामी भी हूं इस लिये वे (जो अविधिपूर्वक मेरा सत्सङ्ग करते हैं) मुझ को निश्चितरूप से नहीं पहचानते, इस कारण तत्त्व (असलियत) से गिर जाते हैं ॥ २४ ॥

यान्ति देवव्रता देवान् पितॄन्यान्ति पितृव्रताः
भूतानियान्तिभूतेज्यायान्तिमद्याजिनोपिमाम्
पत्रं पुष्पं फलं तोयं योमे भक्त्या प्रयच्छति
तदहं भक्त्युपहृतमश्नामि प्रयतात्मनः ॥२६॥

देवतों का व्रत करने वाले देवतों को प्राप्त होते हैं, पितरों का व्रत करने वाले पितरों को प्राप्त होते हैं, अन्य भूतों के पूजने वाले भूतों को प्राप्त होते हैं, मेरे पूजने वाले मुझ को भी प्राप्त होते हैं (अर्थात जो जिस की पूजा सत्कार सत्सङ्ग सेवा करता है वह वैसा ही हो जाता है) ॥ २५ ॥ जो (पुरुष) भक्ति से मुझ को पत्र, पुष्प, फल और जल देता है उस वशीकृतचित्त वाले का भक्ति से भेट किया हुवा मैं भोग लगाता हूं॥

यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत्
यत्तपस्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम् २७
शुभाशुभफलैरेवं मोक्ष्यसे कर्मबन्धनैः ।
संन्यासयोगयुक्तात्मा विमुक्तोमामुपैष्यसि ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

हे कुन्ती के पुत्र ! (तू) जो कुछ करता है, जो कुछ खाता है, जो कुछ होम करता है, जो कुछ दान करता है (और) जो कुछ तप करता है, वह (सब) मेरे अर्पण करदे (अर्थात् अपने समस्त कर्मों का फल पाने का ज़िम्मेवार=उत्तरदाता मुझ को जानले) ॥२७॥ इस प्रकार शुभ अशुभ फल वाले कर्मबन्धनों से (तू) छूट जावेगा (और संन्यासयोग में मन लगाने वाला, स्वतन्त्र (तू) मेरे समीप आजावेगा ॥ २८ ॥

समोऽहं सर्वभूतेषु न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रियः
ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम्
अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक् ।
साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः

(यद्यपि) मैं सर्वभूतों पर समदृष्टि हूं, न मेरा शत्रु है, न प्यारा है, परन्तु जो मुझ को भक्ति से सेवन करते हैं, वे मुझ में और मैं उन में हूं ॥ २९ ॥ कोई बहुत दुराचारी भी अनन्यसेवक यदि मेरी सेवा करता है, उस को साधु ही समझना चाहिये, क्योंकि उस ने अच्छा निश्चय कर लिया है (अर्थात मेरा सत्सङ्गी कितना ही दुराचारी हो; परन्तु मेरे सङ्ग से जब उस को कर्त्तव्याऽकर्त्तव्य का ठीक निश्चय हो जाता है तब समझना चाहिये कि वह सदाचारी ही हो गया, उस के सदाचारी होने में देरी और संशय मत समझो) ३०

क्षिप्रं भवति धर्मात्मा शश्वच्छान्तिं निगच्छति
कौन्तेय प्रतिजानीहि न मे भक्तः प्रणश्यति

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मांहि पार्थ व्यपाश्रित्य येऽपिस्युः पापयोनयः
स्त्रियोवैश्यास्तथाशूद्रास्तेऽपि यान्तिपरांगतिम्

हे कुन्ती के पुत्र! विश्वास करो कि मेरा भक्त तत्काल धर्मात्मा हो जाता है, निरन्तर शान्ति को प्राप्त होता है, नष्ट नहीं होता ॥ ३१ ॥ हे पृथा के पुत्र! जो लोग पापयोनि (नीचयोनि) भी हों;परन्तु मेरा आश्रय लेकर स्त्रियां, वैश्य तथा शूद्र; वे भी परमगति को प्राप्त होते हैं (अर्थात् श्रीकृष्ण के समय में आर्यावर्त्त की इतनी अधोगति हो चुकी थी कि शूद्र तो शूद्र,किन्तु स्त्रियां और वैश्यभी नीचयोनि समझे जाने लगे थे। श्रीकृष्ण का विश्वास था कि जो मेरे वचन में श्रद्धा करेंगे वे चाहे नीचयोनि समझे जाते हैं, वे फिर नीचयोनि नहीं रहेंगे और मुक्ति तक पासकेंगे) ॥३२॥

किं पुनर्ब्राह्मणाः पुण्या भक्ता राजर्षयस्तथा
अनित्यमसुखं लोकमिमं प्राप्य भजस्व माम्
मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु
मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः ३४

फिर पवित्र ब्राह्मण और (तेरे जैसे) भक्त राजर्षियों का तो कहना ही क्या है । (तू) इस अनित्य, सुखविहीन लोक को पाकर मेरा सेवन कर ॥ ३३ ॥ (तू) मुझ में मन लगाने वाला हो, मेरा भक्त, मेरा पूजनेवाला (हो), मुझ को नमस्कार कर । इस प्रकार मुझ में तत्पर होता हुवा मन को वश में करके मेरे ही समीप आजायगा (जीवन्मुक्त हो जायगा) ॥३४॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओं तत्सदिति
श्रीमद्भगवद्गीतायां ब्रह्मविद्यायां
श्रीकृष्णार्जुनसंवादे
राजविद्याराजगुह्ययोगोनाम नवमोऽध्यायः
यह श्रीमद्भगवद्गीता ब्रह्मविद्या कृष्णार्जुनसंवाद में
"राजविद्या राजगुह्य योग"
नाम का नवमाऽध्याय समाप्त हुवा ॥ ९ ॥

ओ३म्

अथ दशमोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच—

भूयएव महाबाहो शृणु मे परमं वचः ।
यत्तेऽहं प्रीयमाणाय वक्ष्यामि हितकाम्यया १

न मे विदुः सुरगणाः प्रभवं न महर्षयः ।
अहमादिर्हि देवानां महर्षीणां च सर्वशः ।२।

श्रीकृष्ण ने कहा कि हे महाबाहु ! भलाई की कामना से जो तुझ प्रीतिपात्र से मैं कहूंगा (उस) मेरे उत्तम वचन को फिर भी सुन ॥ (दसवें और ग्यार-

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

हवें अध्याय में विभूति और विश्वरूप दर्शन का वर्णन है। इस के पश्चात् बारहवें अध्याय में प्रथम श्लोक के साथ नवें अध्याय के अन्तिम श्लोक का सम्बन्ध मिलाया जावे तो ठीक मिलजाता है; क्योंकि नवें अध्याय के अन्तिम श्लोक में श्रीकृष्ण ने कहा है कि हे अर्जुन! तू सब प्रकार से मेरा भक्त होजा, फिर इस युद्धमें तुझको कुछ भी संकोच और भय तथा आगे पीछे का सोचना आवश्यक नहीं रहेगा और तब तू ठीक मेरी ही अवस्था को प्राप्त होजायगा। उसीपर अर्जुन ने बारहवें अध्याय के आरम्भ में प्रश्न किया है कि तुम्हारी भक्ति और ईश्वर की भक्ति में फल की क्या विशेषता है और किन को अच्छा फल होता है? जिस से पाया जाता है कि न तो श्रीकृष्ण ने अपने को ईश्वर कहा और न अर्जुन ने श्रीकृष्ण को परमात्मा समझा, तब फिर बीच के १० वें और ११ वें अध्याय में श्रीकृष्ण का अपने आप को परमेश्वर वर्णन करना परस्परविरोध नहीं तो क्या है? इस लिये मैं समझता हूं कि श्रीकृष्ण और वेदव्यास जिन्हों ने गीताको कहा और बनाया है, इन दोनों के मत से ये दोनों अध्याय विरुद्ध हैं॥

२–इन दोनों अध्यायों में जो ऐश्वर्य वर्णन किया गया है, यदि उस को परमेश्वर का ऐश्वर्य भी मानलें और यह भी मानलें कि श्रीकृष्ण परमेश्वर थे तौ भी इन अध्यायों में कई बातें ऐसी वर्णन की गयीं हैं, जो अन्य शास्त्रों के, वेदों के और बुद्धि के विपरीत हैं। जैसे ११। ६ में ४ मनु बतलाये हैं, जोकि सब स्मृतियों

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

में कहे हुवे १४ मनुवों के विपरीत हैं। १०-१२ में "भवान्" शब्द प्रथमा विभक्ति में बेजोड़ और अनन्वित है। १०-१३ में जो साक्षी दी है कि श्रीकृष्ण को नारद, असित, देवल और व्यास परमेश्वर बतलाते हैं, सो भी असत्य है; क्योंकि वर्त्तमान नारद-स्मृति, देवलस्मृति और व्यासस्मृति में श्रीकृष्ण को परमेश्वर नहीं बताया गया और जब १०-१४ के अनुसार अर्जुन को निश्चय था कि श्रीकृष्ण परमेश्वर हैं, तब उस को श्री कृष्ण से बूझने की क्या आवश्यकता थी? १०-२१ में चन्द्रमा को नक्षत्रों में गिना है, जो समस्त ज्योतिष-शास्त्र के विरुद्ध है; क्योंकि सर्वशास्त्र जिन अट्ठाईस नक्षत्रों का वर्णन करते हैं, उन में चन्द्रमा की गणना कहीं भी नहीं है। १०-२२ में कहा है कि इन्द्रियों में मन 'मैं' हूं। यह सर्वशास्त्रविरुद्ध है; क्योंकि सर्वशास्त्रों में इन्द्रियां दश गिनी गयी हैं और मन उन से पृथक् गिनाया गया है। १०-२३ में कहा है कि पर्वतों में सुमेरु 'मैं' हूं, यही बात १० २५ में भी कही है, इस लिये पुनरुक्त है। १०-२७ में जिस उच्चैःश्रवा नाम घोड़े को श्रीकृष्ण ने अपना स्वरूप कहा है, उस की कथा भी पौराणिककल्पना है कि समुद्र को मथ कर उस में से उच्चैःश्रवा नाम घोड़ा निकाला गया। ऐसी कथाएं, जो असम्भव हैं, गीता में अन्यत्र नहीं पाई जातीं। १०-२८ में कहा है कि सर्पों में 'वासुकि' मैं हूं, फिर १०-२९ में कहा है कि "नागों में अनन्त मैं हूं", नाग और सर्प एक ही वस्तु का नाम है, इस लिये पुनरुक्ति है। इसी प्रकार १०-२९ में कहा है कि पितरों में "अर्यमा मैं हूं

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

और यम भी मैं हूं", यम और अर्यमा पर्यायवाचक हैं इस लिये यह भी पुनरुक्ति है। १०-३६ में कहा है कि "छलियों में जुवा खेलना मैं हूं" यह कथन ईश्वर विषय में सर्वथा निन्दनीय है। सब शास्त्र जुवे को पाप मानते हैं, फिर ईश्वरमें पापकी कल्पना कैसी घिनौनी है॥

३-अध्याय ११ श्लोक १५ से ३० तक ५० श्लोक अनुष्टुप् छन्द में नहीं हैं, जिस छन्द में कि समस्त गीता है। यह भी एक सन्देहजनक बात है; क्योंकि जिन गीताभक्तों ने गीता को वेद के समान एक माला-मन्त्र मान लिया है और वेद के समान गीता के भी ऋषि, देवता और छन्द बतलाये हैं, वहां भी गीता का अनुष्टुप् छन्द बतलाया है, अन्य छन्द नहीं। देखो भग-वद्गीता अङ्गरेज़ी टीका मिसेस एनीबिसेण्ट छापा थियो-सोफ़िकल पब्लिशिङ्ग सोसायटी लण्डन और बनारस सन् १९०५ ताराप्रिंटिङ्ग वर्क्स बनारस, पृष्ठ २७ गीता करादिन्यास पङ्क्ति २ और ३ " ओ३म् अस्य श्रीभग-वद्गीतामालामन्त्रस्य भगवान् वेदव्यास ऋषिः। अनु-ष्टुप् छन्दः "। ११-१७ में श्रीकृष्ण भगवान् के विराट् रूप का वर्णन करते हुए जहां सूर्य और चन्द्रमा को उस की आंख बतलाया है वहां इस श्लोक में मुकुट, गदा और चक्र धारण करने वाला व्यक्तिविशेष भी बतलाया है, जो ११। १९ के विपरीत है। ११। ४६ में भी श्रीकृष्ण को चतुर्भुज कहा है वह भी सर्व इतिहास ग्रन्थों के विरुद्ध है। इत्यादि कारणों से ये दोनों अध्याय श्रीकृष्ण के पौराणिक भक्तों के बनाये प्रतीत होते हैं) ॥१॥ महर्षि लोग और देवगण मेरी उत्पत्ति को नहीं जानते, क्योंकि मैं महर्षियों और देवतों से पहला हूं २

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यो मामजमनादिं च वेत्ति लोकमहेश्वरम् ।
असंमूढः स मर्त्येषु सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥३॥
बुद्धिर्ज्ञानमसंमोहः क्षमा सत्यं दमः शमः ।
सुखं दुःखं भवोऽभावो भयं चाऽभयमेव च

जो मुझ को अजन्मा और अनादि, सब लोकों का महेश्वर जानता है वह मनुष्यों में बिना भूला हुवा सब पापों से छूट जाता है ॥ ३॥ बुद्धि, ज्ञान, न भूलना, क्षमा, सत्य, दम, शम, सुख, दुःख, होना, न होना और भय तथा अभय ॥ ४ ॥

अहिंसा समता तुष्टिस्तपोदानं यशोऽयशः।
भवन्ति भावा भूतानां मत्त एव पृथग्विधाः
महर्षयः सप्त पूर्वे चत्वारो मनवस्तथा ।
मद्भावा मानसा जाता येषां लोक इमाः प्रजाः६

अहिंसा, समदृष्टि, सन्तोष, तप, दान, यश, अपयश (ये सब) भिन्न २ प्रकार के भूतों के भाव मुझ से ही होते हैं ॥ ५ ॥ पहिले सात महर्षि तथा ४ मनु उत्पन्न हुए (वे) मेरे मन से उत्पन्न हुए थे, संसार में जिन की यह सब सन्तानें हैं ॥ ६ ॥

एतां विभूतिं योगं च मम यो वेत्ति तत्त्वतः
सोऽविकम्पेन योगेन युज्यते नाऽत्र संशयः ७
अहं सर्वस्य प्रभवो मत्तः सर्वं प्रवर्त्तते ।
इति मत्वा भजन्ते मां बुधा भावसमन्विताः८

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जो मेरी इस विभूति और योग को तत्त्व से जान लेता है, वह निष्कम्प योग से युक्त हो जाता है, इस में संशय नहीं ॥ ७ ॥ मैं सब का उत्पत्तिस्थान हूं, मुझ से सब प्रवृत्त हुआ है, ऐसा मान कर विद्वान् लोग भक्तियुक्त हो कर मेरा भजन करते हैं ॥ ८ ॥

मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परम् ।
कथयन्तश्च मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च ९
तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम् ।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते ॥

मुझ में चित्त लगाते, प्राणों को मुझ में पहुंचाते, एक दूसरे को समझाते और मेरा कीर्त्तन करते हुए नित्य सन्तुष्ट होते हैं और विलास करते हैं ॥ ९ ॥ उन निरन्तर योग साधने वालों, प्रीतिपूर्वक भजन करने वालों को (मैं) वह बुद्धियोग देता हूं, जिस से वे मेरे समीप आ जाते हैं ॥ १० ॥

तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः ।
नाशयाम्यात्मभावस्थोज्ञानदीपेन भास्वता

अर्जुनउवाच—

परं ब्रह्म परं धाम पवित्रं परमं भवान् ।
पुरुषं शाश्वतं दिव्यमादिदेवमजं विभुम् ॥

मैं अपनी सत्ता में स्थित हुवा, उन पर ही कृपा करने के लिये, प्रकाशमान ज्ञानरूपी दीपक से, अज्ञानोत्पन्न अन्धकार का नाश करता हूं ॥ ११ ॥ अर्जुन ने

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कहा कि आप को परब्रह्म, परमधाम, पवित्र, सनातन पुरुष, अलौकिक, आदि देव, अजन्मा, और व्यापक-

आहुस्त्वामृषयः सर्वे देवर्षिर्नारदस्तथा।
असितोदेवलोव्यासः स्वयं चैव ब्रवीषि मे
सर्वमेतदृतं मन्ये यन्मां वदसि केशवः।
न हि ते भगवन् व्यक्तिं विदुर्देवा न दानवाः

सब ऋषि लोग कहते हैं तथा देवर्षि नारद जी, असित, देवल, व्यास और (आप) स्वयं भी मुझ से कहते हो ॥ १३ ॥ हे केशव! जो (तुम) मुझ से कहते हो, इस सब को (मैं) सत्य मानता हूं। हे भगवन्! आपके स्वरूप को देवता (और) दानव नहीं जानते ॥

स्वयमेवात्मनाऽत्मानं वेत्थ त्वं पुरुषोत्तम।
भूतभावन भूतेश देवदेव जगत्पते ॥ १५ ॥
वक्तुमर्हस्यशेषेण दिव्या ह्यात्मविभूतयः।
याभिर्विभूतिभिर्लोकानिमांस्त्वं वाप्य तिष्ठसि

हे पुरुषोत्तम! तुम स्वयं ही अपने आपको जानते हो। हे भूतभावन! हे भूतमात्र के स्वामिन्! हे देवों के देव! हे हे जगत् के स्वामिन्! ॥ १५ ॥ तुम जिन विभूतियों से इन सब लोकों में व्याप कर स्थित हो, (उन) अपनी अलौकिक विभूतियों को निःशेष कर के कहना चाहिये। (आत्मविभूतयः=आत्मविभूतीः ऐसा द्वितीया विभक्ति का प्रयोग चाहिये था) ॥ १६ ॥

कथं विद्यामहं योगिंस्त्वां सदा परिचिन्तयन्
केषु केषु च भावेषु चिन्त्योसि भगवन्मया १७

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

विस्तरेणात्मनो योगं विभूतिं च जनार्दन।
भूयः कथय तृप्तिर्हि शृण्वतो नास्ति मेऽमृतम्

हे योगिन् ! सदा सब ओर से चिन्तन करता हुवा (मैं) आप को कैसे जानूं ? हे भगवन् ! (तुम) किन २ स्वरूपों में मुझ से चिन्तन किये जासक्ते हो ? ॥१७॥ हे जनार्दन ! अपनी विभूति और योग को फिर विस्तार से कहिये, क्योंकि अमृत को सुनते हुवे मेरी तृप्ति नहीं होती ॥ १८ ॥

श्रीभगवानुवाच-

हन्त ते कथयिष्यामि दिव्या ह्यात्मविभूतयः
प्राधान्यतः कुलश्रेष्ठ नास्त्यन्तो विस्तरस्य मे
अहमात्मा गुडाकेश सर्वभूताशयस्थितः।
अहमादिश्च मध्यं च भूतानामन्त एव च ॥२०॥

श्रीकृष्ण ने कहा कि बहुत अच्छा, हे कुरुकुलश्रेष्ठ ! (मैं) अपनी अलौकिक विभूतियों को मुख्य २ करके (क्योंकि) मेरे विस्तार का अन्त नहीं है ॥ (यहां भी द्वितीया के स्थान में प्रथमा अशुद्ध है) ॥ १९ ॥ हे गुडाकेश=गुडाका के पति=अर्जुन ! मैं सब भूतमात्र के हृदय में बैठा हुवा आत्मा हूं और मैं सब भूतों का आदि और मध्य और अन्त भी हूं ॥ २० ॥

आदित्यानामहं विष्णुर्ज्योतिषां रविरंशुमान्
मरीचिर्मरुतामस्मि नक्षत्राणामहं शशी २१

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वेदानां सामवेदोऽस्मि देवानामस्मि वासवः
इन्द्रियाणां मनश्चास्मि भूतानामस्मि चेतना२२

(१२) आदित्यों में "विष्णु" * मैं हूं। ज्योतिः वालों में किरणों वाला 'सूर्य' (हूं)। (४९) मरुतों में 'मरीचि' नामक (मैं) हूं। नक्षत्रों में "चन्द्रमा" * (मैं) हूं ॥ २१ ॥ वेदों में "सामवेद" हूं, देवतों में "इन्द्र" हूं और इन्द्रियों में "मन" * हूं। भूतमात्र में चेतन हूं ॥ २२ ॥

रुद्राणां शङ्करश्चास्मि वित्तेशो यक्षरक्षसाम्।
वसूनां पावकश्चास्मि मेरुः शिखरिणामहम्।
पुरोधसां च मुख्यं मां विद्धि पार्थ बृहस्पतिम्।
सेनानीनामहं स्कन्दः सरसामस्मि सागरः२४

रुद्रों में "शङ्कर" और यक्ष राक्षसों में "कुबेर" हूं। वसुओं में "अग्नि" मैं हूं और पर्वतों में "सुमेरु" हूं ॥ २३ ॥ हे पृथा के पुत्र ! मुझ को पुरोहितों में मुख्य "बृहस्पति" जानो और सेनापतियों में "स्वामिकार्त्तिक" मैं हूं, जलाशयों में "समुद्र" हूं ॥ २४ ॥

महर्षीणां भृगुरहं गिरामस्म्येकमक्षरम्।
यज्ञानां जपयज्ञोऽस्मि स्थावराणां हिमालयः
अश्वत्थः सर्ववृक्षाणां देवर्षीणां च नारदः।
गन्धर्वाणां चित्ररथः सिद्धानां कपिलोमुनिः

महर्षियों में मैं "शुक्राचार्य (हूं), वाणियों में एक अक्षर (ओंकार) हूं, यज्ञों में "जपयज्ञ" हूं, स्थिर

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वस्तुवों में " हिमालय " (हूं) ॥ २५ ॥ सर्व वृत्तों में " पीपल " और देवर्षियों में " नारद ", गन्धर्वों में " चित्ररथ ", सिद्धों में "कपिल मुनि" (हूं) ॥ २६ ॥

उच्चैःश्रवसमश्वानां विद्धि माममृतोद्भवम् ।
ऐरावतं गजेन्द्राणां नराणां च नराधिपम्॥२७॥
आयुधानामहं वज्रं धेनूनामस्मि कामधुक् ।
प्रजनश्चास्मि कन्दर्पः सर्पाणामस्मि वासुकिः

अश्वों में मुझ को अमृत से उत्पन्न " उच्चैःश्रवा " जानो । बड़े हाथियों में " ऐरावत " और मनुष्यों में " मनुष्यों का राजा " (मुझ को जानो) ॥ २७ ॥ हथियारों में " वज्र ", गौओं में " कामधेनु " मैं हूं और उत्पत्तिकर्त्ता 'कामदेव' हूं ! सर्पोंमें 'वासुकि हूं ॥२८॥

अनन्तश्चास्मि नागानां वरुणो यादसामहम्।
पितॄणामर्यमा चास्मि यमः संयमतामहम् २९
प्रल्हादश्चास्मि दैत्यानां कालः कलयतामहम्
मृगाणां च मृगेन्द्रोहं वैनतेयश्च पक्षिणाम्३०

नागों में "अनन्त"=शेषनाग हूं और जल जन्तुओं में "वरुण"मैं हूं। पितरों में "यमराज" हूं और शासकों में " यम " मैं (हूं) ॥ २९ ॥ और दैत्यों में "प्रह्लाद" हूं मैं गिनने वालों में "काल" हूं और जङ्गली जीवों में 'सिंह' हूं और पक्षियों में 'नीलकण्ठ' ॥ ३० ॥

पवनः पवतामस्मि रामः शस्त्रभृतामहम् ।
झषाणां मकरश्चास्मि स्रोतसामस्मि जाह्नवी

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सर्गाणामादिरन्तश्च मध्यं चैवाहमर्जुन ।
अध्यात्मविद्या विद्यानां वादः प्रवदतामहम् ॥

शोधने वालों में " पवन " हूं । शस्त्रधारियों में "राम" मैं हूं और मछलियों में " मकर=मगर " हूं, नदियों में " गङ्गा " हूं ॥ ३१ ॥ हे अर्जुन ! सृष्टियों का आदि और मध्य और अन्त भी (मैं हूं)। विद्याओं में "आत्मविषयकविद्या,="अध्यात्मविद्या" वक्ताओं में वाद=स्पीच मैं (हूं) ॥

अक्षराणामकारोऽस्मि द्वन्द्वःसामासिकस्य च
अहमेवाक्षयः कालोधाताऽहं विश्वतोमुखः ३३
मृत्युः सर्वहरश्चाहमुद्भवश्च भविष्यताम् ।
कीर्तिःश्रीर्वाक्चनारीणांस्मृतिर्मेधाधृतिःक्षमा

अक्षरों में "अकार" हूं और समास के प्रकरण का "द्वन्द्व" । मैं ही अविनाशी काल (हूं), मैं सब ओर मुख रखने वाला "धारण करने वाला" (हूं) (संस्कृत में चार समास होते हैं, उन में से तीसरे समास को वैयाकरण लोग "द्वन्द्व" कहते हैं)॥ ३३ ॥ मैं सब को छीनने वाली 'मौत' भी (हूं) और होने वालों में उत्पत्तिरूप (हूं) स्त्रियों में कीर्त्ति, लक्ष्मी और वाणी, स्मृति, बुद्धि, धृति, क्षमा (हूं) ॥ ३४ ॥

बृहत्साम तथा साम्नां गायत्री छन्दसामहम् ।
मासानां मार्गशीर्षोऽहमृतूनां कुसुमाकरः ३५
द्यूतं छलयतामस्मि तेजस्तेजस्विनामहम् ।
जयोऽस्मि व्यवसायोऽस्मि सत्त्वं सत्त्ववतामहम्

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

तथा सामगानों में "बृहत्साम", छन्दों में 'गायत्री' मैं (हूं)। महीनों में मार्गशीर्ष, ऋतुओं में वसन्त मैं (हूं) ॥ ३५ ॥ छलियाओं में "जुवा" * हूं। मैं तेजस्वियों में 'तेज' (हूं), "जय" हूं, "दृढ निश्चय" हूं। सच्चों में "सचाई" मैं (हूं) ॥ ३६ ॥

वृष्णीनां वासुदेवोऽस्मि पाण्डवानां धनञ्जयः।
मुनीनामप्यहं व्यासः कवीनामुशना कविः ३७
दण्डो दमयतामस्मि नीतिरस्मि जिगीषताम्
मौनं चैवास्मि गुह्यानां ज्ञानं ज्ञानवतामहम् ३८

यदुवंशियों में वसुदेव का पुत्र="वासुदेव" हूं। पाण्डवों में "अर्जुन" मुनियों में "व्यास" भी मैं (हूं)। कवियों में "शुक्राचार्य कवि" (हूं)। (श्लोक २५ वें से पुनरुक्त है) ॥ ३७ ॥ दमन करने वालों में "दण्ड" हूं। विजय की इच्छा करने वालों में "नीति=पालसी" हूं और गुप्त रखने योग्य पदार्थों में "मौन" भी (मैं) हूं, ज्ञान वालों में "ज्ञान" मैं हूं ॥ ३८ ॥

यच्चापि सर्वभूतानां बीजं तदहमर्जुन।
न तदस्ति विना यत्स्यान्मया भूतं चराचरम् ॥
नान्तोऽस्ति मम दिव्यानां विभूतीनां परंतप।
एष तूद्देशतः प्रोक्तो विभूतेर्विस्तरो मया ॥४०॥

हे अर्जुन! और जो कुछ भी सर्वभूतों का बीज है वह मैं (हूं)। चर अचर भूत=उत्पत्तिमान् पदार्थ वह नहीं है जो मेरे विना हो (अर्थात् सब में मैं हूं) ॥३९॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

हे शत्रुतापी! मेरी अलौकिक विभूतियों का अन्त नहीं। यह विभूति का विस्तार तो मैंने उदाहरण की रीति पर कहा है ॥ ४० ॥

यद्यद्विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा।
तत्तदेवावगच्छ त्वं मम तेजोंश संभवम् ॥४१॥
अथवा बहुनैतेन किं ज्ञातेन तवार्जुन।
विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत्४२

जो २ पदार्थ ऐश्वर्यवाला, शोभावाला अथवा शक्तिवाला (है), उस २ को मेरे तेज के अंश से उत्पन्न हुआ ही जान ॥ ४१ ॥ अथवा हे अर्जुन! तुझ को इस बहुत जताये से क्या (है), मैं इस सब जगत् को एक अंश से थांभ कर बैठा हूं ॥ ४२ ॥

ओं तत्सदिति
श्रीमद्भगवद्गीतायां ब्रह्मविद्यायां
श्रीकृष्णार्जुनसंवादे विभूतियोगोनाम
दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

यह श्रीमद्भगवद्गीता ब्रह्मविद्या कृष्ण अर्जुन के
संवाद में " विभूतियोग " नाम का
दशवां अध्याय समाप्त हुवा ॥

॥ १० ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओ३म्

अथैकादशोऽध्यायः

अर्जुन उवाच-

मदनुग्रहाय परमं गुह्यमध्यात्मसंज्ञितम् ।
यत्त्वयोक्तं वचस्तेन मोहोऽयं विगतो मम १
भवाप्ययौ हि भूतानां श्रुतौ विस्तरशो मया ।
त्वत्तः कमलपत्राक्ष माहात्म्यमपि चाव्ययम् २

अर्जुन ने कहा कि-आप ने जो मुझ पर कृपा के लिये गोपनीय आध्यात्मिक परमोत्तम वचन कहा, उस से यह मेरा अज्ञान दूर होगया ॥१॥ हे कमलपत्रनेत्र ! प्राणियों के उत्पत्ति और प्रलय मैंने विस्तारपूर्वक सुने कि आप से ही होते हैं और अविनाशी माहात्म्य भी (सुना) ॥ २ ॥

एवमेतद्यथात्थ त्वमात्मानं परमेश्वर ।
द्रष्टुमिच्छामि ते रूपमैश्वरं पुरुषोत्तम ॥३॥
मन्यसे यदि तच्छक्यं मया द्रष्टुमिति प्रभो ।
योगेश्वर ततोमे त्वं दर्शयात्मानमव्ययम् ॥४॥

हे परमेश्वर ! जैसे आप ने आपे को बतलाया, यह ऐसा ही है । हे पुरुषोत्तम ! आप के ईश्वरीय रूप

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

को देखना चाहता हूं ॥ ३ ॥ हे प्रभो! यदि मुझ से वह देखा जासके, ऐसा समझते हो तौ हे योगेश्वर! तुम अपने अविनाशी स्वरूप का दर्शन कराओ ॥ ४ ॥

श्रीभगवानुवाच—

पश्य मे पार्थ रूपाणि शतशोऽथ सहस्रशः।
नानाविधानि दिव्यानि नानावर्णाकृतीनि च।
पश्यादित्यान् वसून् रुद्रानश्विनौ मरुतस्तथा।
बहून्यदृष्टपूर्वाणि पश्याश्चर्याणि भारत ॥६॥

श्रीकृष्ण ने कहा कि हे पृथा के पुत्र! मेरे अनेक प्रकारों के, अलौकिक, अनेक रङ्ग और आकार वाले सैंकड़ों और सहस्रों रूपों को देख ॥ ५ ॥ हे भरतकुलोत्पन्न! आदित्यों, वसुओं, रुद्रों, अश्विनीकुमारों और मरुतों को देख। बहुत इस से पहिले न देखे हुए आश्चर्यों को देख ॥ ६ ॥

इहैकस्थं जगत् कृत्स्नं पश्याद्य सचराचरम्
मम देहे गुडाकेश यच्चान्यद् द्रष्टुमिच्छसि॥७॥
न तु मां शक्यसे द्रष्टुमनेनैव स्वचक्षुषा।
दिव्यं ददामि ते चक्षुः पश्य मे योगमैश्वरम्॥८

हे गुडाकेश! आज इस मेरे देह में इकट्ठे सम्पूर्ण चराचर सहित जगत् को देख और जो अन्य कुछ देखना चाहता है ॥ ७ ॥ परन्तु (तू) मुझको इस ही अपनी आंख से नहीं देख सकता। (इस लिये) तुझ को दिव्य आंख देता हूं, मेरे ईश्वरीय योग को देख ॥ ८ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सञ्जयउवाच-

एवमुक्त्वा ततोराजन् महायोगेश्वरोहरिः ।
दर्शयामास पार्थाय परमं रूपमैश्वरम् ॥९॥
अनेकवक्त्रनयनमनेकाऽद्भुतदर्शनम् ।
अनेकदिव्याभरणं दिव्यानेकोद्यतायुधम् १०

सञ्जय ने कहा कि हे राजन्! (धृतराष्ट्र!) महायोगेश्वर भगवान् ने ऐसा कह कर फिर ईश्वरीय परमोत्तम स्वरूप अर्जुन को दिखलाया ॥ ९ ॥ अनेक मुख और नेत्रों वाले, अनेक अद्भुत दर्शनों वाले, अनेक अलौकिक आभूषणों वाले, अलौकिक अनेक हथियारों को उठाये हुए ॥ १० ॥

दिव्यमाल्याम्बरधरं दिव्यगन्धानुलेपनम् ।
सर्वाश्चर्यमयं देवमनन्तं विश्वतोमुखम् ॥११॥
दिवि सूर्यसहस्रस्य भवेद्युगपदुत्थिता ।
यदि भाः सदृशी सा स्याद्भासस्तस्य महात्मनः

अलौकिक पुष्पमाला और वस्त्रों को धारण किये हुये, अलौकिक सुगन्धि का अनुलेपन किये हुए, सब आश्चर्यों से भरपूर, अनन्त, सब ओर मुख वाले देव को (देखा) ॥ ११ ॥ यदि द्युलोक में सहस्र सूर्य का प्रकाश एक साथ ही उदय हो जावे (तो) वह उस महात्मा (स्वरूप) के प्रकाश के सदृश हो सके ॥ १२ ॥

तत्रैकस्थं जगत कृत्स्नं प्रविभक्तमनेकधा ।
अपश्यद्देवदेवस्य शरीरे पाण्डवस्तदा ॥१३॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ततः सविस्मयाविष्टो हृष्टरोमा धनञ्जयः ।
प्रणम्य शिरसा देवं कृताञ्जलिरभाषत ॥१४॥

उस समय पाण्डव (अर्जुन) ने देवतों के देवता (श्रीकृष्ण) के उस शरीर में इकट्ठे सम्पूर्ण जगत् को अनेक प्रकार से विभाग किया हुआ देखा ॥ १३ ॥ तब वह धनञ्जय (अर्जुन) आश्चर्य से भरा हुआ, जिसके रोंगटे खड़े हैं, देव (श्रीकृष्ण) को शिर से प्रणाम कर के हाथ जोड़े हुवे कहने लगा कि— ॥ १४ ॥

अर्जुन उवाच

पश्यामि देवांस्तव देव देहे सर्वांस्तथा भूत विशेषसंघान्। ब्रह्माणमीशं कमलासनस्थ-मृषींश्च सर्वानुरगांश्च दिव्यान् ॥ १५ ॥ अने-कबाहूदरवक्त्रनेत्रं पश्यामि त्वां सर्वतोनन्त-रूपम् । नान्तं न मध्यं न पुनस्तवादिं प-श्यामि विश्वेश्वर विश्वरूपम् ॥ १६ ॥

हे देव ! आप के देह में देवतों को तथा सब प्राणिविशेषों के समूहों को, ब्रह्मा को, शिव को, कमल के आसन पर बैठे हुए (विष्णु) को और सब ऋषिओं को और अलौकिक सर्पों को देखता हूं ॥ १५ ॥ आप को सब ओर से अनन्तरूप, अनेक भुजा, अनेक उदर, अनेक मुख और अनेक नेत्रों वाला देखता हूं । फिर आप का आदि मध्य और अन्त नहीं । हे विश्वेश्वर ! विश्वरूप को देखता हूं ॥ १६ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

किरीटिनं गदिनं चक्रिणं च तेजोराशिं सर्वतोदीप्तिमन्तम् । पश्यामि त्वां दुर्निरीक्ष्यं समन्ताद्दीप्तानलार्कद्युतिमप्रमेयम् ॥
त्वमक्षरं परमं वेदितव्यं त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम् । त्वमव्ययः शाश्वतधर्मगोप्ता सनातनस्त्वं पुरुषोमतो मे ॥ १८ ॥

आप को मुकुटधारी, गदाधारी और चक्रधारी, तेज के पुञ्ज, सब ओर से प्रकाशमान, अग्नि और सूर्य के सी प्रभा वाला, जो प्रमाण में नहीं आ सकता, जिस का देखना कठिन है, देखता हूं ॥ १७ ॥ तुम नाश रहित, सब से परे, जानने योग्य हो, तुम इस सारे संसार का उच्चकोष हो । तुम सनातनधर्म के रक्षक अविनाशी हो, मेरा मत है कि तुम सनातन पुरुष हो ॥१८॥

अनादिमध्यान्तमनन्तवीर्यमनन्तबाहुं शशिसूर्यनेत्रम् । पश्यामि त्वां दीप्तहुताशवक्त्रं स्वतेजसा विश्वमिदं तपन्तम् ॥ १९ ॥
द्यावापृथिव्योरिदमऽन्तरं हि व्याप्तं त्वयैकेन दिशश्च सर्वाः । दृष्ट्वाद्भुतं रूपमुग्रं तवेदं लोकत्रयं प्रव्यथितं महात्मन् ॥ २० ॥

(मैं) तुम को आदि, मध्य, अन्तरहित, अनन्त वीरतायुक्त अनन्त भुजा वाला, सूर्य और चन्द्र जिस के नेत्र हैं, प्रज्वलित अग्नि जिस का मुख है, अपने तेज

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

से इस संसार को प्रकाश पहुंचाते हुए देखता हूं ॥१९॥ अकेले तुमने ही इस द्युलोक और पृथिवीलोक के बीच को और सब दिशाओं को व्यापा हुआ है। हे महात्मन्! तुम्हारे इस अद्भुत भयानक रूप को देख कर तीनों लोक बहुत पीडित होगये हैं ॥ २० ॥

अमी हि त्वा सुरसङ्घा विशन्ति केचिद्भीताः प्राञ्जलयो गृणन्ति । स्वस्तीत्युक्त्वा महर्षिसिद्धसङ्घाः स्तुवन्ति त्वां स्तुतिभिः पुष्कलाभिः ॥२१॥ रुद्रादित्या वसवो ये च साध्या विश्वेऽश्विनौ मरुतश्चोष्मपाश्च । गन्धर्वयक्षासुरसिद्धसङ्घा वीक्षन्ते त्वां विस्मिताश्चैव सर्वे ॥ २२ ॥

यह देवतों के समूह तुम में ही प्रवेश कर रहे हैं। महर्षियों और सिद्धों के समुदाय, "शुभ हो" ऐसा कह कर विशाल स्तोत्रों से आप की स्तुति करते हैं ॥ २१ ॥ रुद्र, आदित्य, वसु और जो साध्य हैं, विश्वेदेवा, अश्विनीकुमार और मरुत और ऊष्मपा, गन्धर्वों, यक्षों, असुरों और सिद्धों के समूह, सब तुम को देखते हैं और आश्चर्ययुक्त होते हैं ॥ २२ ॥

रूपं महत्ते बहुवक्त्रनेत्रं महाबाहो बहुबाहूरुपादम् । बहूदरं बहुदंष्ट्राकरालं दृष्ट्वा लोकाः प्रव्यथितास्तथाहम् ॥ २३ ॥ नभः

Funding by IKS MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

स्पृशं दीप्तमनेकवर्णं व्यात्तानन दीप्तविशा-
लनेत्रम् । दृष्ट्वा हि त्वा प्रव्यथितान्तरात्मा
धृतिं न विन्दामि शमं च विष्णो ॥ २४ ॥

हे महाबाहु ! बहुत मुख और नेत्र वाले, बहुत जंघा और पांव वाले, बहुत डरावनी डाढ़ों वाले, बहुत उदर वाले, तुम्हारे महारूप को देख मैं तथा सब लोक भयभीत हो गये हैं ॥ २३ ॥ हे विष्णु ! आकाश को छूते हुए, जाज्वल्यमान, अनेक रङ्ग वाले, मुंह पसारे हुए, जिस की बड़ी आंखें चमक रही हैं, ऐसे आप को देख कर भीतरला आत्मा भयभीत हो गया है, इस लिये (मैं) धैर्य को और शान्ति को प्राप्त नहीं होताहूं २४

दंष्ट्रा करालानि च ते मुखानि दृष्ट्वैव का-
लानलसन्निभानि । दिशो न जाने न लभे
च शर्म प्रसीद देवेश जगन्निवास ॥ २५ ॥

अमी च त्वां धृतराष्ट्रस्य पुत्राः सर्वे सहै-
वाऽवनिपाल सङ्घैः । भीष्मोद्रोणः सूत-
पुत्रस्तथासौ सहास्मदीयैरपि योधमुख्यैः २६

और डरावनी डाढ़ों वाले, कालाग्नि के समान तुम्हारे मुखोंको देखकर ही दिशाओंको नहीं जानता और बचाव को नहीं पाता। हे जगन्निवास ! हे देवेश ! कृपा कीजिये ॥ २५ ॥ और ये सब धृतराष्ट्र के पुत्र, राजाओं के समूहों के साथ ही, भीष्म, द्रोण और यह सूत का पुत्र, भी मुख्य योद्धाओं के सहित तुम में–२६

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वक्त्राणि ते त्वरमाणा विशन्ति दंष्ट्राकरालानि भयानकानि । केचिद्विलग्ना दशनान्तरेषु संदृश्यन्ते चूर्णितैरुत्तमाङ्गैः ॥२७॥ यथा नदीनां बहवोऽम्बुवेगाः समुद्रमेवाभिमुखा द्रवन्ति । तथा तवामी नरलोकवीरा विशन्ति वक्त्राण्यभिविज्वलन्ति ॥ २८ ॥

तुम्हारे, डरावनी डाढ़ों वाले, भयानक मुखों में प्रवेश कर रहे हैं । कोई २ चूर २ हुए शिरों के साथ दांतों के बीचमें चिपके हुये दीख पड़ते हैं ॥ २७ ॥ जिस प्रकार बहुत से नदियों के जलों के वेग समुद्र की ओर ही मुख करते हुए दौड़ते हैं, इसी प्रकार ये मनुष्यलोक के वीर पुरुष तुम्हारे धधकते हुए मुखोंमें प्रवेश कर रहे हैं ॥

यथा प्रदीप्तं ज्वलनं पतङ्गा विशन्ति नाशाय समृद्धवेगाः । तथैव नाशाय विशन्ति लोकास्तवापि वक्त्राणि समृद्धवेगाः ॥ २९॥ लेलिह्यसे ग्रसमानः समन्ताल्लोकान् समग्रान् वदनैर्ज्वलद्भिः । तेजोभिरापूर्य जगत्समग्रं भासस्तवोग्राः प्रतपन्ति विष्णो ॥ ३० ॥

जिस प्रकार जलती हुई आग में बड़ी शीघ्रता से युक्त पतङ्ग (कीड़े) नष्ट होने के लिये प्रवेश करते हैं, इसी प्रकार बड़ी शीघ्रता से युक्त लोक भी नाश के लिये तुम्हारे मुखों में प्रवेश करते हैं ॥ २९॥ हे विष्णो ! (तुम) सब ओर से सब लोकों को जलते हुए मुखों

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

से निगलते हुए भरपूर चाट रहे हो। तुम्हारी डरावनी किरणें समस्त संसार को तेजों से भरकर जला रही हैं ॥३०॥

आख्याहि मे कोभवानुग्ररूपोनमोस्तु ते देव-
वर प्रसीद। विज्ञातुमिच्छामि भवन्तमाद्यं
न हि प्रजानामि तव प्रवृत्तिम् ॥ ३१ ॥

श्रीभगवानुवाच —

कालोस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धो लोकान् समा-
हर्त्तुमिह प्रवृत्तः। ऋतेऽपि त्वां भविष्यन्ति
सर्वे येऽवस्थिताः प्रत्यनीकेषु योधाः ॥३२॥

मुझे बतलाओ कि डरावने रूप वाले आप कौन हैं ? हे देवतों में उत्तम ! आप को नमस्कार हो, कृपा कीजिये। सब के आदिभूत आप को विशेषरीति से जानना चाहता हूं। क्योंकि आप की इच्छा को नहीं जानता हूं ॥ ३१ ॥ श्री कृष्ण ने कहा कि-(मैं) लोकों का क्षय करने वाला उमड़ा हुआ काल हूं. इस भूमि में लोकों का संहार करना चाह रहा हूं। सामना करने वाली सेना में जो योद्धा लोग डट रहे हैं (वे) सब तेरे विना भी नहीं रहेंगे (अर्थात् तू युद्ध न करेगा तौ भी मैं तौ अब कालरूप से इन का नाश करूंगा ही)॥३२॥

तस्मात्त्वमुत्तिष्ठ यशोलभस्व जित्वा शत्रून्
भुङ्क्ष्व राज्यं समृद्धम्। मयैवैते निहताः
पूर्वमेव निमित्तमात्रं भव सव्यसाचिन्॥३३॥
द्रोणं च भीष्मं च जयद्रथं च कर्णं तथा-

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ऽन्याऽनपि योधवीरान् । मया हतांस्त्वं जहि मा व्यथिष्ठायुद्धस्व जेतासि रणे सपत्नान् ॥३४॥

इस लिये तू उठ, यश को लेले, शत्रुओं को जीत कर समृद्धिशाली राज्य को भोग । हे बांये हाथ से लक्ष्य का अभ्यास रखने वाले! (तू) निमित्त मात्र होजा, ये (कौरव) मैंने प्रथम से ही मार रक्खे हैं ॥ ३३ ॥ द्रोण को और भीष्म को और जयद्रथ को, कर्ण को तथा अन्य वीर योद्धाओं को भी मेरे मारे हुवों को तू मार, मत घबरा, युद्धकर, संग्राम में शत्रुओं को जीतेगा ॥ ३४ ॥

सञ्जय उवाच

एतच्छ्रुत्वा वचनं केशवस्य कृताञ्जलिर्वेपमानः किरीटी । नमस्कृत्वा भूय एवाह कृष्णं सगद्गदं भीतभीतः प्रणम्य ॥ ३५ ॥

अर्जुनउवाच–

स्थाने हृषीकेश तव प्रकीर्त्या जगत् प्रहृष्यत्यनुरज्यते च । रक्षांसि भीतानि दिशो द्रवन्ति सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसङ्घाः ॥ ३६ ॥

सञ्जय ने कहा कि (हे धृतराष्ट्र !) श्रीकृष्ण के इस वचन को सुनकर हाथ जोड़े हुए कांपता हुवा अर्जुन अत्यन्त डरा हुवा नमस्कार करके फिर भी प्रणाम कर के गद्गदवाणीसहित कृष्ण से कहने लगा कि ॥ ३५ ॥ हे हृषिकेश= इन्द्रियों को वश करने वाले! आपकी उत्तम कीर्त्ति से जगत् प्रसन्न होता है और अनुराग करता है,

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यह ठीक है। डरे हुए राक्षस दिशाओं को भागे जाते हैं और सिद्धों के समुदाय सब नमस्कार करते हैं॥३६॥

कस्माच्च ते न नमेरन्महात्मन् गरीयसे ब्रह्मणोऽप्यादिकर्त्रे। अनन्त देवेश जगन्निवास त्वमक्षरं सदसत्तत्परं यत् ॥ ३७ ॥

त्वमादिदेवः पुरुषः पुराणस्त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्। वेत्ताऽसि वेद्यं च परं च धाम त्वया ततं विश्वमनन्तरूप ॥ ३८ ॥

हे महात्मन्! हे अनन्त! हे देवतों के पति! हे जगन्निवास! जो अविनाशी, प्रतीयमान और अप्रतीयमान उच्च है वह तुम हो। ब्रह्मा के भी आदिकर्त्ता सब के बड़े गुरु आप को क्यों कर (सब) नमस्कार न करें ॥३७॥ तुम आदिदेव, पुराण पुरुष हो, तुम इस संसार के उच्च कोष हो (श्लोक १८ के द्वितीय पाद में भी यही पाठ और अर्थ होने से पुनरुक्त है) जानने वाले हो और जानने योग्य हो और उच्चधाम हो। हे अनन्तरूप! संसार को आप ने पसारा है॥ ३८ ॥

वायुर्यमोऽग्निर्वरुणः शशाङ्कः प्रजापतिस्त्वं प्रपितामहश्च। नमोनमस्ते ऽस्तु सहस्रकृत्वः पुनश्च भूयोपि नमोनमस्ते ॥ ३९ ॥ नमः पुरस्तादथ पृष्ठतस्ते नमोस्तुते सर्वत एव सर्व। अनन्तवीर्यामितविक्रमस्त्वं सर्वं समाप्नोषि ततोऽसि सर्वः ॥ ४० ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

तुम वायु, यम, अग्नि, वरुण, चन्द्रमा, प्रजापति और प्रपितामह हो, तुमको सहस्त्रवार नमस्कार हो २ और फिर भी नमस्कार हो । तुम को नमस्कार हो ॥ ३९ ॥ हे सर्व ! (सब कुछ तू ही है) तुम को आगे से नमस्कार और पीछे से नमस्कार, तुम को सब ओर से ही नमस्कार हो । तुम अनन्तवीरतायुक्त और अपरिमित शक्तिवाले हो, सब में भले प्रकार व्याप रहे हो, इस लिये ' सर्व ' हो ॥ ४० ॥

सखेति मत्वा प्रसभं यदुक्तं हे कृष्ण हे यादव हे सखेति । अजानता महिमानं तवेदं मया प्रमादात्प्रणयेन वापि ॥ ४१ ॥ यच्चा-वहासार्थमसत्कृतोसि, विहारशय्यासनभो-जनेषु। एकोथवाप्यच्युत तत्समक्षं तत्क्षामये त्वामहमप्रमेयम् ॥ ४२ ॥

मित्र हो ऐसा समझ कर ढिठाई से जो (मैंने) कह दिया कि हे कृष्ण ! हे यादव ! हे सखा ! सो तुम्हारी इस महिमा को न जानते हुए मैंने (कह दिया) अथवा भूल से=प्रमाद से वा प्रेम से कह दिया ॥ ४१ ॥ और जो कि हंसी के लिये खेलते, सोते, बैठते और भोजन करते हुए आपका सत्कार नहीं किया गया, अकेले ! अथवा सब के सामने भी, हे अच्युत=न गिरने वाले उस सबको तुम अप्रमेय से मैं क्षमा कराता हूं ॥ ४२ ॥

पितासि लोकस्य चराचरस्यत्वमस्य पूज्य-श्च गुरुर्गरीयान् । न त्वत्समो स्त्यभ्यधिकः

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कुतोऽन्यो लोकत्रयेप्य ऽप्रतिमप्रभाव: ॥४३॥
तस्मात्प्रणम्य प्रणिधाय कायं प्रसादये
त्वामहमीश मीड्यम् । पितेव पुत्रस्य सखेव
सख्युः प्रियः प्रियायार्हसि देव सोढुम् ॥४४

चराचरलोक के तुम पिता हो और इस के अति बड़े गुरु हो, पूज्य हो। अन्य कोई तुम्हारे समान नहीं, फिर अधिक तो कहां से हो। त्रिलोकी के भी अनुपम प्रभाव रखते हो ॥ ४३ ॥ इसलिये शरीर को झुका कर प्रणाम कर के मैं तुम स्तुतियोग्य स्वामी से दया का प्रार्थी होता हूं। जैसे पिता पुत्र की, मित्र मित्र की, प्यारा प्यारे की, (धृष्टता की सहारता है वैसे) हे देव! (तुम भी) सहन कर सकते हो ॥ ४४ ॥

अदृष्टपूर्वं हृषितोऽस्मि दृष्ट्वा भयेन च प्रव्य-
थितं मनो मे। तदेव मे दर्शय देव रूपं प्रसीद
देवेश जगन्निवास ॥ ४५ ॥ किरीटिनं गदिनं
चक्रहस्तमिच्छामि त्वां द्रष्टुमहं तथैव। तेनैव
रूपेण चतुर्भुजेन सहस्रबाहो भव विश्वमूर्ते४६

जिस को पहिले नहीं देखा था उस को देख कर हृष्ट होरहा हूं और मेरा मन भय से व्याकुल होरहा है। हे देव! मुझे उस ही रूप का दर्शन कराइये, हे देवतों के स्वामी! जिस में जगत् निवास करता है ऐसे (आप) कृपा करके ॥ ४५ ॥ मुकुटधारी, गदाधारी, हाथ में चक्र लिये हुए तुम को मैं उसी प्रकार से देखना चाहता हूं। हे सहस्रबाहु! हे विश्वमूर्त्ति! उसी चतुर्भुजरूप से हो जाओ

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

श्रीभगवानुवाच-

मया प्रसन्नेन तवार्जुनेदं रूपं परं दर्शितमा-
त्मयोगात्। तेजोमयं विश्वमऽनन्तमाद्यं यन्मे
त्वदन्येन न दृष्टपूर्वम् ॥४७॥ न वेदयज्ञाध्यय-
नैर्न दानैर्न च क्रियाभिर्न तपोभिरुग्रैः। एवं
रूपः शक्यअहं नृलोके द्रष्टुं त्वदन्येन कुरुप्रवीर

श्रीकृष्ण ने कहा कि-हे अर्जुन! अपने योगबल से प्रसन्न हुए मैंने तुझ को यह उच्चस्वरूप दिखला दिया जो मेरा तेजस्वी, विश्व, अनन्त, प्रथम का (स्वरूप) तेरे सिवाय अन्य किसी ने पहिले नहीं देखा ॥४७॥ हे कुरुवंश के उत्तमवीर! न वेदपाठ, यज्ञ और अध्ययन से, न अनेक प्रकार के दान से और न क्रियाओं से, न उग्रतपश्चर्याओं से, ऐसे रूप वाला मैं मनुष्य लोक में तेरे सिवाय अन्य किसी से देखा जा सकता हूं ॥४८॥

मा ते व्यथा मा च विमूढभावो दृष्ट्वा रूपं
घोरमीदृङ् ममेदम्। व्यपेतभीः प्रीतमनाः
पुनस्त्वं तदेव मे रूपमिदं प्रपश्य ॥ ४९ ॥

संजयउवाच-

इत्यर्जुनं वासुदेवस्तथोक्त्वा स्वकं रूपं दर्श-
यामास भूयः। आश्वासयामास च भीतमेनं
भूत्वा पुनः सौम्य वपुर्महात्मा ॥ ५० ॥

मेरे ऐसे इस घोररूप को देख कर तुझ को पीड़ा न हो और मूर्च्छा न हो, तू निर्भय प्रसन्न मनवाला

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

फिर मेरे इस उस ही रूप को देख ॥ ४९ ॥ सञ्जय ने कहा कि-वसुदेव के पुत्र ने अर्जुन से ऐसा कहकर उस ही प्रकार का अपना स्वरूप फिर दिखला दिया और फिर से सौम्य शरीरधारी महात्मा होकर इस डरे हुवे को ढाढस दिया ॥ ५० ॥

अर्जुन उवाच-

दृष्ट्वेदं मानुषं रूपं तव सौम्यं जनार्दन ।
इदानीमस्मि संवृत्तः सचेताः प्रकृतिं गतः॥५१

श्रीभगवानुवाच-

सुदुर्दर्शमिदं रूपं दृष्टवानसि यन्मम ।
देवा अप्यस्य रूपस्य नित्यं दर्शनकाङ्क्षिणः॥५२

अर्जुन ने कहा कि-हे जनार्दन ! तुम्हारे इस मानुषी सौम्यरूप को देखकर अब भला ठीक हूं, चित्त ठिकाने है, अपनी पूर्वावस्था में पहुंच गया हूं ॥ ५१ ॥ कृष्ण ने कहा कि-मेरा जो रूप तुम ने देखा है, यह देखना बड़ा कठिन है। देवता भी इस रूप के देखने की सदा इच्छा करते रहते हैं ॥ ५२ ॥

नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया ।
शक्य एवं विधोद्रष्टुं दृष्टवानसि मां यथा॥५३॥
भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन ।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परंतप ॥५४॥

जिस प्रकार का तुमने मुझ को देखा है, उस प्रकार का मैं, न वेदों से, न तप से, न दान से और न यज्ञ से दीख सकता हूं, (४८ वें श्लोक से पुनरुक्त भाव है)॥५३॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

परन्तु हे अर्जुन ! हे शत्रुतापी ! इस प्रकार का मैं अनन्यभक्ति से जाना और देखा और यथार्थ रीतिसे प्रवेश किया जा सकता हूं ॥ ५४ ॥

मत्कर्मकृन्मत्परमो मद्भक्तः सङ्गवर्जितः ।
निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पाण्डव ॥५५॥

मेरे लिये काम करने वाला, मुझ में उच्चभाव रखने वाला, न फंसने वाला, सब प्राणियों पर वैररहित जो मेरा भक्त है, हे पाण्डव ! वह मुझ को पाता है ॥ ५५ ॥

ओं तत्सदिति

श्रीमद्भगवद्गीतायां ब्रह्मविद्यायां

श्रीकृष्णार्जुनसंवादे विश्वरूपदर्शनयोगोनाम

एकादशोऽध्यायः

॥ ११ ॥

यह श्रीमद्भगवद्गीता ब्रह्मविद्या कृष्णार्जुनसंवाद में

"विश्वरूपदर्शनयोग"

नाम का ग्यारहवां अध्याय समाप्त हुवा

॥ ११ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओ३म्

अथ द्वादशोऽध्यायः

अर्जुन उवाच—

एवं सततयुक्ता ये भक्तास्त्वां पर्युपासते ।
ये चाऽप्यक्षरमव्यक्तं तेषां के योगवित्तमाः ॥१॥

श्रीभगवानुवाच—

मय्यावेश्य मनो ये मां नित्ययुक्ता उपासते ।
श्रद्धया परयोपेतास्ते मे युक्ततमा मताः ॥२॥

अर्जुन ने कहा कि—इस प्रकार निरन्तरयोग करने वाले जो भक्त सब प्रकार से आप की उपासना करते हैं और जो भी अव्यक्त अविनाशी की (उपासना) करते हैं, उन में से कौन बड़े योगज्ञानी हैं ॥ १ ॥ श्री कृष्ण ने कहा कि जो मुझ में मन लगा कर नित्य योग करने वाले मेरी उपासना करते हैं, उच्चश्रद्धा से युक्त हुवे वे मैंने उत्तम योगी माने हैं ॥ २ ॥

ये त्वक्षरमनिर्देश्यमव्यक्तं पर्युपासते ।
सर्वत्रगमचिन्त्यं च कूटस्थमचलं ध्रुवम् ॥३॥
सन्नियम्येन्द्रियग्रामं सर्वत्र समबुद्धयः ।
ते प्राप्नुवन्ति मामेव सर्वभूतहिते रताः ॥४

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

परन्तु जो अविनाशी न बता सकने योग्य अप्रकट, सर्वव्यापक, अचिन्त्य, पहाड़ की नाईं स्थित, अचल और दृढ़ (ब्रह्म) की सब ओर से उपासना करते हैं ॥ ३ ॥ इन्द्रियों के समूह को भलेप्रकार नियम में रख कर सब में समबुद्धि रखने वाले, सर्वभूतों के हित में लगे हुवे वे भी मुझ को प्राप्त होजाते हैं ॥ ४ ॥

क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम् ।
अव्यक्ता हि गतिर्दुःखं देहवद्भिरवाप्यते ॥ ५ ॥
ये तु सर्वाणि कर्माणि मयि संन्यस्य मत्पराः ।
अनन्येनैव योगेन मां ध्यायन्त उपासते ॥ ६ ॥

जिन का चित्त अव्यक्त में लगा हुआ है उन को बहुत अधिक क्लेश होता है क्योंकि देहधारियों को अव्यक्त अवस्था कठिनाई से मिलती है । (श्लोक ३ । ४ ५ का तात्पर्य यह है कि अव्यक्त सूक्ष्म ब्रह्म की उपासना बहुत कठिन काम है और मेरे सत्सङ्ग से मेरी सम्मति पर चलते हुवे योग साधने वालों को सुगमता होती है और यह ठीक भी है क्योंकि विना जीवन्मुक्त सिद्ध योगी गुरु के पास रहे, जो लोग अपने आप ही ब्रह्म की उपासना करते हैं, उनका मार्ग बहुत कठिन और कष्टसाध्य है, परन्तु जो कृष्ण सरीखे जीवन्मुक्त योगी के पास रह कर सीखते हुवे उस को गुरु मान कर उसी के से आचरण करते हैं और अपने सब कर्त्तव्यों को उसी पर निर्भर कर देते हैं, उनको एक जीता जागता सहारा मिल जाता है । इस लिये बड़ी सुगमता होती है और इस मुक्तिमार्ग में कोई दुःख, क्लेश,

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

घबराहट सामने नहीं आती। हां फल दोनों का एक ही है अर्थात् श्रीकृष्ण की अवस्था (मुक्ति) को दोनों ही मार्गों से उपासना करने वाले प्राप्त हो जाते हैं) ॥ ५ ॥ और जो लोग मुझ में तत्पर हुवे समस्त कर्मों को मेरे समीप धरोहर रखकर अनन्य मनोयोग से मेरा ही ध्यान करते हुवे समीप रहते हैं-॥ ६ ॥

तेषामहं समुद्धर्ता मृत्युसंसारसागरात्।
भवामि न चिरात्पार्थ मय्यावेशितचेतसाम् ७

मय्येव मन आधत्स्व मयि बुद्धिं निवेशय।
निवसिष्यसि मय्येव अतऊर्ध्वं न संशयः ८

हे पृथा के पुत्र! मैं उन, मुझमें मन लगाने वालों का मृत्यु और संसारसागर से विना विलम्ब उद्धार करने वाला (डूबने से बचानेवाला) हूं ॥ ७ ॥ मुझमें ही मन को स्थापित करदे, बुद्धि को मुझ में प्रविष्ट करदे । संशय नहीं कि इस के पश्चात् मुझ में ही निवास करेगा तू ॥ ८ ॥

अथ चित्तं समाधातुं न शक्नोषि मयि स्थिरम्।
अभ्यासयोगेन ततोमामिच्छाप्तुं धनञ्जय ॥९॥

अभ्यासेप्यसमर्थोसि मत्कर्मपरमो भव।
मदर्थमपि कर्माणि कुर्वन् सिद्धिमवाप्स्यसि१०

और हे अर्जुन! यदि मुझमें स्थिरचित्त का समाधान न कर सकता हो तो अभ्यास की युक्ति से मेरे पाने की इच्छा कर (अर्थात् यदि तेरा चित्त मेरी शिक्षा

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पर एकाग्र न हुआ हो तौ बार बार अभ्यास कर के मुझ पर श्रद्धा बढ़ा) ॥ ९ ॥ (और यदि) अभ्यास करने में भी असमर्थ है तौ मेरे अनुकूल काम करने वाला हो । मेरे लिये कर्म करता हुवा भी सिद्धि (विजय) को पावेगा ॥ १० ॥

अथैतदप्यशक्तोसि कर्तुं मद्योगमाश्रितः ।
सर्वकर्मफलत्यागं ततः कुरु यतात्मवान् ॥ ११ ॥
श्रेयोहि ज्ञानमभ्यासाज्ज्ञानाद्ध्यानं विशिष्यते
ध्यानात्कर्मफलत्यागस्त्यागाच्छान्तिरनन्तरम्

और (यदि) यह करने को भी असमर्थ हो तौ मेरे सङ्ग का आश्रय करता हुआ वशीकृत चित्त (तू) सब कर्मों के फल का त्याग करदे (अर्थात् किस कर्म का क्या होगा, यह विचार ही मत कर, बस मैं जो कहूं सो आंख मीच के कर) ॥ ११ ॥ क्योंकि अभ्यास से ज्ञान अच्छा है, ज्ञान से ध्यान विशेष है, ध्यान से कर्मों के फल का त्याग, त्याग के पश्चात् शान्ति है (अर्थात् जो कर्मों के फल का विचार छोड़ ही देगा उस को घबराहट का काम ही क्या है, फिर तौ शान्ति ही है) ॥ १२ ॥

अद्वेष्टा सर्वभूतानां मैत्रः करुण एव च ।
निर्ममो निरहङ्कारः समदुःखसुखः क्षमी ॥ १३ ॥
सन्तुष्टः सततं योगी यतात्मा दृढनिश्चयः ।
मय्यर्पितमनोबुद्धिर्यो मद्भक्तः स मे प्रियः ॥ १४ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

द्वेष न करने वाला, सर्वभूतों का मित्र और दयालु, ममतारहित, अहङ्कार रहित, दुःख सुख को एकसा मानने वाला क्षमावान्—॥१३॥ सन्तोषी, निरन्तर योग करने वाला, मन को नियम में रखने वाला, दृढ़ निश्चय वाला, मन और बुद्धि को मुझ पर अर्पण करने वाला जो मेरा भक्त है वह मेरा प्यारा है ॥ १४ ॥

यस्मान्नोद्विजते लोकोलोकान्नोद्विजते च यः।
हर्षामर्षभयोद्वेगैर्मुक्तोयः स च मे प्रियः ॥१५॥
अनपेक्षः शुचिर्दक्ष उदासीनोगतव्यथः ।
सर्वारम्भपरित्यागी योमद्भक्तः स मे प्रियः॥१६॥

जिस से संसार नहीं घबराता और जो संसार से नहीं घबराता और जो हर्ष, क्रोध और भय के उफान से बचा हुआ है, वह मेरा प्यारा है ॥ १५ ॥ किसी की अपेक्षा नहीं करता, पवित्र, चतुर, उदासीन, दुःखरहित सब आरम्भों का छोड़ देने वाला जो मेरा भक्त है वह मुझे प्यारा है ॥ १६ ॥

योन हृष्यति न द्वेष्टि न शोचति न काङ्क्षति।
शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान्यः स मे प्रियः १७
समः शत्रौ च मित्रे च तथा मानापमानयोः ।
शीतोष्णसुखदुःखेषु समः सङ्गविवर्जितः ॥१८॥

जो न हर्ष करता, न द्वेष करता, न शोक करता, न इच्छा करता जो भलाई बुराई को सब ओरसे छोड़ चुका वह भक्त मेरा प्यारा है ॥१७॥ शत्रु में और मित्र

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

में समता रखने वाला तथा मान और अपमान में, सरदी गर्मी, सुख और दुःख में समान रहने वाला फंसावट से स्वतन्त्र-॥ १८ ॥

तुल्यनिन्दास्तुतिर्मौनी सन्तुष्टोयेन केनचित्।
अनिकेतः स्थिरमतिर्भक्तिमान्मे प्रियोनरः १९

ये तु धर्म्यामृतमिदं यथोक्तं पर्युपासते।
श्रद्दधाना मत्परमा भक्तास्तेऽतीव मेप्रियाः २०

निन्दा और स्तुति को एकसा समझने वाला, चुप चाप, चाहे जिस से सन्तोष पाने वाला, घर का त्यागी, स्थिरबुद्धि, भक्ति वाला मनुष्य मेरा प्यारा है ॥ १९ ॥ और जो इस धर्मानुकूल अमृत के कहे अनुसार सब ओर से पास बैठते हैं, वे श्रद्धालु, मुझ को उच्च समझने वाले भक्त, मेरे बहुत ही प्यारे हैं ॥ २० ॥

ओ३म् तत्सदिति

श्रीमद्भगवद्गीतायां ब्रह्मविद्यायां

श्रीकृष्णार्जुनसंवादे भक्तियोगोनाम

द्वादशोऽध्यायः

॥ १२ ॥

यह श्रीमद्भगवद्गीता ब्रह्मविद्या कृष्णार्जुसंवाद में "भक्तियोगनामक" बारहवां अध्याय समाप्त हुआ ॥ १२ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओ३म्

अथ त्रयोदशोऽध्यायः

अर्जुन उवाच-

प्रकृतिं पुरुषं चैव क्षेत्रं क्षेत्रज्ञमेव च ।
एतद्वेदितुमिच्छामि ज्ञानं ज्ञेयं च केशव १

श्रीभगवानुवाच-

इदं शरीरं कौन्तेय क्षेत्रमित्यभिधीयते ।
एतद्यो वेत्ति तं प्राहुः क्षेत्रज्ञ इति तद्विदः ॥२॥

अर्जुन ने कहा कि-हे कृष्ण ! प्रकृति और पुरुषभी क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ भी, ज्ञान और जानने योग्य; इस को जानना चाहता हूं ॥ १ ॥ श्रीकृष्ण ने कहा कि हे कुन्ती के पुत्र ! यह शरीर ' क्षेत्र, इस नाम से कहा जाता है । इस के जानने वाले कहते हैं कि इस बात को जो जानता है, उस को 'क्षेत्रज्ञ, (कहते हैं) ॥२॥

क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्वक्षेत्रेषु भारत ।
क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोर्ज्ञानं यत्तज्ज्ञानं मतं मम ॥३॥
तत्क्षेत्रं यच्च यादृक्च यद्विकारि यतश्च यत् ।
स च यो यत्प्रभावश्च तत्समासेन मे शृणु ४

और हे भरतकुलोत्पन्न ! सब क्षेत्रों (देहों) में क्षेत्रज्ञ भी मुझ को जानो । क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ का जो ज्ञान है, वह ज्ञान मेरा सम्मत है । (श्री कृष्ण के कथन का तात्पर्य यह है कि जितने देह मैंने धारण किये हैं

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वे सब क्षेत्र हैं और मैं जो कि उन देहों का धारण करने वाला हूं, क्षेत्रज्ञ=जीवात्मा हूं और यही ज्ञान मेरी सम्मति में ठीक है ॥ ३ ॥ वह क्षेत्र (देह) जो कुछ है और जैसा कुछ है और जिस से बना है और जो जिस से है और वह (क्षेत्रज्ञ) जो जिस शक्ति वाला है, यह मुझ से संक्षेप से सुनो ॥ ४ ॥

ऋषिभिर्बहुधा गीतं छन्दोभिर्विविधैः पृथक्
ब्रह्मसूत्रपदैश्चैव हेतुमद्भिर्विनिश्चितैः ॥५॥
महाभूतान्यहङ्कारो बुद्धिरव्यक्तमेव च ।
इन्द्रियाणि दशैकं च पञ्च चेन्द्रियगोचराः ॥६॥

ऋषियों ने भिन्न २ छन्दों से और वेदान्त सूत्र के सकारण और निश्चित पदों से भी बहुत प्रकार से ही गाया है कि—॥५॥ (५)—महाभूत, अहङ्कार, बुद्धि, और अव्यक्त=प्रकृति, दश इन्द्रियां और एक (मन), पांच इन्द्रियों के विषय, ॥ ६ ॥

इच्छा द्वेषः सुखं दुःखं संघातश्चेतना धृति
एतत्क्षेत्रं समासेन सविकारमुदाहृतम् ॥७॥
अमानित्वमदम्भित्वमहिंसा क्षान्तिरार्जवम्
आचार्योपासनं शौचं स्थैर्यमात्मविनिग्रहः८

इच्छा, द्वेष, सुख, दुःख, जुटाव, चेतनता, धैर्य, यह संक्षेप से विकारसहित क्षेत्र कहा है ॥ ७ ॥ निरभिमानिता, निष्कपटता, अहिंसा, क्षमा, सरलता, गुरु की उपासना, शौच, स्थिरता, मन का वश में रखना॥८॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इन्द्रियार्थेषु वैराग्यमनहङ्कार एव च ।
जन्ममृत्युजराव्याधिदु:खदोषानुदर्शनम् ॥९॥
असक्तिरनभिष्वङ्गः पुत्र दारगृहादिषु ।
नित्यं च समचित्तत्वमिष्टानिष्टोपपत्तिषु ॥१०

इन्द्रियों के विषयों में वैराग्य और निरहङ्कारिता भी, जन्म, मृत्यु, बुढ़ापा, रोग, दुःख, इन के दोषों पर भीतरी दृष्टि डालना, ॥ ९ ॥ न फंसना, पुत्र स्त्री घर इत्यादि में अपनापन न रखना, और दसवां चाही हुई और न चाही हुई उपपत्तियों में एकसा चित्त रखना ॥ १० ॥

मयि चानन्ययोगेन भक्तिरव्यभिचारिणी ।
विविक्तदेशसेवित्वमरतिर्जन संसदि ॥ ११ ॥
अध्यात्मज्ञाननित्यत्वं तत्त्वज्ञानार्थदर्शनम्
एतज्ज्ञानमिति प्रोक्तमज्ञानं यदतोऽन्यथा१२

और दूसरे की लग्न छोड़ कर मुझ पर अटल भक्ति (श्रद्धा), एकान्त देश का सेवन करना, जनसमुदाय में रमण न करना ॥११॥ सदा अध्यात्म ज्ञान का होना तत्त्व ज्ञान के विषय का साक्षात्कार करना, कहा है कि यह (ज्ञान) है । जो इसके विपरीत है=अज्ञानहै॥१२॥

ज्ञेयं यत्तत्प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वाऽमृत मश्नुते
अनादिमत्परं ब्रह्म न सत्तन्नाऽसदुच्यते१३
सर्वतः पाणिपादं तत् सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्
सर्वतः श्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति १४

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(आगे जो 'जानने योग्य=ज्ञेय, है), उस को वर्णित करूंगा, जिस को जानकर अमर होने का भोग करता है। (वह) अनादि परब्रह्म है। वह न सत् कहा जाता है, न असत्, (अर्थात् श्रीकृष्ण कहते हैं कि परब्रह्म न तो सत् है, जो प्रतीत है और न असत् है जो कुछ न हो, अर्थात् है, परन्तु प्रतीत नहीं होता तथा अनादि है। इस ही ब्रह्म को श्रीकृष्ण अपनेमत में ज्ञेय कहते हैं। इस से भिन्न देहों को इसी अध्याय के श्लोक २ में 'क्षेत्र' कह चुके हैं तथा श्लोक ३ में अपने आप को क्षेत्रज्ञ=जीवात्मा कह चुके हैं। इस से सिद्ध है कि श्रीकृष्ण के मत में यह बात नहीं है कि वह अपने आप को "परब्रह्म=ज्ञेय" मानते हों। तब दशम और एकादश अध्याय में परमात्मा की विभूतियों को श्रीकृष्ण का अपनी विभूति बताना गीता के सिद्धान्त से कैसा स्पष्ट विरुद्ध है) ॥ १३ ॥

* वह (ब्रह्म) सब ओर हाथ पांव वाला, सब ओर आंख शिर और मुख वाला, संसार में सब ओर कानों वाला, सब को आच्छादन कर के स्थित है ॥ १४ ॥

सर्वेन्द्रियगुणाभासं सर्वेन्द्रियविवर्जितम् ।
असक्तं सर्वभृच्चैव निर्गुणं गुणभोक्तृ च १५
बहिरन्तश्च भूतानामचरं चरमेव च ।
सूक्ष्मत्वात्तदविज्ञेयं दूरस्थं चान्तिके च तत्

* उस में सब इन्द्रियों की शक्ति भासती है, (पर यथार्थ में वह) सब इन्द्रियों से सर्वथा रहित है। सब का धारण करने वाला भी (सब में) फंसा नहीं

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

है. निर्गुण है और गुणोंका पालनेवाला भी है ॥१५॥ वह भूतमात्र के बाहर और भीतर, चर और अचरभी है। सूक्ष्म होने से बुद्धि का विषय नहीं, वह दूरस्थ है और समीप में भी है ॥ १६ ॥

अविभक्तं च भूतेषु विभक्तमिव च स्थितम्
भूतभर्तृ च तज्ज्ञेयं ग्रसिष्णु प्रभविष्णु च॥१७
ज्योतिषामपि तज्ज्योतिस्तमसः परमुच्यते।
ज्ञानं ज्ञेयं ज्ञानगम्यं हृदि सर्वस्य धिष्ठितम्॥१८

अभिन्न है, परन्तु भूतमात्र में भिन्न २ सा भी स्थित है। भूतमात्र का धारण, पालन, पोषण, करने वाला और प्रलय करके निगलने वाला तथा उत्पन्न करने वाला भी है। वह ज्ञेय=परब्रह्म है ॥ १७ ॥ वह ज्योतियों की भी ज्योति है, अन्धकार से दूर कहा जाता है। ज्ञानस्वरूप, जानने योग्य, ज्ञान से पाने योग्य, सब के हृदय में स्थित है ॥ १८ ॥

इति क्षेत्रं तथा ज्ञानं ज्ञेयं प्रोक्तं समासतः।
मद्भक्त एतद्विज्ञाय मद्भावायोपपद्यते ॥ १९॥
प्रकृतिं पुरुषं चैव विद्ध्यनादि उभावपि
विकारांश्च गुणांश्चैवविद्धि प्रकृतिसंभवान्॥२०

यह संक्षेप से क्षेत्र तथा ज्ञान और ज्ञेय बतलाया गया। मेरा भक्त इस को यथार्थ समझ कर मेरी सी दशा (मुक्ति) के लिये समीप पहुंच जाता है ॥ १९ ॥ प्रकृति और पुरुष को भी दोनों को ही अनादि जानो। विकारों और गुणों को प्रकृति से उत्पन्न हुआ जानो॥२०

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कार्यकारणकर्तृत्वे हेतुः प्रकृतिरुच्यते ।
पुरुषः सुखदुःखानां भोक्तृत्वे हेतुरुच्यते ॥२१॥
पुरुषः प्रकृतिस्थो हि भुङ्क्ते प्रकृतिजान् गुणान्।
कारणं गुणसङ्गोऽस्य सदसद्योनिजन्मसु ॥२२॥

कार्य, कारण और कर्त्ता होने से प्रकृति हेतु कही जाती है । सुख और दुखों के भोगने वाला होने से पुरुष हेतु कहाता है ॥ २१ । क्योंकि प्रकृति में ठहरा हुआ पुरुष प्रकृति से उत्पन्न हुए गुणों को भोगता है। अच्छी और बुरी योनियों में जन्मों का कारण इस जीव) का गुणों में फंसना है ॥ २२ ॥

उपद्रष्टाऽनुमन्ता च भर्ता भोक्ता महेश्वरः।
परमात्मेति चाप्युक्तो देहेऽस्मिन् पुरुषः परः २३
य एवं वेत्ति पुरुषं प्रकृतिं च गुणैः सह ।
सर्वथा वर्तमानोऽपि न स भूयोऽभिजायते २४

इस देह में दूसरा पुरुष है (जो) निरीक्षक, अनुमति देनेवाला, धारण करने वाला, पालन करने वाला महान् स्वामी और परमात्मा, ऐसा भी कहा गया है (अर्थात् इस देह में एक पुरुष=जीवात्मा है, जो प्रकृति के गुणों को भोगता है और गुणों में फंस कर भली बुरी योनियों में जन्म लेता है, जो २१ वें श्लोक में कहा गया और इस २२ वें श्लोक में एक दूसरा परम पुरुष परमात्मा इस देह में बताया गया है, जो जीवात्मा को वेदोक्त कर्म करने की सम्मति देता है और फिर स्वतन्त्रता से कर्म करने वाले इस जीवात्मा का साक्षी हो

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कर देखता है कि यह क्या करता है और इस के किये के अनुसार इसका धारण और पालन करता है। इन दोनों श्लोकों से बहुत स्पष्ट हो गया है कि गीता में अध्याय १३, श्लोक १ और श्लोक १९ में जो 'पुरुष' शब्द आया है, उस से दो पुरुष अभिप्रेत हैं-(एक जीवात्मा दूसरा परमात्मा) ॥२३॥ जो इस प्रकार पुरुष और प्रकृति को गुणों के साथ जान लेता है, वह सब प्रकार से बर्त्तता हुआ भी फिर नहीं जन्मता ॥ २४ ॥

ध्यानेनात्मनि पश्यन्ति केचिदात्मानमात्मना।
अन्ये सांख्येन योगेन कर्मयोगेन चापरे २५
अन्ये त्वेवमजानन्तः श्रुत्वाऽन्येभ्य उपासते।
तेऽपि चातितरन्त्येव मृत्युं श्रुतिपरायणाः २६

कोई २ लोग ध्यान से आत्मा में आत्मा से परमात्मा को देखते हैं, दूसरे लोग सांख्य से, योग से और कोई दूसरे लोग कर्मयोग से ॥ २५ ॥ परन्तु और लोग इस प्रकार न जानते हुवे अन्यों से सुन कर उपासना करते हैं और वे श्रुति पर चलने वाले भी मृत्यु को लांघ ही जाते हैं ॥ २६ ॥

यावत्सञ्जायते किञ्चित्सत्वं स्थावरजङ्गमम्।
क्षेत्रक्षेत्रज्ञसंयोगात्तद्विद्धि भरतर्षभ ॥ २७ ॥
समं सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्तं परमेश्वरम्।
विनश्यत्स्वविनश्यन्तं यः पश्यति स पश्यति २८

हे भरतकुलश्रेष्ठ! जितना चर घर और अचर प्राणि मात्र उत्पन्न होता है, उस को क्षेत्र (शरीर) और

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

क्षेत्रज्ञ (जीवात्मा) के संयोग से जानो ॥ २७ ॥ सब प्राणियों में एकरस ठहरे हुये, नष्ट होते हुवों में न नष्ट होते हुवे परमेश्वर को जो देखता है, वह (ठीक) देखता है। (२७ और २८ में भी कैसा स्पष्ट वर्णन है) कि प्राणिमात्र का जन्म—देह और जीवात्मा के संयोग से होता है और वियोग पर मृत्यु, परन्तु देहोंके नाश होने पर भी जिस का मृत्यु नहीं होता किन्तु जो सब प्राणियों में जीवित और मृत दोनों अवस्थाओं में एकसा वर्त्तमान रहता है, उस को परमेश्वर कहते हैं। इन श्लोकों से अद्वैतवाद कैसा स्पष्ट निषिद्ध है।२८

समं पश्यन् हि सर्वत्र समवस्थितमीश्वरम्।
नहिनस्त्यात्मनात्मानं ततोयाति परांगतिम्
प्रकृत्यैव च कर्माणि क्रियमाणानिसर्वशः।
यः पश्यतितथात्मानमकर्त्तारं स पश्यति ३०

क्योंकि सर्वत्र समान पूर्णतया उपस्थित ईश्वर को देखता हुवा, आत्मा से आत्मा की हिंसा (ईश्वराज्ञा भङ्ग) नहीं करता, तब परम गति को पाता है ॥ २९ ॥ जो देखता है कि प्रकृति से ही सब कर्म किये जाते हैं तथा (केवल) आत्मा को अकर्त्ता (देखता) है, वह ठीक देखता है ॥ ३० ॥

यदा भूत पृथग्भावमेकस्थमनु पश्यति।
तत एव च विस्तारं ब्रह्म संपद्यते तदा ३१
अनादित्वान्निर्गुणत्वात्परमात्मायमव्ययः
शरीरस्थोऽपि कौन्तेय न करोति न लिप्यते ३२

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जिस काल में एक (ब्रह्म) ठहरे हुए प्राणिमात्र की पृथक् सत्ता को ध्यान से देखता है और उस (ब्रह्म) से ही सब पसारे को, उस काल में ब्रह्म को प्राप्त हो जाता है ॥ ३१ ॥ हे कुन्ती के पुत्र! अनादि होने से, निर्गुण होने से यह अविनाशी परमात्मा शरीर में स्थित हुआ भी, न करता है, न फंसता है ॥ ३२ ॥

यथा सर्वगतं सौक्ष्म्यादाकाशं नोपलिप्यते।
सर्वत्रावस्थितोदेहे तथात्मानोपलिप्यते ३३
यथा प्रकाशयत्येकः कृत्स्नं लोकमिमं रविः।
क्षेत्रं क्षेत्री तथा कृत्स्नं प्रकाशयति भारत ३४

जिस प्रकार आकाश सूक्ष्म होने से सर्वत्र रहता हुआ साथ में फंसता नहीं, इसी प्रकार सर्वत्र स्थित हुआ परमात्मा देह में फंसता नहीं ॥ ३३ ॥ हे भरतकुलोत्पन्न! जिस प्रकार एकला सूर्य इस सारे जगत् को प्रकाशित करता है इसी प्रकार समस्त शरीर को शरीर वाला प्रकाशित करता है ॥ ३४ ॥

क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोरेवमन्तरं ज्ञानचक्षुषा।
भूत प्रकृतिमोक्षं च ये विदुर्यान्ति ते परम् ॥३५

जो लोग इस प्रकार देह और आत्मा के अन्तर (भेद) को और प्राणियों के प्रकृति से छुटकारे को ज्ञान दृष्टि से जानते हैं वे परमपद को पाते हैं ॥ ३५ ॥

ओं तत्सदिति

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

श्रीमद्भगवद्गीतायांब्रह्मविद्यायां
श्रीकृष्णार्जुनसंवादे
क्षत्रक्षत्रज्ञविभागयोगोनाम
त्रयोदशोऽध्याय:

॥ १३ ॥

यह श्रीमद्भगवद्गीता ब्रह्मविद्या कृष्ण अर्जुन के संवादमें
" क्षेत्रक्षेत्रज्ञविभागयोग " नाम का
तेरहवां अध्याय
समाप्तहुवा
॥१३॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओ३म्

अथ चतुर्दशोऽध्यायः

श्री भगवानुवाच—

परं भूयः प्रवक्ष्यामि ज्ञानानां ज्ञानमुत्तमम्
यज्ज्ञात्वा मुनयः सर्वे परां सिद्धिमितोगताः
इदं ज्ञानमुपाश्रित्य मम साधर्म्यमागताः।
सर्गेऽपि नोपजायन्ते प्रलये न व्यथन्ति च २

श्रीकृष्ण ने कहा कि—ज्ञानों में परम उत्तम ज्ञान को फिर बतलाता हूं, जिस को जान कर सब मुनि लोग यहां से परमसिद्धि (मोक्ष) को प्राप्त होगये ॥१॥ इस ज्ञान का आश्रय पाकर मेरी बराबरी पाये हुए (एक) सृष्टि के आरम्भ में भी जन्म लेते और प्रलय में पीड़ित नहीं होते ॥ २ ॥

मम योनिर्महद्ब्रह्म तस्मिन् गर्भं दधाम्यहम्।
सम्भवः सर्वभूतानां ततो भवति भारत ३
सर्वयोनिषु कौन्तेय मूर्तयः सम्भवन्ति याः।
तासां ब्रह्म महद्योनिरहं बीजप्रदः पिता ४

हे भरतकुलोत्पन्न ! यह ब्रह्म मेरा उत्पत्तिस्थ न है, मैं उस (व्यापक ब्रह्म) में गर्भ को धारण करताहूं सब प्राणियों की उत्पत्ति उस (ब्रह्म) से होती है ॥३॥ हे कुन्तिपुत्र। सब योनियोंमें जो मूर्तियां उत्पन्न होती हैं, उन का उत्पत्तिस्थान महद्ब्रह्म है (और) वीर्य-

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

धाला पिता मैं=अहङ्कार विशिष्ट जीवात्मा है ॥ ४ ॥

सत्त्वं रजस्तम इति गुणाः प्रकृति संभवाः।
निबध्नन्ति महाबाहो देहे देहिनमव्ययम् ५
तत्र सत्त्वं निर्मलत्वात्प्रकाशकमनामयम्।
सुखसङ्गेन बध्नाति ज्ञानसङ्गेन चाऽनघ ६

हे महाभुज! सत्त्व, रज, तम; ये गुण प्रकृति से उत्पन्न होते हैं और अविनाशी देहधारी को देह में बांधते हैं ॥५॥ हे निष्पाप! उन में से सत्त्वगुण निर्मल होने से प्रकाशक और नीरोग है (जो) सुख के संयोग से ज्ञान की फांसी से बांधता है ॥ ६ ॥

रजोरागात्मकं विद्धि तृष्णासङ्गसमुद्भवम्।
तन्निबध्नाति कौन्तेय कर्मसङ्गेन देहिनम्॥
तमस्त्वज्ञानजं विद्धि मोहनं सर्वदेहिनाम्।
प्रमादालस्यनिद्राभिस्तन्निबध्नाति भारत ८

हे कुन्तिपुत्र! तृष्णा और फंसावट से उत्पन्न होने वाले रागस्वरूप को रजगुण जानो, वह कर्मकी फांसी से देहधारी को फांसता है ॥ ७ ॥ हे भरतकुलोत्पन्न! सब देहधारियोंके मोहने वाले तमोगुण को तौ अज्ञान से उत्पन्न जानो, वह प्रमाद, आलस्य और निद्रा से फांसता है ॥ ८ ॥

सत्त्वं सुखे सञ्जयति रजः कर्मणि भारत।
ज्ञानमावृत्य तु तमः प्रमादे सञ्जयत्युत ॥९॥
रजस्तमश्चाभिभूय सत्त्वं भवति भारत।
रजः सत्त्वं तमश्चैव तमः सत्त्वं रजस्तथा १०

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

हे भरतकुलोत्पन्न ! सुखमें सत्त्वगुण, कर्ममें रजोगुण फंसाता है और ज्ञानको आच्छादन करके तमोगुण तो प्रमाद में फंसाता है ॥९॥ हे भारत ! रजोगुण और तमोगुण को दबा कर सत्त्वगुण आता है और रजोगुण सत्त्वगुण को दबा कर तमोगुण तथा तमोगुण सत्त्वगुण को दबा कर रजोगुण आता है ॥ १० ॥

सर्वद्वारेषु देहेऽस्मिन् प्रकाश उपाजायते ।
ज्ञानं यदा तदा विद्याद्विवृद्धं सत्त्वमित्युत ११
लोभः प्रवृत्तिरारम्भः कर्मणामशम स्पृहा ।
रजस्येतानि जायन्ते विवृद्धे भरतर्षभ ॥१२॥

जिस काल में इस देह में सब द्वारों (इन्द्रियों) पर प्रकाश उत्पन्न होता है (ज्ञान होता है) समझना चाहिये कि सत्त्वगुण बढ़ा हुवा है ॥ ११ ॥ हे भरतकुल श्रेष्ठ ! रजोगुण के बढ़ने पर ये उत्पन्न होते हैं:—लोभ, बाह्यचेष्टा, कर्मों का आरम्भ, बेचैनी, इच्छा ॥ १२ ॥

अप्रकाशोऽप्रवृत्तिश्च प्रमादोमोह एव च ।
तमस्येतानि जायन्ते विवृद्धे कुरुनन्दन १३
यदा सत्त्वे विवृद्धे तु प्रलयं याति देहभृत् !
तदोत्तमविदां लोकानऽमलान्प्रतिपद्यते १४

हे कुरुवंश के हर्षकारक ! तमोगुण के बढ़ने पर ये उत्पन्न होते हैं:—अन्धकार, बाह्यचेष्टा का अभाव और प्रमाद और मोह भी ॥ १३ ॥ जब प्राणी सत्त्वगुण के बहुत बढ़े हुए होने पर मृत्युको प्राप्त होता है तब तो उत्तम ज्ञानियों के निर्मल लोकों को प्राप्त होता है १४

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

रजसि प्रलयं गत्वा कर्मसङ्गिषु जायते ।
तथा प्रलीनस्तमसि मूढयोनिषु जायते १५
कर्मणः सुकृतस्याहुः सात्त्विकं निर्मलं फलम्
रजसस्तु फलं दुःखमज्ञानं तमसः फलम् ॥

रजोगुण में मृत्यु को पाकर कर्म में फंसने वालोंमें जन्मता है तथा तमोगुण में मरा हुआ मूढ़ योनियों में जन्म लेता है ॥ १५ ॥ पुण्य कर्म का सात्त्विक निर्मल फल होता है और रजोगुण का फल दुःख है, तमोगुण का फल अज्ञान है ॥ १६ ॥

सत्त्वात्संजायते ज्ञानं रजसो लोभ एव च
प्रमादमोहौ तमसो भवतोऽज्ञानमेव च १७
ऊर्ध्वं गच्छन्तिसत्त्वस्था मध्येतिष्ठन्तिराजसाः
जघन्यगुणवृत्तिस्था अधोगच्छन्ति तामसाः

सत्त्वगुण से ज्ञान उत्पन्न होता है और रजो गुण से लोभ ही, और तमोगुण से प्रमाद और मोह होते हैं और अज्ञान ॥ १७ ॥ सत्त्वगुण में ठहरने वाले ऊपर को जाते हैं, रजोगुणी लोग बीच में ठहरते हैं, नीच गुण की वृत्ति में ठहरने वाले तमोगुणी लोग नीचे को जाते हैं ॥ १८ ॥

नाऽन्यं गुणेभ्यः कर्तारं यदा द्रष्टाऽनुपश्यति
गुणेभ्यश्च परं वेत्ति मद्भावं सोऽधिगच्छति १९
गुणानेतानतीत्य त्रीन्देही देहसमुद्भवान् ।
जन्म मृत्युजरादुःखैर्विमुक्तोऽमृतमश्नुते २०

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

साक्षी (जीवात्मा) जब गुणों के सिवाय अन्य को कर्त्ता नहीं देखता और गुण से सूक्ष्म (आत्मा) को जानलेता है वह मेरी अवस्था (मुक्ति) को पाता है ॥ १९ ॥ देह का स्वामी (पुरुष) देह से उत्पन्न हुए इन तीन गुणों को पार करके जन्म मृत्यु बुढ़ापा और दुःख से छूटाहुवा अमृतको भोगता है ॥२०

अर्जुनउवाच–

कैर्लिंगैस्त्रीन् गुणानेतानतीतो भवति प्रभो
किमाचारःकथं चैतांस्त्रीन् गुणानऽतिवर्तते

श्रीभगवानुवाच–

प्रकाशं च प्रवृत्तिं च मोहमेव च पाण्डव ।
न द्वेष्टि संप्रवृत्तानि न निवृत्तानि काङ्क्षति

अर्जुन ने कहा कि–हे प्रभो ! कौन से चिह्न हैं जिन से इन तीन गुणों को पार होगया होता है । क्या आचरण रखता है और किस प्रकार इन तीन गुणों को लांघ जाता है ॥ २१ ॥ श्रीकृष्ण ने कहा कि–हे पाण्डव ! (जो गुणों के पार पहुंच जाता है वह) पूर्णतया प्रवृत्त हुए प्रकाश से और प्रवृत्ति से और मोह से द्वेष नहीं करता, निवृत्त हुओं की इच्छा नहीं करता ॥ २२ ॥

उदासीनवदासीनो गुणैर्यो न विचाल्यते ।
गुणा वर्तन्तइत्येव योऽवतिष्ठति नेङ्गते २३
समदुःखसुखःस्वस्थः समलोष्टाश्मकाञ्चनः ।
तुल्यप्रियाप्रियोधीरस्तुल्यनिन्दात्मसंस्तुतिः

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जो उदासीन सा बैठा रहता है, गुणों से चलायमान नहीं होता, जो अटल होकर बैठ जाता है, गुण अपना काम कर रहे हैं, यह समझ कर विचलित नहीं होता ॥ २३ ॥ सुख और दुःख जिस को समान हैं, अपने आपे में ठहरा हुवा, जिस को ढेला, पत्थर और सुवर्ण एकसा है, प्रिय और अप्रिय जिस को एक से हैं, निन्दा और अपनी स्तुति जिस को एकसी हैं, धैर्य रखने वाला, ॥ २४ ॥

मानापमानयोस्तुल्यस्तुल्यो मित्रारिपक्षयोः
सर्वारम्भपरित्यगी गुणाऽतीतः स उच्यते २५
मां च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते
स गुणान्समतीत्यैतान्ब्रह्मभूयायकल्पते २६

मान और अपमान में समान मानने वाला, मित्र और शत्रु के पक्षों में एकसा, सब आरम्भों का सब ओर से त्यागने वाला, वह गुणों के पार पहुंचा हुवा कहा जाता है ॥ २५ ॥ और जो अटल भक्ति के योग से मेरी सेवा करता है वह इन गुणों को पार करके ब्रह्म की प्राप्ति के लिये समर्थ होता है ॥२६॥

ब्रह्मणोहि प्रतिष्ठाऽहममृतस्याव्ययस्य च ।
शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च

मैं ब्रह्म का, अमृत का और अविनाशी का और सनातनधर्म का और एकान्तके सुखका रहने वाला हूं॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओं तत्सदिति
श्रीमद्भगवद्गीतायांब्रह्मविद्यायांश्रीकृष्णार्जुन
संवादे गुणत्रयविभाग योगो नाम
चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

यह श्रीमद्भगवद्गीता ब्रह्मविद्या कृष्णार्जुनसंवाद में
"गुणत्रयविभागयोग" नाम का
चौदहवां अध्याय समाप्त हुवा ॥ १४ ॥

ओ३म्

अथ पञ्चदशोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच—

ऊर्ध्वमूलमधः शाखमश्वत्थं प्राहुरव्ययम् ।
छन्दांसि यस्य पर्णानि यस्तं वेद स वेदवित्॥
अधश्चोर्ध्वं प्रसृतास्तस्य शाखा गुणप्रवृद्धा
विषय प्रबालाः अधश्च। मूलान्यनुसंततानि
कर्मानुबन्धीनि मनुष्यलोके ॥ २ ॥

श्रीकृष्ण ने कहा कि—जो उस वृक्ष को जानता है, वह वेद को जानने वाला है। वेदमन्त्र जिसके पत्ते हैं, ऊपर को जड़, नीचे को गुद्दे (प्रवाह रूप से) जिस का अत्यन्त नाश नहीं होता ॥ १ ॥ नीचे और ऊपर को उस की शाखायें फैली हुई हैं, गुणों से अत्यन्त बढ़ी हुई, विषयों की कोंपल वाली और नीचे को कर्मों से जुटी हुई जड़ें मनुष्य लोक में फैल रही हैं ॥ २ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

न रूपमस्येह तथोपलभ्यते नान्तोन चादिर्न च संप्रतिष्ठा। अश्वत्थमेनं सुविरूढमूलम सङ्गशस्त्रेण दृढेन छित्वा ॥ ३ ॥ ततः पदं तत्परिमार्गितव्यं यस्मिन् गता न निवर्तन्ति भूयः। तमेव चाद्यं पुरुषं प्रपद्ये यतः प्रवृत्तिः प्रसृता पुराणी ॥ ४ ॥

यहां न इसका रूप वैसा समझ में आता, न अन्त और न आदि और न मूलस्थान। जिस की अच्छे प्रकार से अनेक विध जड़े जम गई हैं, इस अश्वत्थ (पीपल वृक्ष) को निःसङ्गरूपी दृढ़शस्त्र से छेदन करके—॥ ३ ॥ फिर उस पद को ढूंढना चाहिये, जिसमें पहुंचे हुवे फिर नहीं लौटते हैं (मैं) भी उस ही आदिपुरुष को प्राप्त होता हूं, जिससे प्राचीन प्रवृत्ति फैली है (उक्त चारों श्लोकों में संसारीजनों के देह को एक पीपल के वृक्ष का अलङ्कार देकर वर्णन किया है। मनुष्यों और अन्य प्राणियों के पांव और हाथ इस देहरूपी वृक्षकी शाखायें हैं, जो ऊपरसे नीचे को लटकी हैं, और शिर जो ऊपर है इसकी जड़ है; जिसमें से सहस्रों नाड़ियें नीचे और ऊपर को शाखारूप से फैली हैं और जो सत्व, रज, तम तीन गुणों से बहुत २ बढ़ी हुई हैं, ज्ञानेन्द्रियों के विषय—शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध उन शाखों पर कोंपलें के समान जुटे हुवे हैं। पूर्वकृत कर्म जिनके अनुसार यहदेह अपनी शाखा प्रशाखाओं सहित

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मिलताहै, उनसे इसकी जड़े बंधी हुई हैं। वैदिक छन्दों कागान और भजन इस मनुष्यदेहरूप वृक्षके सुहावनेपत्ते हैं। सर्वसाधारण की समझमें इस वृक्षका स्वरूप, आदि मध्य और अन्त में नहीं आता। वेद शास्त्र के जानने वाले इस के तत्त्व को समझते हैं,वे सब क्षणभङ्गुर सांसारिक पदार्थों का सङ्ग छोड़ कर इस वृक्ष को काट डालते हैं,अर्थात् देहाध्यास को त्याग देते हैं और तब उस मोक्षपद की खोज करते हैं जहां से फिर आवागमन नहीं होता। श्री कृष्ण कहते हैं कि मैं भी उसी अनादि पुरुष को प्राप्त हुआ हूं जिस ने अनादि काल से यह हमारी रचना रची है) ॥ ४ ॥

निर्मानमोहा जितसङ्गदोषा अध्यात्मनित्या विनिवृत्तकामाः। द्वन्द्वैर्विमुक्ताः सुखदुःखसंज्ञैर्गच्छन्त्यमूढाः पदमव्ययं तत्॥५॥न तद्भासयते सूर्यो न शशाङ्को न पावकः। यद्गत्वा न निवर्त्तन्ते तद्धाम परमं मम ॥ ६ ॥

मान और मोहसे रहित, सङ्गदोष के जीत चुकने वाले, भीतरी आत्मामें नित्य स्थिर, जिन की इच्छायें निवृत्त हो गई हैं, सुख दुःख नामक द्वन्द्वों से छूटे हुवे, न भूले भटके लोग उस अविनाशी पद पर जाते हैं * ॥ ५ ॥ उस को सूर्य प्रकाशित नहीं करता, न चन्द्रमा,

* २ । ३ । ४ । ५ श्लोक भी नये बेजोड़ छन्दों में नवीन रचे ज्ञात होते हैं ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

न अग्नि । जिस को पाकर नहीं निवृत्त होते, वह मेरा परमधाम है ॥ ६ ॥

ममैवांशोजीवलोके जीवभूतः सनातनः ।
मनः षष्ठानीन्द्रियाणि प्रकृतिस्थानि कर्षति
शरीरं यदवाप्नोति यच्चाप्युत्क्रामतीश्वरः ।
गृहीत्वैतानिसंयाति वायुर्गन्धानिवाशयात्

जीवित संसार में मेरा (अहङ्कार विशिष्ट आत्मा का) ही भाग सनातन जीव प्रकृति में ठहरी हुई, मन जिन में छठा है, उन इन्द्रियों को अकर्षित करता है (तात्पर्य यह है कि इस जीवित संसार में जितने जीवते प्राणी हैं, उन सब में वह भाग जो सनातन और चेतन है " जीव " कहलाती है और शेष भाग मन और इन्द्रियों का है, जो प्रकृति से बना है और जीव उस का आकर्षण करता है अर्थात् हर एक जीवित शरीर में दो पदार्थों का संयोग है, एक चेतन, दूसरा जड़, जिन में से चेतन अंश जीवात्मा और जड़ांश मन इन्द्रियां आदि अन्य भाग हैं । श्री कृष्ण कहते हैं कि देह में जो अंश चेतन है वह मेरा अर्थात् अहङ्कारयुक्त आत्मा का है) ॥७॥ स्वामी (जीवात्मा) जिस शरीर में पहुंचता है और जिस को छोड़ कर जाता है, इन को लेकर जाता है । जैसे वायु कोष में से गन्धों को (लेकर जाता है) ॥ ८ ॥

श्रोत्रं चक्षुः स्पर्शनं च रसनं घ्राणमेव च ।
अधिष्ठाय मनश्चायं विषयानुपसेवते॥९॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

उत्क्रामन्तं स्थितं वापि भुञ्जानं वा गुणान्वितम्
विमूढानानुपश्यन्ति पश्यन्ति ज्ञानचक्षुषः १०

(जिन को जीव साथ लेजाता है उन को गिनाते हैं:-) सुनने की शक्ति, देखने की शक्ति, छूने की शक्ति, और चखने की शक्ति, और सूंघने की शक्तिको भी और मन को अधिष्ठाता बना कर यह (जीवात्मा) विषयों का सेवन करता है ॥ ९ ॥ (देह से) निकलते हुए, रहते हुए अथवा गुणों के साथ जुटे हुए वा भोगते हुए को भी मूढ़ लोग नहीं देखते, ज्ञान की आंख वाले देखते हैं ॥ १० ॥

यतन्तो योगिनश्चैनं पश्यन्त्यात्मन्यवस्थितम्।
यतन्तोऽप्यकृतात्मानो नैनं पश्यन्त्यचेतसः
यदादित्यगतं तेजो जगद्भासयतेऽखिलम् ।
यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नौ तत्तेजो विद्धि मामकम् १२

और यत्न करते हुए योगी लोग इस अपने आपे में विराजमान (आत्मा) को देखते हैं, निर्बुद्धि मन को वश में न करने वाले लोग यत्न करते हुये भी इस को नहीं देखते ॥ ११ ॥ सूर्य से चला हुवा जो प्रकाश सारे जगत् को प्रकाशित करता है, जो चन्द्रमा में है और जो अग्नि में है, उस प्रकाश को मेरा (अहंकार-विशिष्ट आत्मा का) जानो ॥ १२ ॥

गामाविश्य च भूतानि धारयाम्यहमोजसा
पुष्णामि चौषधीः सर्वाः सोमो भूत्वा रसात्मकः

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अहं वैश्वानरो भूत्वा प्राणिनां देहमाश्रितः।
प्राणापानसमायुक्तः पचाम्यन्नं चतुर्विधम्

मैं (अहंकारविशिष्ट आत्मा) पृथिवी में प्रवेश करके भूतों (स्थावर जङ्गम प्राणियों) का धारण करता हूं और आत्मिक बल से रसरूप चन्द्रमा बनकर सब ओषधियों का पोषण करता हूं (अर्थात् जीवात्मा पृथिवी में है, जिस का पृथिवी शरीर है और जीवात्मा चन्द्रमा में है जिस का चन्द्रलोक शरीर है और जीवात्मा ओषधि वनस्पतियों में है जो उन का पोषण करता है अर्थात् विना जीव के न पृथिवी रह सकती, न ओषधियें रह सकतीं और न कोई जीवित जन्तु रह सकता जब जिस में से जीव निकल जाता है, उसी का पोषण बन्द होजाता है) ॥ १३ ॥ मैं 'वैश्वानर' (चेतनाग्नि) होकर प्राणियों के देह में रहता हूं, प्राण और अपान से संयोग पाया हुआ चार प्रकार के अन्न को पचाताहूं। (चार प्रकारका अन्नः-१-भक्ष्य, २-भोज्य, ३-लेह्य, ४-चोष्य कहाता है, इस सब को जीव, जो एक प्रकार की चेतन और गर्म सत्ता है वही पचाती है) ॥१४॥

सर्वस्य चाहं हृदि सन्निविष्टो मत्तः स्मृतिर्ज्ञानमपोहनं च। वेदैश्च सर्वैरहमेव वेद्यो वेदान्तकृद्वेदविदेव चाहम् १५ द्वाविमौपुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च। क्षरः सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यते ॥ १६ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

और मैं सब के हृदय के घुसा हुवा हूं, स्मृति (याद) ज्ञान और भूल मुझ से हैं। और सब वेदों से जानने योग्य मैं ही हूं-वेदान्त का कर्त्ता और वेद का ज्ञाता भी मैं ही हूं (अर्थात् अहङ्कारविशिष्ट आत्मा है, सब के हृदय में ज्ञान, स्मरण और विस्मरण सब उसी से होते हैं। वेद पढ़कर उस से इस जीवात्मा का पता लगाना चाहिये, यह जीवात्मा ही वेदान्त शास्त्र का कर्त्ता औरवेद का विद्वान्है) ॥१५॥ संसार में येदो पुरुषहैं नाशवान् और न नाशवान्। नाशवान् सब उत्पन्न होने वाले हैं और न नाशवान् नित्य (जन्म मृत्यु रहित) कहाता है। (ये दो-देह और जीवात्मा कहे गये अब आगे परमात्मा को बतायेंगे कि-) ॥ १६ ॥

उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः।
योलोकत्रयमाविश्य बिभर्त्यव्यय ईश्वरः१७
यस्मात्क्षरमतीतोऽहमक्षरादपि चोत्तमः।
अतोऽस्मिलोके वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः

उत्तम पुरुष तो (एक) अन्य है, वह परमात्मा कहाता है, जो अविनाशी ईश्वर तीनों लोक में व्याप कर धारण कर रहा है ॥ १७ ॥ क्योंकि मैं नाशवान् (देह) से आगे निकल गया हूं और नाशवान् (अन्य अहङ्कार विशिष्ट जीवों) से भी उत्तम हूं। इस लिये लोक और वेद में पुरुषोत्तम विख्यात हूं। (लोक और वेद की भाषा में श्रीकृष्ण जैसे जीवन्मुक्त आत्माओं को पुरुषोत्तम कहते हैं) ॥ १८ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यो मामेवमसंमूढो जानाति पुरुषोत्तमम्
स सर्वविद्भजति मां सर्वभावेन भारत ॥१९॥
इति गुह्यतमं शास्त्रमिदमुक्तं मयाऽनघ ।
एतद्बुद्ध्वा बुद्धिमान् स्यात्कृतकृत्यश्च भारत

मूढतारहित जो मुझ को इस प्रकार पुरुषोत्तम (जीवनमुक्त) समझता है, वह सब कुछ समझता है । हे भरतकुलोत्पन्न ! (वह) सारी भक्ति से मेरी सेवा करता है ॥ १९ ॥ हे भारत ! इस प्रकार यह अत्यन्त गुप्त शिक्षा मैंने तुझ से कही है । हे निष्पाप ! इस को समझ कर बुद्धिमान् और कृतकृत्य (कामयाब) होजावेगा ॥ २० ॥

ओं तत्सदिति

श्रीमद्भगवद्गीतायां ब्रह्मविद्यायां
श्रीकृष्णार्जुनसंवादे
पुरुषोत्तमयोगोनाम
पञ्चदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥

यह भगवद्गीता ब्रह्मविद्या कृष्णार्जुन संवाद
में " पुरुषोत्तमयोग,, नामक
पन्द्रहवां अध्याय समाप्त हुआ
॥ १५ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओ३म्

अथ षोडशोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच-

अभयं सत्त्वसंशुद्धिर्ज्ञानयोगव्यवस्थितिः ।
दानं दमश्च यज्ञश्च स्वाध्यायस्तप आर्जवम् १
अहिंसा सत्यमक्रोधस्त्यागः शान्तिरपैशुनम्
दयाभूतेष्वलोलुप्त्वं मार्दवं ह्रीरचापलम् ।२।

श्रीकृष्ण ने कहा कि–निर्भयता, जीवन की शुद्धि ज्ञानयोग में ठहराव, दान और जितेन्द्रियता, और यज्ञ करना, वेदों का स्वाध्याय, तप, सरलता, ॥ १ ॥ हिंसा न करना, सत्य, क्रोध का न होना, त्याग, शान्ति, चुग़ली न करना, प्राणियों पर दया, लालच न करना, कोमल रहना, लज्जा, चपलता न होना,२

तेजः क्षमा धृतिः शौचमद्रोहो नातिमानिता।
भवन्ति संपदं दैवीमभिजातस्य भारत ॥३॥
दम्भो दर्पोऽभिमानश्च क्रोधः पारुष्यमेव च ।
अज्ञानं चाभिजातस्य पार्थ संपदमासुरीम्४

हे भारत ! तेज, क्षमा, धैर्य, शौच, बैरभाव न होना, घमण्डी न होना; देवताओं की सम्पत्ति के साथ उत्पन्न होने वाले के होते हैं ॥ ३ ॥ हे पार्थ ! कपट, मद और अभिमान, क्रोध और कठोरता और अज्ञान,

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

असुरों की सम्पत्ति के साथ उत्पन्न होने वाले के होते हैं ॥ ४ ॥

दैवी संपद्विमोक्षाय निबन्धायासुरीमता।
मा शुचःसंपदं दैवीमभिजातोऽसि पाण्डव ५
द्वौ भूतसर्गौ लोकेऽस्मिन् दैव आसुर एव च
दैवो विस्तरशः प्रोक्तआसुरं पार्थमेशृणु ६

हे पाण्डव ! देवतों की सम्पत्ति मुक्ति के लिये (और) असुरों की बन्धन के लिये मानी गई है । तू देवतों की सम्पदा के साथ उत्पन्न हुआ है, शोक मत कर ॥ ५ ॥ हे पार्थ ! इस लोक में उत्पन्न हुए पदार्थों की दो सृष्टियें हैं–देवतों की और असुरों की । देवतों की विस्तार से कही गई,असुरों की मुझ से सुनो ॥ ६ ॥

प्रवृत्तिं च निवृत्तं च जना न विदुरासुराः।
न शौचं नापि चाचारो न सत्यं तेषु विद्यते
असत्यमप्रतिष्ठं ते जगदाहुरनीश्वरम्।
अपरस्परसम्भूतं किमन्यत्कामहैतुकम् ॥८॥

असुरभाव वाले लोग प्रवृत्ति और निवृत्ति को नहीं जानते, उन में न शौच और न आचार ही, न सत्य होता है ॥ ७ ॥ वे जगत् को झूठा, निर्मूल, विना ईश्वर का, एक दूसरे से उत्पन्न हो गया और क्या, कामदेव जिस का कारण है, ऐसा कहते हैं ॥ ८ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

एतां दृष्टिमवष्टभ्य नष्टात्मानोऽल्प बुद्धयः प्रभवन्त्युग्रकर्माणः क्षयाय जगतोऽहिताः ॥ ९॥
काममाश्रित्यदुष्पूरं दम्भमानमदान्विताः ।
मोहाद्गृहीत्वाऽसद्ग्राहान् प्रवर्तन्तेऽशुचिव्रताः

अल्पबुद्धि नष्टात्मा लोग इस दृष्टि का सहारा लेकर संसार के शत्रु होकर नष्ट भ्रष्ट करने के लिये क्रूर कर्म करने वाले उत्पन्न हो जाते हैं ॥ ९ ॥ कपट, अभिमान और मद में भरे हुवे, मलिन नियमों वाले लोग, जो पूरा नहीं हो सकता, उस काम का आसरा लेकर मोह से बुरे दावों को पकड़ कर काम में लगते हैं १०॥

चिन्तामपरिमेयां च प्रलयान्तामुपाश्रिताः
कामोपभोगपरमा एतावदितिनिश्चिताः॥११॥
आशापाशशतैर्बद्धाः कामक्रोधपरायणाः ॥
ईहन्तेकामभोगार्थमन्यायेनाऽर्थसंचयान् १२

और प्रलय होने पर जिस का अन्त होगा, ऐसी बेतोल चिन्ता में डूबे रहते हैं । काम के उपभोग को ही सब से बड़ा समझते और निश्चय किये रहते हैं कि बस इतना ही है ॥११ ॥ सैकड़ों आशाओं की फांसियों से बंधे हुवे, काम और क्रोध में तत्पर, (वे लोग) काम भोगके लिये अन्यायसे धनसञ्चय की चेष्टा करतेहैं॥

इदमद्य मया लब्धमिमं प्राप्स्ये मनोरथम्
इदमस्तीदमपि मे भविष्यति पुनर्धनम् १३

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

असौ मया हतः शत्रुर्हनिष्ये चापरानपि ।
ईश्वरोऽहमहं भोगी सिद्धोहं बलवान्सुखी १४

आज मैंने यह पालिया, उस मनोरथ को कल पाऊंगा, मेरे पास यह धन है, फिर वह भी हो जायगा ॥ १३ ॥ उस शत्रु को मैंने मार लिया, अन्यों को भी मारूंगा, मैं ईश्वर, मैं भोगी, मैं सिद्ध, बलवान्, सुखी (हूं) ॥ १४ ॥

आढ्योऽभिजनवानऽस्मि कोन्योऽस्ति सदृशोमया । यक्ष्ये दास्यामि मोदिष्य इत्यज्ञानविमोहिताः ॥१५॥ अनेकचित्तविभ्रान्ता मोहजालसमावृताः । प्रसक्ताः कामभोगेषु पतन्ति नरकेऽशुचौ ॥ १६ ॥

धनवान्, कुलीन हूं, मेरे सदृश और कौन है, यज्ञ करूंगा, दान, करूंगा, हर्ष मनाऊंगा, इस प्रकार अज्ञान से मोहित हो जाते हैं ॥ १५ ॥ अनेक चित्त होने से भ्रान्ति में पड़े हुए, मोह के जाल से लिपटे हुए, काम भोगों में फंसे हुए; मलिन नरक में गिरते हैं ॥ १६ ॥

आत्मसंभाविताः स्तब्धा धनमानमदान्विताः
यजन्ते नामयज्ञैस्ते दम्भेनाविधिपूर्वकम् १७
अहङ्कारं बलं दर्पं कामं क्रोधं च संश्रिताः।
मामात्मपरदेहेषु प्रद्विषन्तोभ्यसूयकाः॥१८॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अपने आपे में प्रतिष्ठा मानने वाले, हठी, धन, मान और मद से युक्त, वे कपट से विधि विरुद्ध नाममात्र के यज्ञों से देव पूजा करते हैं ॥ १७ ॥ अहङ्कार, बल, मद, काम और क्रोध में डूबे हुए; अपने और पराये शरीरों में मुझ (अहङ्कार विशिष्ट आत्मा) से द्वेष करते हुए, एक दूसरे से ईर्ष्या करते हैं ॥ १८ ॥

तानहं द्विषतः क्रूरान् संसारेषु नराधमान् ।
क्षिपाम्यजस्रमशुभानासुरीष्वेव योनिषु ॥ १९ ॥
आसुरीं योनिमापन्ना मूढा जन्मनि जन्मनि ।
मामप्राप्यैव कौन्तेय ततो यान्त्यधमां गतिम् ॥

हे कुन्ती के पुत्र ! मैं उन द्वेष करने वाले, कठोर, संसार में अशुभ नराधमों को लगातार असुरों की ही योनियों में फेंकता हूं श्रीकृष्ण का ऐसा कहना इस अभिप्राय से ठीक हो सकता है कि जो मेरी सम्मति नहीं मानते और मेरे उपदेश किये हुए स्वधर्म पर नहीं चलते, उनको, मैं भी चाहता हूं कि अपने किये का दुष्ट फल भोगने के लिये नीच योनियों में जावें ॥१९॥ असुरों की योनि को पाये हुए मूर्ख जन्म जन्मान्तर में मेरे पद को न पाकर ही फिर नीच गति को पाते हैं ॥२०॥

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः ।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्
एतैर्विमुक्तः कौन्तेय तमोद्वारैस्त्रिभिर्नरः ।
आचरत्यात्मनः श्रेयस्ततो याति परां गतिम्

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

काम, क्रोध, तथा लोभ, यह तीन प्रकार का नरक का द्वार आत्मा का नाश करने वाला है, इस लिये इन तीन को त्यागना चाहिये॥ २१ ॥ हे कुन्ती के पुत्र! इन तीन अन्धकार के द्वारोंसे बचा हुवा मनुष्य अपनी भलाई का आचरण करता है, उस से उत्तम गति को पाता है ॥ २२ ॥

यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते काम कारतः।
न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम्॥२३
तस्माच्छास्त्रं प्रमाणंते कार्याकार्यव्यवस्थितौ
ज्ञात्वाशास्त्र विधानोक्तं कर्म कर्तुमिहार्हसि

जो शास्त्र की विधि को छोड़ कर मन चाहा वर्त्तता है, वह सिद्धि को नहीं पाता, न सुख को, न उत्तम गति को। इस लिये करने योग्य और न करने योग्य की व्यवस्था में तुझ को शास्त्र प्रमाण है। शास्त्र की आज्ञा से कहा हुवा कर्म समझ कर करना चाहिये॥२४॥

ओंतत्सदिति
श्रीमद्भगवद्गीतायां ब्रह्मविद्यायां
श्रीकृष्णार्जुनसंवादे
दैवासुरसंप द्विभागयोगो
नाम षोशोऽध्यायः ॥ १६ ॥

यह भगवद्गीता ब्रह्मविद्या कृष्णार्जुनसंवादमें
" दैवासुरसंपद्विभागयोग" नामक
सोलहवां अध्याय समाप्त हुवा ॥१६॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओ३म्

अथ सप्तदशोऽध्यायः

अर्जुन उवाच–

येशास्त्रविधिमुत्सृज्य यजन्ते श्रद्धयाऽन्विताः
तेषां निष्ठा तु का कृष्णसत्त्वमाहोरजस्तमः१

श्री भगवानुवाच

त्रिविधा भवति श्रद्धा देहिनां सास्वभावजा
सात्त्विकीराजसीचैवतामसीचेतितांशृणु॥२॥

अर्जुन ने कहा कि-हे कृष्ण! जो शास्त्र की आज्ञा का त्याग करके श्रद्धा सहित यज्ञ करते हैं उन की दशा क्या है? सत्वगुण वा रजोगुण अथवा तमोगुण? ॥१॥ श्रीकृष्ण ने कहा कि देहधारियों में स्वाभाविक श्रद्धा तीन प्रकार की है, वह १ सात्त्विकी २ राजसी और ३ तामसी भी। बस उन को सुनो ॥ २ ॥

सत्त्वानुरूपा सर्वस्य श्रद्धा भवति भारत।
श्रद्धामयोऽयं पुरुषो योयच्छ्रद्धः स एवसः ३
यजन्ते सात्विका देवान् यक्षरक्षांसि राजसाः
प्रेतान् भूतगणांश्चान्ये यजन्ते तामसा जनाः४

हे भारत! सब की श्रद्धा जीवन के अनुकूल होती है। यह मनुष्य श्रद्धा से बना हुवा है। जो जिस पर श्रद्धा रखता है, वह वही है ॥ ३ ॥ सत्व गुणी लोग

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

देवतों का यज्ञ करते हैं, रजोगुणी लोग यक्ष और राक्षसों का, अन्य तमोगुणी लोग प्रेतों और भूतसमूहों का यजन करते हैं ॥ ४ ॥

अशास्त्रविहितं घोरं तप्यन्ते ये तपो जनाः।
दम्भाहङ्कारसंयुक्ताः कामरागबलान्विताः ५
कर्षयन्तः शरीरस्थं भूतग्राममचेतसः ।
मां चैवान्तःशरीरस्थं तान्विध्यासुरनिश्चयान्

जो मनुष्य शास्त्राज्ञा के विरुद्ध घोर तपस्या करते हैं, कपट और अहङ्कार से जुटे हुए काम और राग के बल से युक्त, ॥ ५ ॥ शरीरस्थ तत्त्वसमूह को और शरीर के भीतर स्थित अहङ्कारविशिष्ट आत्मा को खेंचा खेंच करते हुवे, अज्ञानी लोग हैं, उन को असुर सम्बन्धी विश्वास वाला जानो ॥ ६ ॥

आहारस्त्वपि सर्वस्य त्रिविधो भवति प्रियः।
यज्ञस्तपस्तथा दानं तेषां भेदमिमं शृणु॥७॥
आयुःसत्त्वबलारोग्यसुखप्रीतिविवर्धनाः।
रस्याः स्निग्धाः स्थिरा हृद्या आहाराः सात्विकप्रियाः ॥ ८ ॥

और आहार भी सब को तीन प्रकार का प्यारा है। १–यज्ञ, २–तप, तथा ३ दान; उन तीनों के भेद को यह सुनलो–॥ ७ ॥ आयु, जीवन, बल, आरोग्य, सुख और प्रीति को बढ़ाने वाले, रसीले, चिकने, पुष्ट, मनभावने, आहार सात्त्विक लोगों को प्यारे हैं ॥ ८ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कट्वम्ललवणात्युष्णतीक्ष्णरूक्षविदाहिनः ।
आहारा राजसस्येष्टा दुःखशोकामयप्रदाः९
यातयामं गत रसं पूतिपर्युषितं च यत् ।
उच्छिष्ट मपि चामेध्यं भोजनं तामसप्रियम्

कडुवे, खट्टे, लवण के, बहुत गर्म, तीक्ष्ण, रूखे और अग्नि को बढ़ाने वाले आहार, रजोगुणी मनुष्य को अच्छे लगते हैं (वे) दुःख शोक और रोग के देने वाले हैं ॥ ९ ॥ एक प्रहर बीता हुवा, नीरस, सड़ा और जो बासी हो वह, झूंठा और अशुचि भोजन भी तमोगुणी लोगों को प्यारा होता है ॥ १० ॥

अफलाकाङ्क्षिभिर्यज्ञो विधिदृष्टोयइज्यते ।
यष्टव्यमेवेति मनः समाधाय स सात्विकः ११
अभिसंधाय तु फलं दम्भार्थमपि चैव यत् ।
इज्यते भरतश्रेष्ठ तं यज्ञं विद्धि राजसम् ॥ १२ ॥

'यज्ञ करना ही चाहिये' ऐसा मन में धार करके फल की इच्छा न करने वालों से विधि में देखा हुवा जो यज्ञ भेंट किया जाता है वह सात्त्विक है ॥ ११ ॥ परन्तु हे भरतकुलश्रेष्ठ ! फल के पाने की धारणा करके और कपट के लिये भी जो यज्ञ किया जाता है, उस यज्ञ को निश्चय करके रजोगुणी जानो ॥ १२ ॥

विधिहीनमसृष्टान्नं मन्त्रहीनमदक्षिणम् ।
श्रद्धाविरहितं यज्ञं तामसं परिचक्षते ॥१३॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

देवद्विजगुरुप्राज्ञपूजनं शौचमार्जवम् ।
ब्रह्मचर्यमहिंसा च शारीरं तप उच्यते ॥१४॥

(शास्त्र की) विधि से हीन, अन्नदान से रहित, विना मन्त्र, विना दक्षिणा (और) विना श्रद्धा के यज्ञ को तमोगुणी कहते हैं ॥ १३ ॥ देवतों, द्विजों, गुरुओं और विद्वानों का पूजन, शौच, सीधापन, ब्रह्मचर्य और हिंसा न करना शरीर का तप कहाता है ।१४।

अनुद्वेगकरं वाक्यं सत्यं प्रियहितं च यत् ।
स्वाध्यायाभ्यसनं चैव वाङ्मयं तप उच्यते १५
मनःप्रसादः सौम्यत्वं मौनमात्मविनिग्रहः ।
भाव संशुद्धिरित्येतत्तपो मानसमुच्यते॥१६॥

घबराहट न करने वाला, सत्य और जो प्यारा तथा हितकारी वचन हो वह और स्वाध्याय का अभ्यास--वाणी का तप कहाता है ॥ १५ ॥ मन की प्रसन्नता, चन्द्रमा के समान आह्लाद, मौन, मन का वश में रखना, स्वभाव का अच्छे प्रकार शुद्ध रखना, इस प्रकार यह मन का तप कहाता है ॥ १६ ॥

श्रद्धया परयातप्तं तपस्तत्त्रिविधं नरैः ।
अफलाकाङ्क्षिभिर्युक्तैः सात्विकं परिचक्षते
सत्कारमानपूजार्थं तपो दम्भेन चैव यत् ।
क्रियते तदिह प्रोक्तं राजसं चलमध्रुवम् ॥१८॥

फल की इच्छा न रखने वाले योगी मनुष्यों से उत्तम श्रद्धा के साथ (जो) तप किया गया है उस को

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

तीन प्रकार का सत्त्वगुणी तप कहते हैं ॥१७। सत्कार, सम्मान और पूजा के लिये, कपट से भी जो तप किया जाता है वह इस (शास्त्र) में चञ्चल, न ठहरने वाला रजोगुणी कहा है ॥ १८ ॥

मूढग्राहेणात्मनोयत्पीडया क्रियते तपः ।
परस्योत्सादनार्थं वा तत्तामसमुदाहृतम् १९
दातव्यमिति यद्दानं दीयतेऽनुपकारिणे ।
देशे काले च पात्रे च तद्दानं सात्विकं स्मृतम्

मन की मूर्खता की पकड़ से, दुःख से जो तप किया जाता है अथवा दूसरे की जड़ उखाड़ने (मौत) के लिये; वह तमोगुणी कहा है ॥ १९ ॥ " दान करना चाहिये " ऐसा मान कर जो प्रत्युपकार न करने वाले को और उचित देश, उचित काल और उचित पात्र को दान दिया जाता है वह सत्त्वगुणी (स्मृतियों में) कहा है ॥ २० ॥

यत्तु प्रत्युपकारार्थं फलमुद्दिश्य वा पुनः ।
दीयते च परिक्लिष्टं तद्राजसमुदाहृतम् ॥२१॥
अदेशकाले यद्दानमपात्रेभ्यश्च दीयते ।
असत्कृतमवज्ञातं तत्तामसमुदाहृतम् ॥२२॥

और जो प्रत्युपकार के लिये अथवा फिर फल पाने के उद्देश्य से दिया जाता है और सब ओर से क्लेश भरा हो, वह दान रजोगुणी (धर्मशास्त्रों में) कहा है ॥ २१ ॥ अनुचित देश और काल में और कुपात्रों

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

के लिये सत्काररहित अपमान करके जो दान दिया जाता है वह तमोगुणी कहा है ॥ २२ ॥

ओंतत्सदिति निर्देशोब्रह्मणस्त्रिविधः स्मृतः
ब्राह्मणास्तेन वेदाश्च यज्ञाश्च विहिताः पुरा।
तस्मादोमित्युदाहृत्य यज्ञदानतपःक्रियाः ।
प्रवर्तन्ते विधानोक्ताः सततं ब्रह्मवादिनाम्॥२४

१ ओ३म्=ओङ्कार २ तत=वह ३ सत=सत्तामात्र; यह ३ प्रकार का परमात्मा का नाम कीर्तन कहा है, उस (परमेश्वर) ने वेद और वेदवेत्ता और यज्ञ पूर्व-काल में बतला दिये हैं ॥ २३ ॥ इस लिये " ओ३म् " ऐसा कह कर वैदिक लोगों के यज्ञ, दान, और तप के काम शास्त्र में कहे हुए प्रवृत्त होते हैं ॥ २४ ॥

तदित्यनभिसंधाय फलं यज्ञतपःक्रियाः ।
दानक्रियाश्चविविधाःक्रियन्तेमोक्षकाङ्क्षिभिः
सद्भावे साधुभावे च सदित्येतत्प्रयुज्यते ।
प्रशस्तेकर्मणि तथा सच्छब्दः पार्थ युज्यते२६

मोक्ष की इच्छा करने वालों से " तत्=वह ब्रह्म " ऐसा कहकर फलप्राप्ति की धारणा न करके, यज्ञ और तप की क्रियाएँ और अनेक प्रकार की दान की क्रियाएं की जाति हैं ॥ २५ ॥ सचाई में और साधुता में " सत् " यह शब्द प्रयोग में आता है तथा हे अर्जुन! अच्छे काम में " सत् " शब्द जोड़ा जाता है ॥२६॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यज्ञे तपसि दाने च स्थितः सदिति चोच्यते ।
कर्म चैव तदर्थीयं सदित्येवाभिधीयते ॥२७॥
अश्रद्धया हुतं दत्तं तपस्तप्तं कृतं च यत् ।
असदित्युच्यते पार्थ न च तत्प्रेत्य नो इह २८

यज्ञ और तप और दान में ठहरना भी " सत् " शुभ; इस नाम से कहा जाता है और उस (ब्रह्म) के अर्पण किया हुआ कर्म भी " सत् " इस नाम से ही कहा जाता है ॥ २७ ॥ हे पार्थ ! श्रद्धा से किया हवन, दान, तपा हुवा तप, और जो कुछ किया गया (सब) " असत् " इस नाम से कहा जाता है और वह न यहां और न मरकर (कुछ है) ॥ २८ ॥

ओं तत्सदिति
श्रीमद्भगवद्गीतायां ब्रह्मविद्यायां
श्रीकृष्णार्जुनसंवादे
श्रद्धात्रयविभागयोगो नाम
सप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥

यह भगवद्गीता ब्रह्मविद्या कृष्णाऽर्जुन संवाद में
" तीन श्रद्धाओं का विभागयोग " नामक
सत्रहवां अध्याय समाप्त हुआ
॥ १७ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओ३म्

अथाष्टादशोऽध्यायः

अर्जुन उवाच—

संन्यासस्य महाबाहो तत्त्वमिच्छामि वेदितुम्
त्यागस्य च हृषीकेश पृथक्केशिनिषूदन ॥१॥

श्रीभगवानुवाच—

काम्यानां कर्मणां न्यासं संन्यासं कवयो विदुः
सर्वकर्मफलत्यागं प्राहुस्त्यागं विचक्षणाः ॥२॥

अर्जुन ने कहा कि- हे महाबाहु ! हे इन्द्रियों के वश करने वाले स्वामी । हे केशि (दैत्य) के मारने वाले (कृष्ण) ! संन्यास का और त्याग का वास्तविक स्वरूप=तत्त्व जानना चाहता हूं ॥ १ ॥ श्री कृष्ण ने कहा कि-विद्वान् लोग काम्य कर्मों के छोड़ने को 'संन्यास' जानते हैं । चतुर लोग सब कर्मों के फल त्यागने को 'त्याग' कहते हैं ॥ २ ॥

त्याज्यं दोषवदित्येके कर्म प्राहुर्मनीषिणः ।
यज्ञदानतपः कर्म न त्याज्यमिति चापरे ॥३॥
निश्चयं शृणु मे तत्र त्यागे भरतसत्तम ।
त्यागो हि पुरुषव्याघ्र त्रिविधः संप्रकीर्तितः ४

कोई २ बुद्धिमान् लोग कहते हैं कि दुष्ट कर्म को त्यागना चाहिये और दूसरे (कहते हैं कि) यज्ञ, दान

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

और तप का कर्म नहीं त्यागना चाहिये ॥३॥ हे भरत-
कुल में अतिश्रेष्ठ ! इसमें मेरा निश्चय सुनो—हे पुरुष
सिंह ! त्याग भी तीन प्रकार का कहा है ॥ ४ ॥

यज्ञदानतपः कर्म न त्याज्यं कार्यमेव तत् ।
यज्ञो दानं तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम् ५
एतान्यपि तु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा फलानि च ।
कर्तव्यानीति मे पार्थ निश्चितं मतमुत्तमम् ६

यज्ञ, दान और तपका कर्म त्यागना नहीं चाहिये, वह करना ही चाहिये क्योंकि यज्ञ, दान और तप बुद्धिमानों को पवित्र करने वाले हैं ॥ ५ ॥ हे पार्थ ! मेरा निश्चित उत्तम मत है कि ये कर्म भी आसक्ति और फलों को त्यागकर करने ही चाहियें ॥ ६ ॥

नियतस्य तु संन्यासः कर्मणो नोपपद्यते ।
मोहात्तस्य परित्यागस्तामसः परिकीर्तितः ७
दुःखमित्येव यत्कर्म कायक्लेशभयात्त्यजेत् ।
स कृत्वा राजसं त्यागं नैव त्यागफलं लभेत् ८

नियत कर्म का तो त्यागना ठीक नहीं, अज्ञान से उसका त्याग देना तमोगुणी कहा है ॥७॥ (जो कोई) शरीर के क्लेशोंके भय से जिस कर्म को कष्ट समझ कर छोड़ देगा, वह रजोगुणी त्याग करके त्यागका फल निश्चय नहीं पावेगा ॥ ८ ॥

कार्यमित्येव यत्कर्म नियतं क्रियतेऽर्जुन ।
सङ्गं त्यक्त्वा फलं चैव स त्यागः सात्विको मतः

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

न द्वेष्ट्यकुशलं कर्म कुशले नानुषज्जते ।
त्यागी सत्वसमाविष्टोमेधावीछिन्नसंशयः १०

हे अर्जुन ! 'करना धर्म है, ऐसा ही समझ कर आसक्ति और फल को त्यागकर जो नियत कर्म किया जाता है वह 'त्याग' सत्त्वगुणी माना गया है ॥९॥ सत्त्व गुणमें प्रवेश किया हुवा संशयोंको काटचुकाहुवा, बुद्धिमान् 'त्यागी' दुःखदायक कर्म से द्वेष नहीं करता, सुखदायक कर्ममें फंसता नहीं (सब कर्मों में उदासीन रहता है) १०

न हि देहभृता शक्यं त्यक्तुं कर्माण्यशेषतः ।
यस्तु कर्मफलत्यागी सत्यागीत्यभिधीयते ११
अनिष्टमिष्टं मिश्रं च त्रिविधं कर्मणः फलम् ।
भवत्यत्यागिनां प्रेत्य न तु संन्यासिनांक्वचित् ॥

देहधारी से निःशेष करके सब कर्म त्यागे नहीं जा सकते किन्तु जो कर्मों के फल का त्यागी है वही 'त्यागी, इस नाम से कहाता है ॥ ११ ॥ कर्म का फल तीन प्रकार का होता है १ अनिष्ट=जिस को नहीं चाहते । २ इष्ट=जिस को चाहते हैं और ३ दोनों से मिला हुवा=जिस में कुछ चाहते हैं, कुछ नहीं चाहते । (वह) न त्यागने वालों को दूसरा जन्म पाकर मिलता है परन्तु संन्यासियों को कहीं नहीं ॥ १२ ॥

पञ्चैतानि महाबाहो कारणानि निबोध मे ।
सांख्ये कृतान्ते प्रोक्तानि सिद्धये सर्वकर्मणाम्
अधिष्ठानं तथा कर्ता करणं च पृथग्विधम् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

विविधाश्च पृथक्चेष्टा दैवं चैवात्र पञ्चमम् १४

हे महाबाहु ! सब कर्मों की सिद्धि के लिये किये हुए के अन्त वाले सांख्य शास्त्र में ये पांच कारण बतलाये हैं (उन को) मुझ से सीखो ॥१३॥ १ देह, तथा २ करने वाला (जीवात्मा) और ३ भिन्न २ प्रकार की इन्द्रियें और ४ अनेक प्रकार की भिन्न चेष्टाएँ और ५ इन में पांचवां प्रारब्ध है ॥ १४ ॥

शरीरवाङ्मनोभिर्यत्कर्म प्रारभते नरः ।
न्याय्यं वा विपरीतं वा पञ्चैते तस्य हेतवः १५
तत्रैवं सति कर्त्तारमात्मानं केवलंतु यः ।
पश्यत्यकृतबुद्धित्वान्न स पश्यति दुर्मतिः १६

मनुष्य जिस काम को न्यायानुकूल अथवा अन्यायानुकूल शरीर वाणी और मन से करना आरम्भ करता है उस के ये पांच कारण होते हैं (जो चोदहवें श्लोक में कहे गये) ॥ १५ ॥ ऐसी अवस्था में अच्छी समझ न होने से जो दुर्बुद्धि केवल आत्मा ही को कर्त्ता समझता है वह (कुछ) नहीं समझता (देखता) १६

यस्य नाहंकृतोभावोबुद्धिर्यस्य न लिप्यते ।
हत्वापि स इमांल्लोकान्न हन्ति न निबध्यते
ज्ञानं ज्ञेयं परिज्ञाता त्रिविधा कर्मचोदना ।
करणं कर्म कर्तेति त्रिविधः कर्मसंग्रहः ॥ १८॥

जिस को अहङ्कार की भावना नहीं है, जिस की बुद्धि फंसती नहीं है, वह इन लोकों को मार कर के

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

भी नहीं मारता, न बन्धन में आता ॥ १७ ॥ कर्म की प्रेरणा ३ प्रकार की है:-१ जानना २ जानने योग्य ३ जानने वाला । कर्मों का संग्रह ३ प्रकार का है:-१ इन्द्रिय २ कर्म ३ करने वाला ॥१८॥

ज्ञानं कर्म च कर्ता च त्रिधैव गुणभेदतः ।
प्रोच्यते गुणसंख्याने यथावच्छृणु तान्यपि १९
सर्वभूतेषु येनैकं भावमव्ययमीक्षते ।
अविभक्तं विभक्तेषु तज्ज्ञानं विद्धि सात्त्विकम्

गुणों के भेद से तीन प्रकार के ही ज्ञान और कर्म और करने वाले, गुणों की गिन्ती में कहाते हैं, उन को यथार्थ सुनो ॥ १९ ॥ भिन्न २ प्रकार के सब भूतमात्र में अभिन्न प्रकार के अविनाशी भाव को जिस से देखता है उस को सात्त्विक ज्ञान समझो ॥ २० ॥

पृथक्त्वेन तु यज्ज्ञानं नानाभावान्पृथग्विधान्
वेत्ति सर्वेषु भूतेषु तज्ज्ञानं विद्धि राजसम् २१
यत्तु कृत्स्नवदेकस्मिन्कार्ये सक्तमहैतुकम् ।
अतत्त्वार्थवदल्पं च तत्तामसमुदाहृतम् २२

और सब भूतमात्र में भिन्न २ प्रकार के अनेक भावों को पृथक् २ कर के जो ज्ञान जानता है उस को रजोगुणी ज्ञान जानो ॥ २१ ॥ परन्तु जो एक काम में सब (कामों) के समान विना कारण फंस जाना, जिस में कुछ तत्त्व न हो और तुच्छ हो वह तमोगुणी कहा है ॥ २२ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

नियतं सङ्गरहितमरागद्वेषतः कृतम्। अफल
प्रेप्सुना कर्म यत्तत्सात्त्विकमुच्यते ॥ २३ ॥
यत्तु कामेप्सुना कर्म साहङ्कारेण वा पुनः ।
क्रियते बहुलायासं तद्राजसमुदाहृतम् ॥२४॥

फल की लालसा न करने वाले ने जो नियत कर्म आसक्तिरहित राग द्वेष छोड़कर किया है, वह सात्त्विक कहाता है ॥२३॥ परन्तु कामकी इच्छा वाले से अहंकार के साथ और फिर बहुत परिश्रम वाला जो कर्म किया जाता है, वह रजोगुणी कहा है ॥ २४ ॥

अनुबन्धं क्षयं हिंसामनवेक्ष्य च पौरुषम् ।
मोहादारभ्यते कर्म यत्तत्तामसमुदाहृतम् ॥२५॥
मुक्त सङ्गोऽनहंवादी धृत्युत्साहसमन्वितः
सिद्ध्यसिद्ध्योर्निर्विकारः कर्ता सात्त्विक उच्यते

जो कर्म पश्चात् होने वाले परिणाम की हानि की, हिंसा की और पुरुषार्थ की अपेक्षा न करके अज्ञान से आरम्भ कर दिया जाता है, वह तमोगुण कहाता है २५ रुकावट से मुक्त अहङ्कार से रहित धैर्य और उत्साहसे युक्त, (कार्य की) सिद्धि और न सिद्धि में निर्विकार रहने वाला कर्त्ता सत्वगुणी कहलाता है ॥ २६ ॥

रागी कर्मफलप्रेप्सुर्लुब्धो हिंसात्मकोऽशुची
हर्ष शोकान्वितः कर्त्ता राजसः परिकीर्तितः
अयुक्तः प्राकृतः स्तब्ध शठो नैष्कृतिकोऽलसः।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

विषादी दीर्घसूत्री च कर्ता तामस उच्यते२८

रागवान् कर्मफल का चाहने वाला, लोभी हिंसा में मन लगाने वाला, अशुचि, हर्ष, शोक से युक्त, कर्ता रजोगुणी कहा है ॥२७॥ बे ठिकाने प्रकृति के अधीन= पशुतुल्य मूर्ख, हठी, धूर्त, दूसरों की हानि करने वाला, आलसी अप्रसन्न स्वभाव और विलम्ब से काम करने वाला कर्त्ता तमोगुणी कहाता है॥ २८ ॥

बुद्धेर्भेदं धृतेश्चैव गुणतस्त्रिविधं शृणु ।
प्रोच्यमानमशेषेण पृथक्त्वेन धनञ्जय २९

प्रवृत्तिं च निवृत्तिं च कार्याकार्ये भयाभये।
बन्धं मोक्षं च या वेत्ति बुद्धिः सा पार्थ सात्त्विकी

हे धनञ्जय=अर्जुन ! पृथक् २ करके विशेषता से वर्णन किये हुवे तीन गुणों के कारण बुद्धि और धृति के तीन प्रकार के भेद को, सुनो। २९ ॥ हे पार्थ ! जो बुद्धि प्रवृत्ति और निवृत्ति को, कार्य और अकार्य को, भय और अभय को, बन्धन और मोक्ष को जानती है वह सात्त्विकी है ॥ ३० ॥

यया धर्ममधर्मं च कार्यं चाकार्यमेव च ।
अयथावत्प्रजानाति बुद्धिः सा पार्थ राजसी३१

अधर्मं धर्ममिति या मन्यते तमसावृता ।
सर्वार्थान्विपरीतांश्च बुद्धिः सा पार्थ तामसी

हे पार्थ ! जिस से धर्म और अधर्म को तथा कार्य और अकार्य को ठीक २ नहीं समझती है, वह बुद्धि

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

रजोगुणी है ॥ ३१ ॥ जो अधर्म को धर्म करके मानती है और तमोगुण से ढकी हुई सब कामों को उलटा (समझती है) हे पार्थ ! वह तमोगुणी बुद्धि है ॥ ३२॥

धृत्या यया धारयते मनः प्राणेन्द्रिय क्रियाः।
योगेनाऽव्यभिचारिण्याधृतिःसापार्थसात्त्विकी
यया तु धर्मकामार्थान्धृत्या धारयतेऽर्जुनः।
प्रसङ्गेनफलाकाङ्क्षी धृतिःसापार्थराजसी३४

हे पार्थ ! योग से अटल रहने वाली जिस धृति से मन, प्राण और इन्द्रियों की क्रियाओं को (मनुष्य) धारण करता है वह 'धृति, सात्विकी है ॥ ३३ ॥ परन्तु हे पार्थ ! फंसावट से फल चाहने वाला जिस धृति से धर्म, काम और अर्थ को धारण करता है, हे अर्जुन ! वह रजोगुणी 'धृति, है ॥३४॥

यया स्वप्नं भयं शोकं विषादं मदमेव च।
नविमुञ्चति दुर्मेधाधृतिःसा पार्थ तामसी ३५
सुखं त्विदानीं त्रिविधं शृणु मे भरतर्षभ।
अभ्यासाद्रमते यत्र दुःखान्तं च निगच्छति३६

हे पार्थ। दुष्टबुद्धि (मनुष्य)जिस से निद्रा, भय शोक, अप्रसन्नता और घमण्ड को नहीं छोड़ता वह तामसी धृति है ॥ ३५॥ हे भरतकुल श्रेष्ठ। अब मुझ से तीन प्रकार के सुख को तो सुनलो, जिस में अभ्यास से रमण जाता है और दुःख के अन्त को प्राप्त होता है ॥ ३६ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यत्तदग्रे विषमिव परिणामेऽमृतोपमम् ।
तत्सुखं सात्त्विकं प्रोक्तमात्मबुद्धिप्रसादजम् ॥ ३७ ॥
विषयेन्द्रियसंयोगाद्यत्तदग्रेऽमृतोपमम् ।
परिणामे विषमिव तत्सुखं राजसं स्मृतम् ॥ ३८ ॥

वह जो कि पहले विषतुल्य (और) अन्त में अमृततुल्य हो, वह आत्मा और बुद्धि की प्रसन्नता से उत्पन्न हुआ ' सुख, सात्त्विक कहा है ॥ ३७ ॥ वह जो कि विषयों और इन्द्रियों के संयोग से पहिले अमृत सा (और) अन्त में विषतुल्य हो वह ' सुख, रजोगुणी स्मरण किया गया है ॥ ३८ ॥

यदग्रे चानुबन्धे च सुखं मोहनमात्मनः ।
निद्रालस्यप्रमादोत्थं तत्तामसमुदाहृतम् ॥ ३९ ॥
न तदस्ति पृथिव्यां वा दिवि देवेषु वा पुनः ।
सत्त्वं प्रकृतिजैर्मुक्तं यदेभिः स्यात्त्रिभिर्गुणैः ॥ ४० ॥

जो पहले और पीछे भी मन को मोह में डालने वाला, निद्रा, आलस्य और प्रमाद से उत्पन्न ' सुख, है वह तमोगुणी कहा गया है ॥ ३९ ॥ और वह वस्तु पृथिवी पर अथवा स्वर्ग में भी देवतों में भी नहीं है, जो इन प्रकृति से उत्पन्न हुवे तीन गुणों से रहित हो ॥ ४० ॥

ब्राह्मणक्षत्रियविशां शूद्राणां च परंतप ।
कर्माणि प्रविभक्तानि स्वभावप्रभवैर्गुणैः ॥ ४१ ॥
शमो दमस्तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ज्ञानंविज्ञानमास्तिक्यंब्रह्मकर्मस्वभावजम् ४२

हे शत्रुतापी! ब्राह्मणों, और वैश्यों तथा शूद्रोंके कर्म स्वाभाविक गुणों से बांटे गये हैं ॥४१॥ मनकी शान्ति, इन्द्रियों की वश्यता, तप शौच क्षमा, सरलता और ज्ञान ब्रह्मज्ञान, विज्ञान=पदार्थविद्या और आस्तिकपना, ब्राह्मण=का कर्म स्वाभाविक है ॥ ४२ ॥

शौर्यं तेजोधृतिर्दाक्ष्यं युद्धेचाप्यपलायनम् ।
दानमीश्वरभावश्च क्षात्रंकर्मस्वभावजम् ४३
कृषिगोरक्षवाणिज्य वैश्यकर्म स्वभावजम् ।
परिचर्यात्मकंकर्म शूद्रस्यापि स्वभावजम् ४४

शूरता, तेज, धैर्य, चातुर्य और युद्ध में न भागना भी, दान करना और आपेको सामर्थ्यवान् समझना, क्षत्रिय का स्वाभाविक कर्म है ॥ ४३ ॥ खेती, गोरक्षा, और वाणिज्य, व्यापार स्वाभाविक वैश्य का कर्म है । सेवा रूप कर्म शूद्र का भी स्वाभाविक है ॥ ४४ ॥

स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिंलभते नरः ।
स्वकर्मनिरतः सिद्धिं यथा विन्दति तच्छृणु ४५
यतः प्रवृत्तिर्भूतानां येन सर्वमिदं ततम् ।
स्वकर्मणातमभ्यर्च्यसिद्धिं विन्दति मानवः ४६

अपने २ कर्म में लगा हुआ मनुष्य भलीसिद्धि को पाता है । अपने कर्म में लगा हुआ जिस प्रकार सिद्धि को पाता है उस (प्रकार) सुनो ॥ ४५ ॥ जिस से सब भूतों की रचना हुई है, जिस सबकर्मने विश्व को पसारा

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

है, उस को पूजित करके मनुष्य सिद्धि को पाता है ॥४६॥

श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्।
स्वभावनियतं कर्म कुर्वन्नाप्नोति किल्बिषम्॥
सहजं कर्म कौन्तेय सदोषमपि न त्यजेत्।
सर्वारम्भा हि दोषेण धूमेनाग्निरिवावृताः॥४८

भले प्रकार अनुष्ठान किये हुए पराये धर्मसे अपना धर्म उत्तम है (चाहे) विशेष गुणों से रहित भी हो (क्योंकि) स्वभाव से नियत किये हुए कर्म को करता हुआ अपराध को नहीं प्राप्तहोता है ॥ ४७ ॥ हे कुन्ति पुत्र ! स्वाभाविक कर्म को अपराधसहित को भी न छोड़े क्योंकि सब कामोंके आरम्भ (कुछ न कुछ)अप राध से छाये हुए हैं, जैसे अग्नि धुएं से (श्री कृष्ण का संकेत अर्जुन के प्रति यह है कि क्षत्रिय के स्वाभाविक धर्म इस युद्ध में चाहे कुछ हिंसारूप दोष वा अपराध भी हो तो भी तुम को इसे छोड़ कर नहीं भागना चाहिये क्योंकि कुछ न कुछ कर्म तो करना ही होगा और सभी कामों में जहां बहुत से भूषण होंगे तहां कुछ न कुछ दूषण होगा ही, जैसे कि अग्नि में कितना ही प्रकाश हो तो भी थोड़ा बहुत धुआं उस के साथ लगा ही रहेगा) ॥ ४८ ॥

असक्तबुद्धिः सर्वत्र जितात्मा विगतस्पृहः।
नैष्कर्म्यसिद्धिं परमां संन्यासेनाधिगच्छति॥
सिद्धिं प्राप्तो यथा ब्रह्म तथाऽऽप्नोति निबोध मे।
समासेनैव कौन्तेय निष्ठा ज्ञानस्य या परा॥५०

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सब कर्मों में बुद्धि को न फंसाने वाला, मन का जीतने वाला, इच्छारहित (मनुष्य) निष्काम कर्म की उत्तम सिद्धि को संन्यास से प्राप्त करता है ॥ ४९ ॥ हे कुन्ति पुत्र! सिद्धि को पाया हुआ जिस प्रकार से ब्रह्म को प्राप्त हो जाता है, जो ज्ञान की सर्वोच्च अवस्था है, उस प्रकार को संक्षेप के साथ ही मुझसे समझो ५०

बुद्ध्याऽतिशुद्धया युक्तो धृत्यात्मानं नियम्य च
शब्दादीन् विषयांस्त्यक्त्वा रागद्वेषौ व्युदस्य च
विविक्तसेवी लघ्वाशी यतवाक्कायमानसः।
ध्यानयोगपरो नित्यं वैराग्यं समुपाश्रितः ५२

शुद्ध बुद्धि से युक्त और धैर्य से मन को वश में कर रागद्वेष को दूर हटा कर—॥५१॥ एकान्त सेवी, अल्पाहारी, वाणी देह और मन को नियम में रखने वाला, ध्यानयोग में लगा हुआ, सदा वैराग्य का सहारा लिये हुए—॥ ५२ ॥

अहङ्कारं बलं दर्पं कामं क्रोधं परिग्रहम्।
विमुच्य निर्ममः शान्तो ब्रह्म भूयाय कल्पते
ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न काङ्क्षति
समः सर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभते पराम् ५४

अहंकार, बल, धन जन आदि का घमण्ड, काम, क्रोध, सब ओर से लेना, (इन को) छोड़ ममतारहित शान्त (पुरुष) ब्रह्मप्राप्ति के लिये समर्थ होता है ॥ ५३ ॥ ब्रह्म की भावना से युक्त, प्रसन्नमन, सब भूतों

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पर समदृष्टि (मनुष्य) न शोक करता है, न इच्छा करता है, मेरी उत्तम भक्ति को पाता है ॥ ५४ ॥

भक्त्यामामभिजानाति यावान्यश्चास्मितत्त्वतः
ततोमां तत्वतोज्ञात्वा विशते तदनन्तरम् ५५
सर्वकर्माण्यपिसदा कुर्वाणो मद्व्यपाश्रयः ।
मत्प्रसादादवाप्नोति शाश्वतं पदमव्ययम् ५६

भक्ति से मुझ को पहचानता है कि जितना और ठीक २ जो मैं हूं। फिर ठीक २ जान कर उस के पश्चात् मुझ में प्रवेश कर जाता है (अर्थात् मेरे साथ पूरी एकता कर लेता है) ॥ ५५ ॥ मेरी शरण लेने वाला सदा सब कर्मों को करता हुआ भी मेरी कृपा से अविनाशिनी नित्य पदवी को प्राप्त होजाता है ५६

चेतसा सर्वकर्माणि मयि संन्यस्य मत्परः ।
बुद्धियोगमुपाश्रित्य मच्चित्तः सततं भव ५७
मच्चित्तः सर्वदुर्गाणि मत्प्रसादात्तरिष्यसि ।
अथ चेत्वमहङ्कारान्न श्रोष्यसि विनंक्ष्यसि ५८

मुझ में तत्पर हुआ सब कर्मों को मन से मुझ पर निर्भर करके ज्ञानयोग का सहारा लेकर निरन्तर मुझ पर चित्त लगाने वाला होजा ॥ ५७ ॥ मुझ पर चित्त लगाता हुआ मेरी कृपा से सब कठिनाइयों को (तू) पार कर जायगा और यदि घमण्ड से (तू) नहीं सुनेगा, (तो) नष्ट हो जायगा ॥ ५८ ॥

यदहङ्कारमाश्रित्य न योत्स्य इति मन्यसे।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मिथ्यैष व्यवसायस्ते प्रकृतिस्त्वां नियोक्ष्यति
स्वभावजेन कौन्तेय निबद्धः स्वेन कर्मणा ।
कर्तुं नेच्छसि यन्मोहात्करिष्यस्यवशोऽपितत्

अहंकार का आश्रय लेकर जो समझ रहा है कि 'नहीं लडूंगा'। तेरा यह निश्चय झूठा है, प्रकृति तुझ को जुटावेगी ॥ ५९ ॥ हे कुन्तिपुत्र ! अपने स्वाभाविक कर्म से बंधा हुआ (तू) जिस (युद्ध) को करना नहीं चाहता है, उस का विवश होकर भी करेगा ॥ ६० ॥

ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति ।
भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया ६१
तमेव शरणं गच्छ सर्वभावेन भारत । तत्प्र-
सादात्परां शान्तिं स्थानं प्राप्स्यसि शाश्वतम्

हे अर्जुन ! सर्वभूतों के हृदय देश में विराजमान ईश्वर, पैंच पर चढ़े हुए सबभूतों को माया=प्रकृति से घुमा रहा है ॥ ६१ ॥ हे भारत ! उस का ही सहारा ले, उस की कृपा से परम शान्ति अचलस्थान (मोक्षपदवी) को पावेगा ॥ ६२ ॥

इति ते ज्ञानमाख्यातं गुह्याद्गुह्यतरं मया ।
विमृश्यैतदशेषेण यथेच्छसि तथा कुरु ६३
सर्वगुह्यतमं भूयः शृणु मे परमं वचः ।
इष्टोऽसि मे दृढमतिस्ततो वक्ष्यामि ते हितम्

यह गोपनीय से अति गोपनीय ज्ञान तुझ को मैंने बतला दिया, इस को पूर्णरीति से विचार कर के

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जैसा चाहता हो वैसा कर ॥ ६३ ॥ सब से अत्यन्त ही गोपनीय मेरे सर्वोत्तम वचन को फिर सुन (क्योंकि तू) मेरा दृढ़तापूर्वक मित्र है, इस लिये तेरे हित का बताऊंगा ॥ ६४ ॥

मन्मना भव मद्भक्तोमद्याजी मां नमस्कुरु।
मामेवैष्यसि सत्यं ते प्रतिजानेप्रियोऽसिमे ६५

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं ब्रज।
अहं त्वां सर्वपापेभ्योमोक्षयिष्यामिमाशुच:

मुझ में मन लगाने वाला, मेरा भक्त, मेरी पूजा करने वाला हो, मुझ को नमस्कार, करनिश्चय मुझ को प्राप्त होजावेगा, तुझसे सच्ची प्रतिज्ञा करता हूं, तू मेरा प्यारा है (मुझे प्राप्त हो जायगा, इस का तात्पर्य यह है कि जैसी जीवन्मुक्त अवस्था में मैं हूं उस ही अवस्था में तू भी पहुंच जायगा) ॥ ६५ ॥ सब कर्तव्यों को छोड़कर एक मेरी शरण ग्रहण कर, मैं तुझको सबपापों से बचा दूंगा, शोच मत कर ॥६६॥

इदं ते नाऽतपस्काय नाभक्ताय कदाचन।
न चाशुश्रूषवे वाच्यं न च मां योऽभ्यसूयति।

य इदं परमं गुह्यं मद्भक्तेष्वभिधास्यति
भक्तिं मयि परां कृत्वा मामेवैष्यत्यसंशय:६८

यह बात मुझ को तपन कर ने वाले से नहीं बतानी चाहिये, भक्तिशून्य को कभी नहीं, जो सुनना नहीं चाहता उस को भी नहीं और जो मेरी निन्दा

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

करता है (उस को भी) नहीं ॥६७॥ जो इस परम गोपनीय (ज्ञान, को मेरे भक्तों में कहेगा (वह)मुझ पर परमभक्ति कर के निस्सन्देह मुझेही पा जावेगा॥६८

न च तस्मान्मनुष्येषु कश्चिन्मे प्रियकृत्तमः ।
भविता न च मे तस्मादन्य: प्रियतरोभुवि ६९
अध्येष्यते च य इमं धर्म्यं संवादमावयो: ।
ज्ञानयज्ञेनतेनाहमिष्ट: स्यामिति मेमति:७०

और उस से (अधिक) मनुष्यों में कोई मेरा अत्यन्त प्यार करने वाला न होगा और मुझ को पृथवी पर उस के अतरिक्त अतिप्रिय न होगा ॥ ६९ ॥ और जो हम दोनों के इस धार्मिक संवाद को पढ़ेगा, उस ने ज्ञानयज्ञसे मेरा पूजनकर लिया, यह मेरी सम्मति है॥

श्रद्धावाननसूयश्च शृणुयादपियोनर:।सोऽपि
मुक्त: शुभांल्लोकान् प्राप्नुयात् पुण्यकर्मणाम्॥
कच्चिदेतच्छ्रुतं पार्थ त्वयैकाग्रेण चेतसा ।
कच्चिदऽज्ञानसंमोह: प्रनष्टस्ते धनञ्जय ॥७२॥

और जो मनुष्य श्रद्धालु, दोषारोपण न करने वाला होकर सुनेगा वह भी छूटकर पुण्य कर्म करने वालों के सुखदायी लोकों को पावेगा ॥७१ ॥ हे पार्थ ! क्या तूने एकाग्रचित्त से यह सुना हे धनञ्जय ! क्या तेरा अज्ञान का भ्रम नष्टहुआ? ॥७२ ॥

अर्जुन उवाच-

नष्टोमोह: स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाऽ-
च्युत।स्थितोऽस्मिगतसन्देह: करिष्येवचनंतव

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सञ्जय उवाच—

इत्यहं वासुदेवस्य पार्थस्य च महात्मनः ।
संवादमिममश्रौषमद्भुतं रोमहर्षणम् ॥७४॥

अर्जुन ने कहा कि-मोह नष्ट होगया, मैंने स्मृति को पा लिया। हे अच्युत (कृष्ण)! आप की कृपा से (मैं) निस्सन्देह हूं, आप का कहना करूंगा ॥ ७३॥ सञ्जय ने कहा कि—मैंने इस प्रकार महात्मा कृष्ण और अर्जुन के इस अद्भुत रोंगटे खड़े करने वाले संवाद को सुनाथा

व्यास प्रसादाच्छ्रुतवानेतद् गुह्यमहं परम् ।
योगं योगेश्वरात्कृष्णात्साक्षात्कथयतः स्वयम्
राजन् संस्मृत्य संस्मृत्य संवादमिममद्भुतम् ।
केशवार्जुनयोः पुण्यं हृष्यामि च मुहुर्मुहुः ७६

साक्षात् स्वयं कथन करते हुए योगेश्वर से व्यास जी की कृपा से मैंने इस परम गोपनीय योग को सुना था ॥७५॥ और हे राजन्! (धृतराष्ट्र) मैं कृष्ण और अर्जुन के इस पवित्र अद्भुत संवाद को स्मरण करकरके बार-म्बार प्रसन्न होता हूं ॥ ७६ ॥

तच्च संस्मृत्य संस्मृत्य रूपमत्यद्भुतं हरेः ।
विस्मयो मे महान् राजन्हृष्यामि च पुनःपुनः
यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः ।
तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम ७८

और हे राजन्! कृष्णके अति अद्भुतरूप को स्मरण करके मुझ को बड़ा आश्चर्य है और बारम्बार हर्षित

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

होता हूं ।। ७७ ।। जहां योगेश्वर कृष्ण है, जहां धनु-धारी अर्जुन है, वहां लक्ष्मी विजय, ऐश्वर्य अटल नीति है (यह) मेरी सम्मति है ।। ७८ ।।

ओं तत्सदिति

श्रीमद्भगवद्गीतायां ब्रह्मविद्यायां
श्रीकृष्णार्जुनसंवादे संन्यासयोगोनाम
अष्टादशोऽध्यायः

॥ १८ ॥

यह श्रीमद्भगवद्गीता ब्रह्मविद्या कृष्णार्जुन
संवाद में "संन्यास योग" नाम का
अठारहवां अध्याय
समाप्त हुवा
॥ १८ ॥

समाप्तेयं गीता

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ओ३म्

अथ टिप्पणियां

१ । ४२ में " लुप्तपिण्डोदकक्रियाः " पद से साधारण पुरुषों को भ्रम होता है कि इस से मृत पितरों के पिण्डदान की पुष्टि होती है, परन्तु पिण्ड का अर्थ केवल यह है कि जो पितरों को भोजन विशेष दिया जाय, इतने से मर चुकने पश्चात् का अर्थ नहीं निकलता॥

२ । ४२ में वेदविषयक विचारने वालों को मूर्ख इस लिये कहा है कि बहुत से लोग वेद को पढ़ते हैं परन्तु उस का सिद्धान्त नहीं समझते, जिन के लिये उपनिषदों में भी कहा है कि-"शास्त्राण्यधीत्यापि भवन्ति मूर्खाः"= शास्त्र पढ़ कर भी बहुत से मूर्ख रहते हैं, जो उसके तत्त्व को नहीं समझते और सुनने में बड़ी मनोहर वाणीसे वाद विवाद और शास्त्रार्थ करते हैं परन्तु तत्व कुछ नहीं समझते ॥

३-३५ स्वधर्मका तात्पर्य अपने वर्ण वा अपने आश्रमका स्वाभाविक धर्म है । मतमतान्तर से तात्पर्य नहीं॥

४ । ७-यद्यपि आज कल वेदार्थ के न समझने से वेद के मानने वाले भी वर्णाश्रमी लोग श्रीकृष्णचन्द्र को अवतार मानने लगे हैं इस लिये गीता में जहां २ श्रीकृष्ण ने अपने योगबल और योग विभूति और सामर्थ्य को लक्ष्य में रख कर अपने विषय में वह बातें कहीं हैं जो एक साधारण मनुष्य नहीं कह सकता, इस लिये गीता के पढ़ने वाले भूल से समझते हैं कि श्रीकृष्ण ने अपने को ब्रह्म का अवतार बतलाया है; परन्तु वा-

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

स्तव में यह आवश्यक नहीं प्रतीत होता कि श्रीकृष्ण के ऐसे वचन अपने को मुक्त जीव मान कर असम्भव हों। हो सकता है कि एक योगी पुरुष जो अपने पूर्व जन्मों के वृत्तान्त को जान सकने से ऐसे कर्म करे कि जिन के अनुसार ईश्वर की व्यवस्था से उस को यह अधिकार प्राप्त हो कि वह जब चाहे, इच्छानुसार और लोक की आवश्यकतानुसार धर्म और धर्मात्माओं की रक्षा, पाप और पापियों के नाशनिमित्त जन्म धारण करे। जैसा कि श्लोक ७ और ८ में अपने विषय में श्री कृष्ण ने कहा है॥

४। ९—में जो कृष्ण ने कहा कि मेरे दिव्य जन्म और कर्मों को समझने वाला, मरने पश्चात् मुझ को प्राप्त होजाता है। इस का तात्पर्य भी यही है कि मुझ जीवन्मुक्त की दशा को समझने वाला स्वयं भी जीवन्मुक्त होकर मेरे नमूने पर कर्म करने वाला मुझ जैसा होजाता है। इसी बात को श्लोक १० और ११ में भी मान कर श्रीकृष्ण ने कहा है कि बहुत से लोग मेरे आचरण करके मेरी अवस्था को पहुंच गये हैं॥

४। १३—में श्रीकृष्ण ने कहा है कि मैंने जो गुण कर्म स्वभावानुसार स्वतन्त्रता से अपने ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र चारों वर्ण समय २ पर धारण किये हैं, उस का यद्यपि मैं अकर्त्ता हूं अर्थात् गुण कर्म स्वभावानुसार ब्राह्मणादि वर्ण बनना मेरे अधिकार में नहीं किन्तु ईश्वर के अधिकार में है इस लिये मैं चातुर्वर्ण्य का कर्त्ता नहीं किन्तु अकर्त्ता हूं तथापि एक प्रकार से तुम मुझको कर्त्ता भी समझ सकते हो क्योंकि मेरे ही किये

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कर्मों के अनुसार ईश्वर मुझ को ब्राह्मणादि वर्ण देता है। इस लिये अपने किये कर्मों के अनुसार वर्ण पाने से मैं भी अपने को वर्ण का कर्त्ता कह सकता हूं॥

४। १५ निष्काम कर्म करने वाले को कर्म फल भोग में स्वतन्त्रता होजाती है इस लिये श्रीकृष्ण अपने को निष्काम कर्म करने वाला समझ कर कहते हैं कि मुझ को कर्मों का बन्धन नहीं होता और जो लोग मुझ को पहचान सकते हैं अर्थात् समझ पाते हैं कि यह निष्काम कर्म करने वाला है तो वे लोग स्वयं भी निष्काम कर्म करने लगते हैं और इस लिये वे भी बन्धन को नहीं प्राप्त होते॥

४। १८-विचारवान् पुरुष निष्काम कर्म में भी विचार कर सकता है कि सचमुच निष्काम कर्म का भी वही परिणाम है जो कर्म के त्याग (अकर्म) का परिणाम है और वह यह भी समझ सकता है कि कर्म के त्याग का जो परिणाम है वही निष्काम कर्म करने से भी होसकता है। इस लिये योगयुक्त पुरुष निष्काम भाव से समस्त विहित कर्मों का अनुष्ठान करता रहता है॥

४। १९ ज्ञानाग्नि से कर्मों के दग्ध होजाने का तात्पर्य कर्माऽभाव नहीं है किन्तु कर्म का जन्म देने के लिये असमर्थ हो जाना है॥

४। २०-में निष्काम कर्म करने वाले को जो यह कहा है कि वह कर्म करता हुवा भी कुछ नहीं करता, इसका तात्पर्य भी यही है कि निष्काम कर्म करनेवाला कर्म करता हुवा भी वैसे ही मुक्ति को प्राप्त हो सकता है जैसा कि कर्म न करने वाला योगी, संन्यासी, ज्ञानी॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

५। ८ और ९ में जो कहा गया है कि देखना, सुनना, छूना, खाना, चलना, फिरना, सोना, श्वास लेना, बोलना, देना, लेना, आंख खोलना, मींचना; यह सब काम इन्द्रियों से होते हैं, केवल आत्मा से नहीं। इस लिये ज्ञानी को समझना चाहिये कि देहाध्यास और इन्द्रियाध्यास से रहित होकर मैं आत्मा भिन्न हूं और निर्लेप हूं॥

कामी और विषयलम्पट लोग ऐसे श्लोकों को देखकर प्रायः बकते हैं कि हम को इन्द्रियों और विषयों का लेप नहीं है, हम तो निर्लेप है, केवल इन्द्रियां इन्द्रियों० का काम करती हैं। ऐसा कहने वाले धूर्त भ्रष्टाचारी हैं। वे अपने को योगी और ज्ञानी तो तब कह सकते हैं जब कि इन्द्रियों और मन का विजय कर चुकें और इतने आत्मस्थ होजायें कि रूप को देख कर मोहित न हों, शब्द को सुन कर और स्वाद को चाट कर चटोरे न हों और धर्मानुकूल सब इन्द्रियोंके कामोंको करते हुए भी अधर्मसे इन्द्रियों को रोक सकें। परन्तु जब कि वे ऐसा नहीं कर सकते तब ऐसे लोग इस उच्च ज्ञान के अनधिकारी हैं॥

५। १९-में श्री कृष्ण ने ईश्वर को अपने से भिन्न अन्य पुरुष (Third Person) करके वर्णन किया है, जिस से पाया जाता है कि श्री कृष्ण अपने को ब्रह्म वा ब्रह्म का अवतार नहीं मानते थे। ऐसा न होता तो यहां भी अपने को ईश्वर (प्रभु) कहते और अस्मद् शब्द का प्रयोग तथा उत्तम पुरुष की क्रिया में बोलते। केवल यहीं नहीं किन्तु गीता में अन्य भी

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अनेक स्थलों पर श्रीकृष्णचन्द्र ने ईश्वर को अपने से भिन्न बताया है, जिस की सूचना उस उस स्थल पर मिलती जायगी ॥

५।२९ में श्रीकृष्णचन्द्र ने अपने को यज्ञ और तप के फल का भोगने वाला और सब लोगों से अधिक ऐश्वर्य वाला और प्राणिमात्र का मित्र कहा है और यह भी कहा है कि जो लोग मुझ को ऐसा जानते हैं वे शान्ति को प्राप्त होते हैं। इस से स्पष्ट है कि श्रीकृष्ण अपने को ईश्वर नहीं कहते बल्कि यज्ञ और तप के फलों का भोक्ता (जीव) जानते हैं। उपनिषदों में और वेदों में जीवों को भोक्ता और ईश्वर को अभोक्ता केवल साक्षी कहा है। जैसा कि-"तयोरेकः पिप्पलं स्वाद्वत्ति, अनश्नन्न्यो अभिचाकशीति" जिस का अर्थ यह है कि जीवात्मपरमात्मभेद से दो आत्मा हैं उन दोनों में से एक स्वाद मनाकर फल को भोगता है और दूसरा परमात्मा फल को न भोगता हुवा केवल साक्षी मात्र है। यह वचन ऋग्वेद, श्वेताश्वतर उपनिषद् तथा अन्य भी कई स्थानों में उपलब्ध है तथा गीता में भी इसी आशय का श्लोक आगे आवेगा! अब रही यह बात कि यदि श्रीकृष्ण अपने को ईश्वर नहीं समझते तो उन्हों ने क्यों कहा कि मुझ को जान कर शान्ति मिलती है। इस का उत्तर यह है कि भ्रम में पड़े हुवे अशान्तचित्त संसारी जनों को जबकभी ऐसे पुरुष मिलते हैं, जो पूर्व जन्मों में यज्ञ और तपकर आये हैं जिनका सामर्थ्य सर्वसाधा-

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

रण से अधिक है, जो सर्वसाधारण के हित करने वाले मित्र हैं जैसे कि श्रीकृष्ण; इनको सद्गुरु पाकर ही तो वास्तव में अशान्त पुरुषों को शान्ति मिलती है॥

६। १४ —में श्रीकृष्णने जो कहा है कि योगी मुझमें मन लगावे और मुझही में तत्पर हो। इस का तात्पर्य यह है कि श्रीकृष्ण स्वयं सिद्ध योगी थे और वह सिखलाते थे की योग सीखने वाले को मेरे जैसे हो जाना चाहिये और मेरे जैसा होने के लिये मुझमें चित्त लगाना और मुझमें तत्परहोजाना आवश्यक है। वास्तव में सच्चा शिष्य वही है जो सद्गुरु में मन लगाकर अपने आपे को अपने गुरु के समान बनाने का उद्योग करे॥

६। २९। ३०। ३१ श्लोकों में जो श्रीकृष्ण ने कहा है कि योगी को सर्वत्र मैं दीखता हूं और सब कुछ मुझमें दीखता है और मैं उस योगी के लिये कहीं नष्ट नहीं होता और न मेरी दृष्टि में वह योगी नष्ट होता है तथा जो सर्वत्र मेराही सेवन करता है वह योगी चाहे कहीं क्यों न रहे अर्थात मुझ से दूर भी क्यों न चला जावे तो भी मुझमें ही है अर्थात् मानो मेरे समीप ही है। इसका तात्पर्य यह है कि श्रीकृष्ण जी अर्जुन को अपना पूर्ण भक्त बनाना चाहते हैं क्योंकि भक्तिके विना कभी कोई किसी की आज्ञाकापूरा पालननहींकर सकता इसलिये योग शिक्षामें भी अर्जुन को अपना सखा और पूर्णभक्ती रखने वाला बनाने के लिये आवश्यक समझते हैं कि जो कोई योगी होना चाहे उसको एक ऐसे मित्र की आवश्यकता है जैसा कि तुम्हारा मित्र मैं हूं। तुम को चाहिये कि सब जगह मुझ को देखो अर्थात चाहे

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कहीं रहो पर ध्यान मुझ में रक्खो और सब को मुझ में देखो अर्थात् जहां मुझको पालिया वहां मानों सब कुछ पालिया। ऐसा करनेसे तुम चाहे कहीं रहो फिर भी मेरे समीप ही हो ऐसी दशामें तुम न मुझको भूलोगे और न मैं तुम को भूलूंगा अर्थात् श्रीकृष्ण भक्ति का योग सीखने वाले के लिये आदर्श पुरुष (Ideal Man) बतलाते हुए शिक्षा देते हैं कि जो मुझमें लीन होना चाहता है उसको जहां कहीं रहे वहां मुझमें ही ध्यान लगाये रहना चाहिये और मेरे अतिरिक्त संसार के किसी प्राणी वा किसी वस्तु पर प्रेम न रख कर सब कुछ मुझ में ही समझ लेना चाहिये अर्थात् मुझे देख लिया तो मानों सब कुछ देख लिया। यह एक अटल भक्ति उत्पन्न करने की रीति है जो प्रत्येक शिष्य के लिये गुरु में रखनी आवश्यक है ऐसा शिष्य जो गुरुमें अनन्यभक्ति रखता है, गुरु के से सब काम करने लगता है तब फिर गुरु की बड़ाई और अपनी छोटाई तक को भूल जाता है और अपने को शिष्यके बदले एक मित्र सा जानता है॥

७। ७-श्लोक से १२ पर्यन्त श्री कृष्ण ने जो कहा कि जल में रस, सूर्य और चन्द्रमा में प्रकाश, वेदों में ओंकार इत्यादि सब पदार्थों में मुख्यशक्ति मैं हूं और प्राणी मात्र में जीवन मेरे ही आश्रय है तथा बुद्धिमानों की बुद्धि, तेजस्वियों का तेज, बलवानों का बल, राजस और तामस भावों का अधिष्ठाता मैं ही हूं। इस का तात्पर्य यह है कि सब कुछ अहङ्कारयुक्त आत्मा ही से भासता है। यदि अहङ्कारयुक्त आत्मा न हो तो जल

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

में रस की पहचान नहीं हो सकती, सूर्य और चन्द्रमा के प्रकाश का ज्ञान नहीं होसकता वेदों में ओंकार की मुख्यता भी नहीं समझी जाती, आकाश के शब्दगुण का कोई अनुभव नहीं कर सकता, विना अहङ्कारयुक्त आत्मा के पुरुषों में पुरुषार्थ नहीं रहता, विना आत्मा के शरीर ऐसा ही निरर्थक है जैसे विना गन्ध के पृथिवी, विना तेज के अग्नि, विना जीवन के प्राणी और विना तप के तपस्वी। दशवें श्लोक में इस भाव को बहुत स्पष्ट कर दिया है कि सब भूतों का बीज मैं हूं। याद रहे कि "मैं" कहने से श्रीकृष्ण का तात्पर्य केवल आत्मा से नहीं है वल्कि जीवात्मा मात्र से तात्पर्य है क्योंकि हम स्पष्ट देखते हैं कि जिन पुरुषों के वीर्य और स्त्रियों के शोणित से अथवा जिस पृथिवी में से और जिन बीजों में से यह विचित्र चराचर सृष्टि उत्पन्न होती है वे समस्त चराचर तब तक देह धारण नहीं कर सकते जब तक कि अहङ्कारयुक्त आत्मा उन में जाकर न बसे। विचार कर देखिये कि एक पुरुष और एक स्त्री के देह में जितना वीर्य और शोणित है वह अनेक सन्तानों के उत्पन्न करने का साधन है परन्तु एक भी गर्भ स्थापित और वर्धित और पालित नहीं होसक्ता जब तक कि अहङ्कारयुक्त आत्मा, जिस को श्री कृष्ण "मैं" करके कहते हैं, किसी गर्भ में जाकर वास न करे। इस से स्पष्ट है कि जितने भाव हैं सब किसी न किसी अहङ्कारयुक्त आत्मा के सहारे हैं। जिस प्रकार विना आत्मा के युवा से युवा और पुष्ट से पुष्ट और बढ़के से बढ़के मल्ल लोगों के

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

शरीर उसी क्षण सड़ने लग जाते हैं। पुरुषों में पुरुषार्थ नहीं रहता, किसी प्राणी में जीवन नहीं रहता, बुद्धिमानों में शरीरस्थ बुद्धितत्त्व रहते हुए भी बुद्धि नहीं रहती, तेजस्वियों का तेज नष्ट होजाता है, बड़े २ तेजस्वी जिन के तेज के सामने साधारण पुरुषों को खड़ा होना और बात करना कठिन होता है, उन के भी चमकते और दमकते मुखड़े इस अहङ्कारयुक्त आत्मा के निकल जाने पर कैसे निस्सार, निस्तेज और डरावने तथा घिनौने हो जाते हैं। इस का अनुभव उस हरएक पुरुष को हो सक्ता है जिसने किसी अपने बन्धु को मरते समय और उस के पश्चात् देखा है। इसलिये श्रीकृष्ण का कहना ठीक है कि जो कुछ हूं सो मैं (अहङ्कारयुक्त आत्मा) ही हूं, जहां मैं निकला कि सब निस्सार है। श्रीकृष्ण ने यह भी कहा है कि सूर्य और चन्द्रमा का प्रकाश भी मैं ही हूं अर्थात् सूर्य में तथा चन्द्रमा में जिस दिन अहङ्कारयुक्त आत्मा न रहेगा, उस दिन सूर्य मरजायगा और चन्द्रमा मरजायगा और सूर्य चन्द्रादि के आश्रय रहने वाले चराचर जगत् का प्रलय होजायगा। जिस दिन पृथिवी में से पृथिवी का अहङ्कारयुक्त आत्मा निकल जायगा, उस दिन पृथिवी का पवित्र गन्ध नष्ट होजायगा। वे शरीर, जो तेजोमय हैं, उनमें से जब "मैं" निकल जायगा तब उन का तेज नष्ट होजायगा। सब प्राणियों में से जब मैं निकल जायगा तब कोई प्राणी जीवित नहीं रहेगा। बुद्धिमानों में बुद्धि नहीं रहेगी, बलवानों में

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

बल, तेजस्वियों में तेज, धर्मात्माओं में धर्म और पापियों में पाप, कहां तक कहें किसी में कुछ नहीं रहेगा। इस लिये श्रीकृष्ण कहते हैं कि "मैं" से सब कुछ है, पर "मैं" किसी से नहीं। देखो श्लोक १२॥

अध्याय ७-श्लोक १३ वें से ३० वें तक जहाँ अध्याय की समाप्ति है "मैं" का माहात्म्य कहा है। सब से पहले यह कहा है कि प्रकृति के तीन गुणों से सारा सारा जगत् मोहित होरहा है, जो देहात्मवाद के वशीभूत होकर "मैं" को नहीं जानता, जो "मैं" कि इन तीनों गुणों से सूक्ष्म और अविनाशी है। फिर यह कहा है कि यह त्रिगुण मयी माया सब "मैं" की माया है। जब मैं नहीं तो कुछ नहीं। जो "मैं" को पहचानते हैं अर्थात् शरीर से आत्मा को भिन्न समझ लेते हैं वे इस माया मोह को तर जाते हैं अर्थात् शरीर और संसार के समस्त ऐश्वर्य और समस्त बन्धु बान्धवों का नाश होने पर भी नहीं घबराते। श्रीकृष्ण का तात्पर्य अर्जुन के प्रति कहने का यह है कि तुम को इस माया मोह से निकल जाना चाहिये कि मुझे इस संग्राम में अपने बन्धु बान्धवों का वध करना पड़ता है। फिर श्रीकृष्ण ने कहा है कि जिन लोगों का ज्ञान इस माया (प्रकृति) के लुभावने चित्रों ने छीन लिया है और जो असुर भाव को प्राप्त हो गये हैं वे पापी अधम मनुष्य "मै" को नहीं पा सकते। फिर कहा है कि चार प्रकार के मनुष्य "मैं" की खोज करते हैं (देखो श्लोक १६) जिन में से ज्ञानी

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सब से उत्तम है। ज्ञानी "मैं" से प्यार करता है और "मैं" ज्ञानी से प्यार करता है। ज्ञानी "मैं" को प्राप्त होजाता है अर्थात् शरीर से अतिरिक्त अहङ्कार-युक्त आत्मा को पहचान लेता है परन्तु इन्द्रियाराम विषयी लोग (देखो श्लोक २०) अन्य देवतों अर्थात् आत्मा को छोड़ कर इन्द्रियों की पूजा करते हैं अर्थात् उस २ इन्द्रिय को उस २ का भोग लगाते हैं, अपनी आंख को खूब सूरती के देखने में फंसा हैं, जीभ को नित्य नये स्वाद के चखने में ललचाते हैं, इसी प्रकार अन्य इन्द्रियों के विषय में समझो। ऐसे लोग जीवात्मा के (मैं के) स्वरूप और माहात्म्य को नहीं जानते परन्तु श्रीकृष्ण श्लोक २१ और २२ में कहते हैं कि इन्द्रियों के भोगों को एकाएक त्याग देने की भी आवश्यकता नहीं है किन्तु जो मैं का भक्त अर्थात् अहङ्कारयुक्त आत्मा का ज्ञानी होकर श्रद्धा से जिस किसी इन्द्रिय की भी पूजा करता है अर्थात् जिस २ कामना से जिस २ इन्द्रिय को धर्म की मर्यादा के अनुसार भोग भुगवाता है उस की उस अचल श्रद्धा को "मैं" पूरी करता है परन्तु (देखो श्लोक २३) श्रीकृष्ण बताते हैं कि इन्द्रियों (देवतों) के पूजने का फल नाशवान् है अर्थात् धर्मानुसार भी इन्द्रियों से काम लिया जाय तो भी इन्द्रियों के भोग से उत्पन्न हुवा सुख (फल) विनाशी है, वह मोक्ष के समान अखण्ड, अचल और दीर्घकालीन नहीं है। श्लोक २३ में कहा है कि इन्द्रियों के पूजक इन्द्रियों को प्राप्त होते हैं अर्थात् फिर२ देह धारण करते है और "मैं" के भक्त "मैं"

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

को प्राप्त होते हैं अर्थात् केवल अपने स्वरूप से वर्तमान मुक्ति का सुख भोगते हैं। २५ वें श्लोक में कहा है कि मूर्ख लोग ऐसा समझते हैं कि अव्यक्त व्यक्त होगया है अर्थात् प्रकृति ही चेतन होगई है। प्रकृतिसे भिन्न जीवात्मा कोई नहीं है, परन्तु वे मूढ़ यह नहीं जानते कि "मैं" अविनाशी है और प्राकृत शरीर नाशवान् है। श्लोक २६ वें में कहा है कि "मैं" सबको जानता है और "मैं" को कोई नहीं जानता अर्थात् चेतनता वा ज्ञान केवल "मैं" में है, अन्य सब जड़ पदार्थ हैं। श्लोक २९ वें में कहा है कि जो लोग जन्म मरण से छूट कर मोक्ष को प्राप्त करना चाहते हैं और "मैं" का आश्रय लेते हैं अर्थात देह से अपने जीवात्मा के स्वरूप को भिन्न साक्षात् कर लेते हैं वे ही ब्रह्म को भी समझते हैं और सब आध्यात्मिक ज्ञान तथा कर्म को प्राप्त होजाते हैं। जो जीवात्मा के स्वरूप को नहीं समझता वह ब्रह्म के स्वरूप को नहीं समझ सकता अर्थात् जैसे एक देह का आत्मा जीवात्मा है, वैसे इन असंख्य ब्रह्माण्डों का आत्मा परमात्मा है। इसलिये जीवात्माके दृष्टान्त से परमात्मा का ज्ञान होता है। अन्त में ३० वें श्लोक में श्रीकृष्ण ने कहा है कि जो मरते दम भी आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक यज्ञ (विचित्र रचना) को "मैं" का माहात्म्य समझ लेते हैं, वे वास्तविक आत्मा को (मैं को) जान लेते हैं॥

अध्याय ८ श्लोक ९। १०। ११ न तो उस छन्द में हैं जिस अनुष्टुप्छन्द में कि प्रायः समस्त गीता है और

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

न ८वें श्लोक में कहे हुए विषय को इन तीनों श्लोकों में दोहराने की आवश्यकता है, इस लिये हमको ऐसा प्रतीत होता है कि बीच में किसी गीता के अनुरागी भक्त ने स्वयम् रचना करके बढ़ा दिये हैं ॥

अध्याय ८ श्लोक १४ । १५ । १६ में श्री कृष्णचन्द्र कहते हैं कि अनन्य भक्त नित्याभ्यासी योगी का मुझ से मिलना सुलभ है अर्थात ऐसा योगी उस मोक्ष को सुगमता से प्राप्त हो जाता है जिस जीवन्मुक्ति को मैं प्राप्त हूं तथा जो लोग मेरे समीप पहुंच जाते हैं अर्थात मेरे समान जीवन्मुक्ति को प्राप्त होजाते हैं वे पुनर्जन्म (नित्य २ जन्म मरण) के दुःख से छूट जाते हैं ॥

ब्रह्मलोक की व्याख्या

ब्रह्मलोक का वर्णन न केवल गीता के इसी श्लोक में है किन्तु गीता के अन्य भी अनेक स्थलों में है तथा ब्रह्मलोक शब्द न केवल गीता ही में आया है किन्तु अनेक उपनिषदों में भी अनेक स्थलों पर आया है और यह शब्द बहुत प्राचीन है इस लिये इसको अवैदिक नहीं कह सकते। अब प्रश्न यह है कि क्या ब्रह्मलोक कोई ब्रह्म का स्थान विशेष है अथवा ब्रह्मलोक ब्रह्म ही का नाम है क्योंकि ब्रह्म सर्वव्यापक होने से ब्रह्मका कोई स्थान विशेष नहीं होसकता किन्तु सब ही लोक ब्रह्म के लोक हैं। यदि स्वस्वामिभाव सम्बन्ध से देखें तो भी ब्रह्म सब लोकों का स्वामी है क्योंकि सब लोक उस ही ने रचे हैं तब किसी एक लोक को ब्रह्मलोक नहीं कह सकते और यदि ब्रह्मलोक का अर्थ

Funding by IKS MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ब्रह्मस्वरूप ही करें तो इस श्लोक का कथन कि "ब्रह्म लोक पर्यन्त सब लोक नाशवान् हैं" ठीक नहीं प्रतीत होता क्योंकि ब्रह्म का स्वरूप (सत्ता) Existance नाशवान् नहीं है, तब हमारी समझ में ब्रह्मलोक का अर्थ बड़ा लोक है, जो हमारी पृथिवी और अन्य सब लोक लोकान्तरों से बड़ा होने के कारण सूर्य लोक का नाम ब्रह्मलोक है परन्तु जहां २ ब्रह्मलोक शब्द का प्रयोग आता है वहां कुछ ऐसा प्रतीत होता है कि सूर्यलोक से भिन्न कोई ब्रह्मलोक है । वर्त्तमान नवीन साइन्स भी कभी २ ऐसा सङ्केत करती है कि जिस प्रकार हमारी पृथिवी अपने से कई लाख गुना बड़े इस सूर्यलोक के आकर्षण से आकर्षित है, कदाचित यह सूर्यलोक भी हमारी पृथिवी के समान अपने से अत्यन्त बड़े किसी अन्य लोक के आकर्षण से आकर्षित है, जिस तक हमारी दृष्टि नहीं पहुंचती और हमारा ज्ञान भी पूर्णरीति से नहीं पहुंचता। यदि यह अनुमान सत्य हो तो यह सूर्यलोक जिस को हम एक स्थानमें स्थिर समझते हैं और केवल अपनी ही परिधि में घूमता है ऐसा समझते हैं, आश्चर्य नहीं कि यह सूर्य अपने अधीन पृथिवी आदि लोकों सहित अपने से बहुत बड़े उस अन्य सूर्य के चारों ओर घूमता हो और इस के घूमने को ऐसे ही न जान पाये हों जैसे कि मूर्ख लोग अपनी पृथिवी को घूमता हुवा नहीं जानते । कदाचित् ब्रह्मभुवन या ब्रह्मलोक शब्द से उसी सब से बड़े लोक का तात्पर्य हो । तब भी इस

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

श्लोक का अर्थ ठीक बन जाता है क्योंकि प्रलयकाल में इस सूर्य से तथा अन्य लोक लोकान्तरों से और सब से बड़े उस ब्रह्मलोक का भी प्रलय ही हो जाता है और उत्पत्ति काल में फिर से उत्पत्ति होती है तब यह कहना ठीक ही हुवा कि ब्रह्मलोक पर्यन्त, जो सब से बड़ा है, सारे लोक नियत समय पर उत्पन्न और नष्ट होने वाले हैं, इस लिये सब फिर २ जन्मने मरने वाले हैं, परन्तु मुक्त पुरुष जो श्री कृष्णचन्द्र के समान उन ऐसे पद को प्राप्त हो गया है वह किसी लोक विशेष में, चाहे वह सब से बड़ा ब्रह्मलोक हो, तौ भी उस में बद्ध नहीं है, जिससे उस लोक के प्रलय के साथ मुक्त पुरुष को मरना पड़े किन्तु मुक्त पुरुष तो महा-कल्प के पश्चात कभी जन्म पावेंगे। महाकल्प की वर्ष संख्या इसप्रकार है कि "४३२०००० वर्षों की एकचतुर्युगी ६००० चतुर्युगियों का एक अहोरात्र, इसको एक दिन रात मान कर ऐसे ३० अहोरात्रों का एक महीना, फिर ऐसे १२ महीनों का एक वर्ष, और फिर ऐसे १०० वर्षों का महाकल्प वा परान्तकाल होता है अर्थात् ३६००० वार ब्रह्मलोक के साथ सब लोकों का प्रलय हो चुके तब तक भी मुक्तपुरुष पुनर्जन्म को प्राप्त नहीं होता। इसी गति को श्री कृष्णचन्द्र, जो जीवन्मुक्त है, अपनी गति समझ कर कहते हैं कि मेरे समीप आकर अर्थात् मेरी सी गति (मुक्ति) को पाकर पुनर्जन्म नहीं होता॥

अध्याय ८ श्लोक २१ में मुक्ति को अपना धाम बताकर अगले श्लोक २२ में मुक्तिदाता परम पुरुष पर-

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

माहमा को अपने से भिन्न कैसे स्पष्ट बताया है, जिस से यह लेशमात्र भी सन्देह नहीं रहता कि श्रीकृष्ण जी अपने को परमात्मा कहते मानते समझते हों ॥

अध्याय ९ श्लोक ३ में श्रीकृष्ण का यह कथन कि जो लोग मेरे बताये मार्ग पर श्रद्धा नहीं करते वे मुझ को नहीं पाते और जन्म मरण के चक्र में लौटपौट होते रहते हैं। इस का आशय स्पष्ट यही है कि ज्ञानी उपदेशक के उपदेश पर जो लोग श्रद्धा नहीं करते वे उपदेशक को और उस की पदवी को नहीं पहुंचते और इस लिये ज्ञान के अभाव से मुक्ति को नहीं पा-सकते किन्तु संसार में ही जन्म मरण के धक्के खाते रहते हैं ॥

अध्याय ९ श्लोक ४ का आशय यह है कि सब देह धारियों के देह आत्मा के आश्रय हैं परन्तु आत्मा किसी के आश्रय नहीं, आत्मा सूक्ष्मस्वरूप है और पसारा आत्मा ने फैलाया है ॥

१० । २१—शतपथ ब्राह्मण में ३३ देवतों की गणना के प्रकरण में १२ आदित्य ये गिनाये हैं कि—

कतम आदित्या इति । द्वादशमासाः संवत्सर-स्यैत आदित्याः, एते हीदꣳ सर्वमाददाना यन्ति यद्यदिदꣳ सर्वमाददाना यन्ति तस्मादादित्या इति शतपथ कांड १४ प्रपाठक ६ कंडिका ६

अर्थ यह है कि क्योंकि सब को ग्रहण करते हुवे जाते हैं इस कारण वर्ष के १२ मासों का नाम आदि-

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

त्य है। इन में "विष्णु" का नाम नहीं आता। अतः गीता का यह कथन इस शतपथ के अनुकूल ठीक नहीं इसी प्रकार अश्विनी, भरणी आदि २८ नक्षत्रों में जो अथर्ववेद में भी कहे हैं। यथा—

सुहवमग्ने, (१) कृत्तिका, (२) रोहिणी चास्तु भद्रं, (३) मृगशिरः शं, (४) माऽऽर्द्रा, (५) पुनर्वसू सूनृता चारु (६) पुष्यो भानुरा (७) ऽऽश्लेषा अयनं (८) मघा मे ॥ २ ॥ पुण्यं, (९–१०) पूर्वाफल्गुन्यौ चात्र, (११) हस्त, (१२) श्चित्रा शिवा, (१३) स्वातिः सुखो मे अस्तु। राधे, (१४) विशाखे सुहवा, (१५) ऽनुराधा, (१६) ज्येष्ठा सुनक्षत्रमरिष्ट, (१७) मूलम् ॥ ३ ॥ अन्नं पूर्वा रासतां मे, (१८) अषाढा ऊर्जं देव्यु, (१९) त्तराऽऽवहन्तु, (२०) अभिजिन्मे रासतां पुण्यमेव, (२१) श्रवणः, (२२) श्रविष्ठाः कुर्वतां सुपुष्टिम् ॥ ४ ॥ आ मे महः, (२३) च्छतभिषग्वरीय आ मे द्वया, (२४-२५) प्रोष्ठपदा सुशर्म ॥ आ (२६) रेवती, (२७) चाऽश्वयुजौ भगं म आ मे रयिं, (२८) भरण्य आवहन्तु ॥ ५ ॥ अथर्व १९ ; १ । ७ ॥

इस प्रकार २८ नक्षत्रों के नाम लेकर फिर उन की संख्या अट्ठाईस शब्द से भी स्पष्ट कही है। यथा—

अष्टाविंशानि शिवानि शग्मानि सह योगं भजन्तु मे ॥ अथर्व १९ । १ । ८ । २ ॥

समस्त ज्योतिषशास्त्र में भी २८ नक्षत्रों में चन्द्रमा नहीं गिनाया गया ॥

१० । १२ इन्द्रियों में मन को गणना [illegible]

Bharatiya ... Sri Sankar...

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE